# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 13 जून 2025 शुक्रवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 27 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1721 : इंग्लैंड ने मैड्रिड के साथ संधिपत्र पर हस्ताक्षर किया।

1879 : क्रांतिकारी गणेश दामोदर सावरकर का जन्म हुआ।

1956 : 72 वर्षों तक अपने नियंत्रण में रखने के बाद ब्रिटेन ने स्वेज नहर का नियंत्रण मिस्र को सौंपा।

1995 : फ्रांस ने घोषणा की कि वे दक्षिण प्रशांत में आठ और परमाणु परीक्षण करेगा।

2006 : नाइजीरिया और कैमरून ने सीमा विवाद पर समझौता किया।

# विमान हादसे में 241 लोगों की मौत

## गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में हुआ हादसा | घटना में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। एयर इंडिया का विमान एआई 171 लंदन जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टेकऑफ के चंद मिनट में ही विमान नीचे गिरने लगा और कुछ ही समय में आग के बड़े गोले में तब्दील हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी 241 लोगों की मौत हो गई है जबकि चमत्कारिक रूप से एक यात्री के बचने की खबर है। फिलहाल उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनका नाम रमेश विश्वस कुमार बताया जा रहा है। वे 11इ सीट पर सफर कर रहे थे। यह जानकारी अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने दी है। इस विमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी के अलावा कार्गो मोटर्स के मुखिया प्रमुख नंदा और लुबी के निदेशक सुभाष अमीन भी मौजूद थे। विमान में 242 पैसेंजर सवार थे। इनमें 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। हादसे की जगह से अब तक 100 शव मिलने की खबर है। ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद



ही संभव होगी। स्वास्थ्य प्रमुख सचिव धनंजय द्विवेदी के अनुसार अहमदाबाद सिविल अस्पताल ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों के परिजनों की पहचान के लिए उनके डीएनए सैंपल लेने की व्यवस्था की है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के कसोटी भवन में डीएनए सैंपल देने की व्यवस्था की गई है। लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ मिनटों के भीतर विमान बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में गिर गया। विमान का एक हिस्सा इंटर्न डॉक्टरों का हॉस्टल के मेस में घुस गया। इससे 5 मेडिकल स्टूडेंट की मौत की खबर है। मृतकों में चार अंडर ग्रैजुएट स्टूडेंट्स और एक पीजी रेजिडेंट डॉक्टर हैं। विमान हादसे पर दुख जताते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने ट्वीट किया, 'लंदन जाने वाले विमान, जिसमें कई ब्रिटिश नागरिक सवार थे, अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हादसे के दृश्य विनाशकारी हैं। मुझे इस मामले से जुड़ी हर जानकारी दी जा रही है। मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं।' वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा है कि अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा अत्यंत दुःखद और हृदय विदारक है। एयर इंडिया के विमान हादसे की इस खबर से मैं अत्यंत मर्माहत हूं। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित परिवारों के साथ हैं। इधर, अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर टाटा समूह ने प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। समूह ने कहा है कि हम घायलों के चिकित्सा व्यय को भी वहन करेंगे। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा है कि सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके अतिरिक्त हम बी.जे. मेडिकल के छात्रावास के निर्माण में सहायता प्रदान करेंगे। बता दें कि इस विमान को उड़ाने वाले पायलट और को-पायलट दोनों को काफी ज्यादा अनुभव है। विमान को कैप्टन सुमित सभरवाल उड़ा रहे थे। वह लाइन ट्रेनिंग कैप्टन हैं और उन्हें 8,200 घंटे उड़ान का अनुभव है। कैप्टन की सहायता करनेवाले फर्स्ट ऑफिसर (को-पायलट) क्लाइव कुंदर को 1,100 घंटे उड़ान का अनुभव था। विमान में 230 यात्री और दो पायलटों सहित 12 चालक दल के सदस्य सवार थे।

# नीतीश के नेतृत्व में एनडीए लड़ेगा चुनाव : जेपी नड्डा

- नीतीश का जनाधार अभी भी कायम, एनडीए को मिलेगी जीत
- बिहार चुनाव को लेकर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की कई टिप्पणियां
- बिहार चुनाव के पहले पार्टी चुन लेगी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** बिहार में नीतीश कुमार का जनाधार अभी भी कायम है और मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग उनके ऊपर आस्था रखता है। एनडीए बिहार विधान सभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगा। यह बात बिहार चुनाव के संदर्भ में देश के चुनिंदा संपादकों के साथ नई दिल्ली में बातचीत करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को कही। वे मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भारत मंडपम के समिट सभागार में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में चुनिंदा संपादकों से बातें कर रहे थे। इस दौरान नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर ने उनसे बिहार चुनाव के बारे में पार्टी की तैयारी, एनडीए गठबंधन और भाजपा की रणनीति पर चर्चा की। इस चर्चा का जवाब देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि बिहार में एनडीए पूरी तरह एकजुट है और नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही यह लड़ाई लड़ी जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार अभी भी बिहार में काफी लोकप्रिय हैं। नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए जो काम किया है उसे जनता काफी पसंद करती है। उन्होंने चिराग पासवान के बारे में कहा कि वह एनडीए के साथ हैं। बिहार में नेतृत्व संबंधी चर्चा पर श्री नड्डा ने कहा कि चुनाव आता है तो बहुत से नए नेता उत्पन्न हो जाते हैं, यह सामान्य बात है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव तक काफी हद तक जातीय समीकरणों पर उतर आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली बार कुछ सीटों पर करीबी लड़ाई थी जिसकी वजह से पार्टी इस बार ज्यादा सतर्क है। यह सवाल किए जाने पर कि क्या बिहार का चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा जाएगा, उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया कि नहीं उनका कार्यकाल खत्म हो चुका है और बिहार के चुनाव तक कोई नया अध्यक्ष आ जाएगा। बिहार को विशेष पैकेज के सवाल पर श्री नड्डा ने कहा कि बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार निरंतर पैसे दे रही है और तमाम तरह की योजनाओं के लिए लगातार राशि उपलब्ध कराई गई है।

# नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास योजनाओं को उतारा धरातल पर : रघुवर दास

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने केंद्र सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल को बताया स्वर्णिम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** केंद्र सरकार के 11 वर्षों पूरा होने पर झारखंड भाजपा जिला स्तर पर कार्यक्रम कर रही है। जिसमें पार्टी के आला नेता प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र के कार्यकाल की जानकारी जनता के साथ साझा कर रहे हैं। इसी कड़ी में हजारीबाग में भी भाजपा नेता रघुवर दास के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओडिशा के पूर्व राज्यपाल व भाजपा नेता रघुवर दास ने नरेंद्र मोदी सरकार के विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा के 11 साल बेमिसाल हैं। सभी क्षेत्रों में मोदी सरकार ने विकास के कार्य किए हैं। चाहे वह सुरक्षा हो या फिर खेती हर क्षेत्र में मोदी की योजना धरातल पर उतरी है। इसका यही परिणाम है कि देश विकासशील देश के गिनती में अगले पैदान में है। रघुवर दास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झारखंड की




जनता की ओर से 11 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार के विकास कार्य का लेखा-जोखा रखना स्वर्णिम अवसर है। केंद्र सरकार की योजना से दैनिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। एक नया युग का आरंभ हुआ है जिसमें सपनों को पंख दिए हैं बल्कि उन सपनों को भी पूरा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। मोदी सरकार की हर योजना के केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है। डबल इंजन की सरकार ने 11 वर्षों में पांच मेडिकल कॉलेज झारखंड को दिया। जिसमें एक हजारीबाग मेडिकल कॉलेज शामिल है। तीन मेडिकल कॉलेज बनकर पूरा हो चुका है। कोडरमा और चाईबासा में सरकार के लालफीताशाही के कारण मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाया। सभी मेडिकल कॉलेज में 500 बेड का अस्पताल तैयार किया जा रहा है।

# शिमला में गूंजा जय पलामू, जोहार झारखंड

## राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में पलामू ने जीते सात पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिमला।** ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा शिमला में आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में पलामू की नाट्य संस्था मासूम आर्ट ग्रुप ने प्रथम पुरस्कार सहित कुल 7 पुरस्कार जीतकर झारखंड का परचम लहरा दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में जब-जब पुरस्कारों की घोषणा हुई, तब-तब पूरा हॉल जय पलामू, जोहर झारखंड के नारे से गूंज उठा। मासूम को ग्रुप स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार तथा व्यक्तिगत स्पर्धा में पुरस्कार मिले। मासूम आर्ट ग्रुप के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संस्था के कलाकार शिमला गये थे, जहां उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी। शिमला के गेटी थियेटर में नाटक का मंचन हुआ। काली बाड़ी हॉल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसडी के वरीय रंगकर्मी सह टीवी व सिने स्टार रोहिताश्व गौड़, एनएसडी के अरविंद गौर, श्रीश डोवाल सहित कई लोग मौजदू थे। विनोद कुमार पांडेय ने बताया की राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 27 दलों ने भाग लिया। इसमें झारखंड की ओर से पलामू के मासूम आर्ट ग्रुप ने सैकत चटर्जी के




निर्देशन में मनोज मित्रा के नाटक 'संध्या तारा' का मंचन किया। निर्णयक मंडली ने 'संध्या तारा' नाटक को प्रतियोगिता में श्रेष्ठ नाटक का प्रथम पुरस्कार दिया। द्वितीय पुरस्कार पंजाब की टीम को मिला। प्रतियोगिता में बंगाल, मुंबई, हरियाणा, दिल्ली, कानपुर, गुजरात, असम जैसे राज्यों से भी कला दलों ने भाग लिया। मासूम की ओर से प्रस्तुत नाटक 'संध्या तारा' के निर्देशन के लिए सैकत चटर्जी को बेस्ट डायरेक्टर का प्रथम पुरस्कार मिला। नाटक में ताराशंकर की भूमिका में उत्कृष्ट अभिनय के लिए सैकत चटर्जी को बेस्ट एक्टर का भी पुरस्कार मिला। इसी नाटक में संध्यालता की भूमिका के लिए मुनमुन चक्रवर्ती को बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार मिला। कामरूप सिन्हा को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का, कनक लता तिर्की को बेस्ट निगेटिव एक्ट्रेस का और विनय चौहान को बेस्ट लाइटिंग का पुरस्कार मिला। इस तरह से मासूम ने झारखंड के लिए कुल 7 पुरस्कार जीते। इस नाटक के अन्य कलाकारों में अमर कुमार भांजा, अविनाश तिवारी, संध्या शेखर, शहजादा तालिब, गुलशन मिश्रा, रुद्र प्रताप सिंह बाबू, आसना भेंगरा व अन्य शामिल थे।

# झारखंड में कोरोना के 12 एक्टिव केस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** देश के अलग-अलग हिस्सों में तेजी से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। झारखंड में भी 25 मई को रांची में कोविड-19 का पहला कन्फर्म केस मिलने के बाद से अब तक कुल 25 कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान हो चुकी है, जिसमें सबसे अधिक 23 संक्रमित रांची के हैं। धनबाद और जमशेदपुर (ईस्ट सिंहभूम) से एक-एक कोरोना संक्रमित मरीज मिलने की पुष्टि हुई है। झारखंड के इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम के स्टेट नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण कर्ण ने बताया कि 2025 में कोरोना से एक व्यक्ति की मौत हुई है। वहीं, 12 लोग कोरोना संक्रमण से मुक्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में कोरोना संक्रमण के 12 एक्टिव मामले हैं। उन्होंने कहा कि पहले से ही स्वास्थ्य मुख्यालय से सभी जिलों के डीसी और सिविल सर्जन को भेजे गए दिशा निर्देश का गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है। रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक और झासा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ बिमलेश सिंह ने कहा कि अभी राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति भले ही अलार्मिंग नहीं है, लेकिन हमें संक्रमण की रोकथाम के लिए चौकस और गंभीर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आइसोलेशन वार्ड में सभी जरूरी सुविधाओं के साथ 30 बेड रिजर्व रखा गया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी तरह की जरूरी दवाईयां और ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ तैयारियों को लेकर डेमो भी कर



लिया गया है। राज्य और खासकर राजधानी रांची में तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामले पर चिंता जताते हुए डॉ. अखिलेश झा ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी सबसे ज्यादा जरूरी है कि हम इसके संक्रमण को न बढ़ने दें। इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस और अन्य लक्षण उभरने पर खुद को आइसोलेट कर लें। ज्यादा तबीयत खराब होने पर बिना समय गंवाए नजदीकी अस्पताल में जाकर डॉक्टर्स की सलाह लें। उन्होंने राजधानी में मिले सबसे अधिक कोरोना संक्रमितों की संख्या को देखते हुए सलाह दी कि ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाके में जरूरी न हो तो नहीं जाएं। अगर जाना है तो मास्क जरूर पहनें और अपने हाथों को सेनेटाइज करते रहें। अस्पताल जाते समय मास्क जरूर पहने।

# राजद में सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल में इन दिनों सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। झारखंड राजद राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप और सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारी कलामुद्दीन खान की देख-रेख में पार्टी संगठन के निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया चल रही है। झारखंड राजद सांगठनिक चुनाव 2025 के लिए राज्य सहायक निर्वाचन पदाधिकारी और प्रदेश महासचिव कलामुद्दीन खान ने बताया कि राजनीतिक दलों को हर तीन साल पर पार्टी संगठन के अंदर चुनाव कराकर निर्वाचन आयोग को इसकी जानकारी देनी होती है। राष्ट्रीय जनता दल का भी वर्ष 2025-28 के लिए कार्यकारिणी का चुनाव होना है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है। उससे पहले राज्य इकाई में चुनावी प्रक्रिया पूरी कर लेनी है। कलामुद्दीन खान ने बताया कि राज्य के 24 में से 21 जिलों में, जिला अध्यक्ष और जिला इकाई का चुनाव हो गया है। पंचायत और प्रखंड स्तर पर भी चुनाव हो गया है। अब 21 जून को प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। उससे पहले नामांकन, स्क्रूटनी, नाम वापस लेने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड राज्य के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी कलामुद्दीन खान ने बताया कि राज्य के तीन जिले जामताड़ा, गिरिडीह और लोहरदगा में विवाद की वजह से पार्टी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी चुनाव नहीं करा पाए, ऐसे में अब प्रदेश स्तर पर

**21 जून को प्रदेश अध्यक्ष के लिए होगी चुनाव**

विवाद समाप्त कराकर राज्य निर्वाचन पदाधिकारी इन तीनों जिलों में जिला अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। झारखंड राजद के सांगठनिक चुनाव संपन्न कराने के लिए सहायक चुनाव अधिकारी बनाये गए कलामुद्दीन खान ने कहा कि पार्टी संविधान के अनुसार अगर प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए एक से अधिक नामांकन हुए तो नए अध्यक्ष का चुनाव वोटिंग से होगा। ऐसे में झारखंड राज्य के सभी 24 जिलों के जिलाध्यक्ष और हर विधानसभा क्षेत्र से 01-01 राज्य परिषद सदस्य नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए मतदान करते हैं।

# स्कॉर्पियो ने तीन पुलिसकर्मियों को रौंदा, महिला सिपाही की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने वाहन जांच कर रहे तीन पुलिसकर्मियों को रौंद दिया। इसमें एक महिला सिपाही की मौत हो गई। वहीं एक दारोगा और एएसआई की हालत गंभीर है। घटना एसकेपुरी थाना क्षेत्र स्थित अटल पथ पर हुई। इस हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते पटना एसएसपी आसपास के थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने महिला सिपाही को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि एसके पुरी थाने की पुलिस अटल पथ पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान स्कॉर्पियो गाड़ी ने चालक ने वाहन जांच कर रहे पुलिसकर्मियों पर ही गाड़ी चढ़ा दी।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# शहरों में 7 तो गांवों में 15 दिनों के भीतर मिलेगा बिजली कनेक्शन, कंपनियों पर लगेगा जुर्माना



**पटना, एजेंसी।** बिहार के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। बिजली कंपनी अब कनेक्शन देने में मनमानी नहीं कर सकेगी। वितरण कंपनियों को महानगर में तीन दिन, नगर निगम क्षेत्र में सात दिन तो ग्रामीण इलाकों में अधिकतम 15 दिनों के भीतर बिजली कनेक्शन देना होगा। ऐसा नहीं होने पर बिजली कंपनियां डिफॉल्टर साबित होंगी और उन पर प्रतिदिन एक हजार रुपये की दर से जुर्माना लगेगा।

कुछ समय पहले बिजली कंपनी की ओर से इसकी याचिका दायर की गई थी, जिस पर बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने अपना निर्णय सुना दिया है। अभी तत्काल के तहत 15 दिनों में बिजली कनेक्शन मिलता है, लेकिन इस मद में उपभोक्ताओं को दोगुनी राशि देनी पड़ती है। कंपनी अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले साल बिजली कंपनी ने विनियामक आयोग के समक्ष याचिका दायर की थी।

इसके तहत आम लोगों को सुविधा देने के लिए बिहार बिजली सप्लाई कोड 2007 में आठवां संशोधन का अनुरोध किया गया था। आयोग ने सार्वजनिक नोटिस जारी करते हुए इस पर आम लोगों और स्टेक होल्डर्स से आपत्ति और सुझाव मांगे थे। फिर इस मसले पर जनसुनवाई भी हुई, जिसमें इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं या अन्य गैर सरकारी कंपनियां उपस्थित होकर अपनी राय रखी।

जनसुनवाई के बाद आयोग ने अपने निर्णय में कहा है कि बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं को नया बिजली कनेक्शन, नाम में संशोधन, भार में बढ़ोतरी या कमी आदि सेवाओं का ऑनलाइन आवेदन लेगी। इसके लिए एक समर्पित वेब पोर्टल और मोबाइल एप बनाया जाएगा।

### ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों मोड में कर सकेंगे आवेदन

आवेदकों को ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों मोड से आवेदन करने का मौका मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन पूर्ण होते ही रजिस्ट्रेशन नंबर उपलब्ध होगा, जबकि ऑफलाइन मामले में उनका आवेदन स्कैन कर 24 घंटे के अंदर वेब पोर्टल पर अपलोड कर उपभोक्ताओं को रजिस्ट्रेशन नंबर दिया जाएगा। आवेदनों की ट्रैकिंग की जाएगी। 10 किलोवाट भार तक के नए कनेक्शन के लिए आवेदकों को अब सिर्फ आवेदन पत्र के साथ पहचान प्रमाणपत्र देना होगा। अगर पहचान पत्र पर कनेक्शन स्थल का पता उपलब्ध है तो उनको अलग से स्वामित्व प्रमाणपत्र देने की आवश्यकता नहीं होगी। जल्द ही समेकित रूप से सप्लाई कोड में संशोधन किए जाएंगे।

### मेट्रो के लिए बिजली दर तय करने को याचिका दायर

पटना में मेट्रो आकार लेने लगा है। सरकार की कोशिश है कि इसी साल 15 अगस्त से शहर के एक हिस्से में मेट्रो ट्रेन सेवा का परिचालन शुरू हो जाए। मेट्रो चलाने के लिए बिजली दर तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से विनियामक आयोग के समक्ष एक याचिका दायर की गई है।

याचिका में कहा गया है कि मेट्रो को रेलवे की तरह न समझा जाए, क्योंकि रेलवे का परिचालन चौबीसों घंटे होता है। वहीं मेट्रो रात 11 बजे से सुबह छह बजे तक बंद रहेगा। रेलवे से माललदान होता है, जिसमें उसे सब्सिडी मिलती है। मगर मेट्रो केवल यात्रियों को लाने-ले जाने का काम करेगा। आयोग ने 26 जून तक इस पर लोगों से राय मांगी है। 30 जून को आयोग याचिका पर सुनवाई करेगा।

# अपराधी-भ्रष्टाचारियों को टिकट नहीं दिया जाए तो आधा अपराध खत्म: उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा

### बोले- अपहरण, हत्या, लूट का माहौल नहीं, अपराध पर तुरंत कार्रवाई

**बाढ़, पटना, एजेंसी।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा बुधवार देर रात बाढ़ पहुंचे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव अपने पिता के जंगलराज के पाप से मुक्त होने के लिए लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल उठा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान में संगठित अपराध और नरसंहार जैसी घटनाएं नहीं हो रही हैं। अपहरण, हत्या और लूट का माहौल भी नहीं है। किसी भी अपराध की घटना पर तुरंत कार्रवाई होती है।

उपमुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अपराध मुक्त बिहार के लिए विपक्ष की अहम भूमिका है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर माफिया, अपराधी और भ्रष्टाचारियों को टिकट नहीं दिया जाए, तो बिहार में आधा अपराध अपने आप खत्म हो जाएगा।



### अपराधियों को नहीं बख्शेगी सरकार

उन्होंने राजद और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वो अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देते हैं। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार अपराधियों को नहीं बख्शेगी। चिराग पासवान के 243 सीटों पर चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र है।

## संक्षिप्त समाचार

### माले 18 से निकालेगी 'बदलो सरकार-बदलो बिहार यात्रा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** भाकपा-माले का नगर सम्मेलन बुधवार को शहीद भगत सिंह अम्बेडकर सभागार में हुआ। सम्मेलन की शुरुआत माले नेता शारदा देवी के झंडोत्तोलन से हुआ। संचालन छात्र नेता दीपक कुमार ने किया। वहीं, सांगठनिक रिपोर्ट नगर सचिव सूरज कुमार सिंह ने रखी, जिसपर 22 साथियों ने विचार रखे। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भाकपा-माले के जिला सचिव कृष्ण मोहन ने कहा कि विकास और सुशासन के नाम पर बिहार में सामंती उत्पीड़न को बढ़ावा मिला है। महिलाओं के साथ घटनाएं आम हो गई हैं। पर्यवेक्षक राम बालक सहनी ने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार ने देश को हर मोर्चे पर कमजोर किया है।

नगर सचिव सूरज कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी 18 से 27 जून तक पूरे बिहार में 'बदलो सरकार-बदलो बिहार यात्रा निकालेगी। यह यात्रा शाहाबाद क्षेत्र, मगध क्षेत्र, सारण-चंपारण क्षेत्र और मुजफ्फरपुर से दरभंगा तक निकाली जाएगी। सम्मेलन में 19 सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया, जिसमें सर्वसम्मति से सूरज कुमार सिंह नगर सचिव चुने गए।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद की भगवानपुर शाखा की बैठक

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की भगवानपुर शाखा की मासिक बैठक बुधवार को भवानी नगर स्थित विवाह भवन परिसर में हुई। अध्यक्षता करते हुए शाखा अध्यक्ष बीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि पूर्व सैनिक सेवा परिषद, बिहार की संबद्धता अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, नई दिल्ली से हो चुकी है। बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रयास से मुजफ्फरपुर ईसीएचएस पॉली क्लिनिक में दवा की आपूर्ति में सुधार हुआ है। नौ महीने बाद पॉली क्लिनिक में ऑफिसर इंचार्ज की पदस्थापना हुई है। बताया कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा। इसमें दानापुर सब एरिया और प्रदेश टीम के साथ बिहार के सभी जिलों के संगठन से जुड़े प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में मनोज कुमार सिंह, राम नरेश ठाकुर, सच्चिदानंद मिश्रा, विशेश्वर सिंह, उमेश पाण्डेय, कामेश्वर प्रसाद सिंह समेत अन्य सदस्य थे।

### सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 27 से होगा तीन दिवसीय सोलर एक्सपो

**पटना, एजेंसी।** बिहार उद्योग संघ की ओर से 27 जून से तारामंडल परिसर में तीन दिवसीय सोलर एक्सपो शुरू हो रहा है। यह 29 जून तक चलेगा। इस कार्यक्रम में देशभर की प्रसिद्ध कंपनियां भाग लेंगी जो सौर ऊर्जा से जुड़े उपकरण और सेवाएं देती हैं। इनमें 40 से 45 स्टॉल लगाए जा रहे हैं जहां कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। इस आयोजन में नोवासिस, ग्रीन ऊर्जा लिमिटेड मुख्य प्रायोजक के रूप में भाग ले रही हैं।

इसके अलावा पहल सोलर प्राइवेट लि. और सोलर हब प्रा. लि. स्वर्ण प्रायोजक के रूप में, तथा डेई इन्वर्टर (सूर्य डाइमेंशन) और पावर वन माइक्रो सिस्टम प्रा. लि. रजत प्रायोजक के रूप में शामिल हो रही हैं। कार्यक्रम में ऊर्जा की खपत, गैर पारंपरिक ऊर्जा की उपलब्धता, सरकारी नीतियों और योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। इस बात की जानकारी बिहार उद्योग संघ के अध्यक्ष केपीएस केशरी, उपाध्यक्ष चार्टर्ड अकाउंटेंट आशीष रोहतगी, महासचिव अमरनाथ जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, रामलाल खेतान, आयोजन समिति के संयोजक सुबोध कुमार और ऊर्जा समिति के सह-अध्यक्ष अनूप कुमार अग्रवाल ने दी।

# मौसी को घर छोड़ने गए नवविवाहित को ट्रक ने कुचला

### राजपुर में सड़क हादसे ने छीनी खुशियां, शव देख पिता बेसुध; दो दिन पहले हुई थी शादी

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** रोहतास के राजपुर में बुधवार की शाम सड़क हादसे में एक नवविवाहित युवक की मौत हो गई। ट्रक से टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान पकड़ी गांव निवासी दीपक तिवारी (26) के रूप में हुई है। मृतक महज दो दिन पहले ही शादी के बंधन में बंधा था। नवविवाहित की खुशियां चंद घंटों में ही मातम में बदल गई।

**मौसी को छोड़ने गया, खुद लौट न सका-** मृतक दीपक राजपुर प्रखंड के पकड़ी गांव निवासी राम दरोगा तिवारी का इकलौता बेटा था। वह बुधवार को शादी में आई अपनी मौसी को पीपरडीह गांव छोड़ने गया था। लौटते वक्त राजपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। राहगीरों ने घायल अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन सासाराम में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**शादी की खुशियां मातम में बदली-** जब दीपक का शव गुरुवार सुबह उसके गांव पहुंचा, तो शादी की खुशियां परिवार चीख-पुकार में बदल गई। नवविवाहिता खुशी कुमारी अपनी मांग का सिंदूर लिए बिलख रही थी। वहीं, पिता राम दरोगा तिवारी बेटे की लाश देख बेसुध हो गए। गांव की महिलाएं परिवार को ढांढस बंधा रही थीं, लेकिन आंखें हर किसी की नम थीं।

# युवक का मर्डर, भाग रहे आरोपी की पीट-पीटकर हत्या

### पूर्णिया में 15 डिसमिल जमीन को लेकर पड़ोसी से था विवाद; 5 राउंड फायरिंग हुई

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में 15 डिसमिल जमीन के विवाद में 2 पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग शुरू की गई। 5 राउंड गोलियां चलाई। इसमें दूसरे पक्ष के एक युवक सीने में गोली लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीण गुस्से में आ गए और भाग रहे आरोपी पिता-बेटे को पकड़ा और जमकर उसकी पिटाई की। इसमें पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना बुधवार की शाम 5 बजे जलालगढ़ थाना क्षेत्र के भरेली गांव की है।

गोली से मारने वाले युवक की पहचान मो. सैफुद्दीन (35) के रूप में हुई है। वहीं, ग्रामीणों ने मो. शहर अली (62) की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल मो. शहर अली और उसके बेटे मो. मुरसलीम (30) को जीएमसीएच में भर्ती कराया, जहां मो. शहर अली की मौत हो गई।



**पड़ोसी की नजर जमीन पर थी-** मृतक मो. सैफुद्दीन के पिता पेशकार अली ने बताया, %एक महीने पहले मेरे घर के पास 15 डिसमिल जमीन खरीदी थी। उस जमीन को मेरे पड़ोसी लेना चाहते थे, लेकिन बेचने वाले ने उसे नहीं दिया। इस बात पर उसे आपत्ति थी। बुधवार को मो, शहर अली, मो मुरसलीम और मो. मकसूद जमीन देखने पहुंच थे।

पेशकार अली ने आगे बताया, बिना कुछ कहे मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इन लोगों ने 5 राउंड फायरिंग की, जिसमें एक गोली मेरे बेटे के सीने में लगी। इससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने पिता और बेटे को पकड़ लिया। पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया।

**एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार-** जलालगढ़ थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार ने बताया कि %घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। दोनों ओर से 2 लोगों की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक किसी पक्ष ने आवेदन नहीं दिया है। दोनों पक्षों को आवेदन देने के लिए कहा गया है। पुलिस कस्टडी में एक आरोपी का इलाज चल रहा है।

# सुपौल में कपड़े की दो दुकानें जलकर राख: घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू

### शॉर्ट सर्किट की आशंका; 20 लाख से अधिक का नुकसान

**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में ललितग्राम थाना क्षेत्र के क्वार्टर चौक पर बुधवार देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। करीब रात 12 बजे कपड़े की दो दुकानों में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। इस घटना में 20 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति स्वाहा हो गई। वहीं, अन्य दो दुकानों को आंशिक क्षति पहुंची है।



**धुआं उठता देख पुलिस को दी सूचना-** स्थानीय लोगों ने जब दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं, तो तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही ललितग्राम सहित आसपास के थाना क्षेत्रों से दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकानें पूरी तरह स्वाहा हो चुकी थीं।

**शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना-** हालांकि, आग लगने के स्पष्ट कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन प्राथमिक रूप से शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण माना जा रहा है। रात के समय दुकानें बंद थीं, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

मामले की जांच के लिए राजस्व कर्मचारी को घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। क्षति का आकलन और आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। - राकेश कुमार, सीओ

**20 लाख रुपए से अधिक का नुकसान-** घटना में सबसे अधिक नुकसान मनीष कुमार, पिता रामबिलास मेहता की कपड़े की दुकान को हुआ है। आग इतनी भयावह थी कि दुकान में रखे लाखों रुपए के कपड़े और नगद राशि भी जलकर खाक हो गई। अनुमान है कि कुल मिलाकर 20 लाख रुपए से अधिक की क्षति हुई है।

# पटना में बड़ा हादसा: पुल की रेलिंग तोड़ पुनपुन नदी में समा गया ट्रैक्टर, चालक की मौत

**पटना, एजेंसी।** पटना गया मुख्य सड़क मार्ग पर गौरीचक के पास पुल की रेलिंग तोड़ते हुए अनियंत्रित ट्रैक्टर 70 फीट नीचे पुनपुन नदी में गिर गया। जिससे ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात की है। मृतक की पहचान दीदारगंज थाना क्षेत्र के कोठिया गांव निवासी रामेश्वर पासवान के पुत्र अशोक पासवान के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह नदी की ओर गए तो शव और ट्रैक्टर को देखकर गौरीचक पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेज दिया है। वहीं क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर नदी से बाहर निकालवा कर जब्त कर ली।



**पटना से बेलदारीचक की ओर जा रहा था चालक-** पुलिस ने बताया कि अशोक पासवान ट्रैक्टर लेकर मंगलवार की देर रात पटना से बेलदारीचक की ओर लौट रहा था, तभी अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पुल की रैलिंग तोड़ते हुए पुनपुन नदी में गिर गया। जिससे चालक अशोक पासवान की मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। परिजन की लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**पुनपुन नदी पुल पर लगा जाम-** घटना के बाद काफी भीड़ जुट गई। कई चालक पुनपुन नदी पुल पर अपनी गाड़ी खड़ी देखने लगे। जिससे सड़क के दोनों छोर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम को समाप्त कराया। इसके बाद यातायात सामान्य हुआ।

# बिहार में दंपति चला रहा था सेक्स रैकेट, होटलों में भेजते थे लड़कियां

### मुख्य आरोपी के सियासी कनेक्शन से हड़कंप

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां शहर के पॉश इलाके छोटी कल्याणी में एक दंपति पूरा मकान किराए पर लेकर सेक्स रैकेट चला रहा था। यहां से लड़कियों को शहर के होटलों में भेजा जाता था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मकान और दो होटल में छापेमारी की। इस दौरान चार युवतियों को मुक्त कराया। साथ ही दंपति सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस सेक्स रैकेट का खुलासा तब हुआ जब एक युवती ने फंसने के बाद फोन कर पुलिस को लोकेशन भेजा। इस मकान तक अकेली युवतियों, जो किसी कारणवश स्टेशन और बस अड्डे पर होती थीं, उन्हें ऑटो ड्राइवर बहला-फुसलाकर पहुंचाता था।



**दंपति सहित ये आरोपी हुए गिरफ्तार** - पकड़े गए लोगों की पहचान सिकंदरपुर थाना क्षेत्र निवासी लक्ष्मण पासवान, सीतामढ़ी जिले के रुन्नीसैदपुर थाना क्षेत्र के मानिक चौक निवासी अंकित कुमार, मोतीपुर वार्ड एक निवासी पवन कुमार मंगेरिया, ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के जुरन छपड़ा निवासी दिलीप कुमार कुशवाहा और उसकी पत्नी किरण कुमारी शामिल हैं। इनमें से दिलीप कुमार कुशवाहा एक राजनीतिक दल से भी जुड़ा हुआ है। वहीं लक्ष्मण पासवान ऑटो चलाता है। लक्ष्मण ही जंक्शन और बस स्टेशन से भोली भाली लड़कियों और महिलाओं को फंसा कर कल्याणी चौक पर लाता था, जहां दिलीप कुमार कुशवाहा और उसकी पत्नी किरण कुमारी जबरन उनसे देह व्यापार कराते थे।

**राजनीतिक दल से जुड़ा है मुख्य आरोपी, मोबाइल से मिले कई राज-** डीएसपी टाउन वन सीमा देवी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में पवन कुमार और अंकित कुमार होटल के मैनेजर हैं। यह ग्राहकों को फोन करके लड़कियों की फोटो दिखाते थे। फिर उसी के मुताबिक पैसों की डिमांड की जाती थी। इसके बाद दिलीप और उसकी पत्नी किरण, अपने यहां से लड़कियों को होटल भेजती थी। इसके लिए कार का इस्तेमाल किया जाता था। सीमा देवी ने बताया कि छापेमारी में एक कार, एक ऑटो और आपत्तिजनक चीजें भी जब्त की गई हैं। साथ ही पुलिस ने आरोपी के मोबाइल से कई आपत्तिजनक चैट्स और व्हाट्सएप पर ग्राहकों को भेजी गई लड़कियों की तस्वीरें बरामद की हैं। इनमें कुछ सफेदपोश लोगों के नंबर भी पाए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

**युवती की सूझबूझ से खुला मामला-** सरैया की एक युवती मंगलवार की सुबह दिल्ली जाने के लिए मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंची थी, लेकिन ट्रेन छूट जाने के बाद वह स्टेशन रोड पर खड़ी थी। वहीं उसे एक ऑटो चालक मिला, जिसने सरैया छोड़ने के बहाने उसे छोटी कल्याणी स्थित दिलीप के मकान में पहुंचा दिया। वहां तीन और लड़कियां पहले से मौजूद थीं। युवती ने सूझबूझ दिखाते हुए स्थानीय पुलिस से संपर्क साधा और अपनी लोकेशन भेजी। इसके बाद शाम 4 बजे पुलिस ने छापा मारा और सभी चारों युवतियों को वहां से निकाला।

### ऑटो ड्राइवर को मिल चुकी है 10 साल की सजा

डीएसपी टाउन 1 ने बताया कि %दिलीप कुशवाहा और लक्ष्मण पासवान काफी सालों से इस धंधे से जुड़े हुए हैं। साल 2014 में इन दोनों को 10 साल की सजा हुई थी, जिसको लेकर नगर थाना में कांड संख्या 294/2014 दर्ज है।% पुलिस सूत्रों की मानें तो दिलीप कुशवाहा का राजनीति में अच्छी पकड़ है। जिले के कई बड़े बड़े नेताओं से उसकी जान पहचान है। कई नेताओं को भी लड़की पहुंचाने का काम करता है। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच पड़ताल कर रही है।

### मकान मालिक को भी बनाया जाएगा अभियुक्त

डीएसपी सीमा देवी ने बताया कि %मकान मालिकों को बताया गया है कि किराए पर मकान देने से पहले किरायदारों का सत्यापन करवाना जरूरी है।% %दिलीप कुशवाहा कई सालों से उक्त मकान को किराया पर लिए हुए था। लेकिन मकान मालिक ने उसका सत्यापन नहीं करवाया था, जो कानूनन गलत है। इसी कारण मकान मालिक को भी इस कांड में अभियुक्त बनाया जाएगा।

# लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करें : उपायुक्त

## राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के संबंधित पदाधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व से संबंधित सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए, विशेषकर वे आवेदन जो 90 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं, उन्हें शीघ्र निष्पादित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आवेदनों एवं वादों की नियमित सुनवाई करें तथा वाद सूची एवं आदेशों को ई-पोर्टल पर समय से अपलोड करें, जिससे कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे।




बैठक के दौरान अंतर विभागीय भूमि हस्तांतरण, म्यूटेशन, सीमांकन, किराया संग्रह, परिशोधन, पीजी पोर्टल/सीपीजीआरएएमएस, तथा ई-राजस्व न्यायालय (आरसीएमएस) से संबंधित कार्यों की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने शिकायत पोर्टलों पर प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का भी निर्देश दिया।

उपायुक्त ने यह भी कहा कि लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए शिविरों का आयोजन किया जाए। साथ ही उन्होंने अंचलवार भूमि हस्तांतरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और जिन अंचलों में कार्य लंबित हैं, वहां के अंचलाधिकारियों को शीघ्र भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

अनुमंडल पदाधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि वे अपनी अदालतों की कार्रवाई नियमित रूप से संचालित करें, ताकि लंबित मामलों का जल्द निपटारा संभव हो सके। इसके अतिरिक्त, विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि के म्यूटेशन की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई।

इस मौके पर अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचलाधिकारी, जिला अवर निबंधक, सभी अवर निबंधक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पारदर्शिता के साथ जिम्मेदारी निभाना सभी पदाधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह इकाई का चुनाव 16 को

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह इकाई सत्र 2025-27 का चुनाव 16 जून को शाम 6 बजे से निर्धारित है। चुनाव की प्रक्रिया पर्यवेक्षक अशोक कुमार व डॉ ज्ञान प्रकाश की देखरेख में संपन्न होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए इलेक्शन चेयरमेन अरविंद कुमार ने बताया कि सत्र 25-27 के निमित अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इन पदों के लिए चुनाव लड़ने को इच्छुक प्रत्याशी निर्धारित शुल्क 1000/- रुपया जमा कर नामांकन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 14 जून शाम 5 बजे तक निर्धारित है। नाम वापसी की तिथि 15 जून दोपहर 12 बजे तक निर्धारित की गई है। एक सदस्य एक ही पद के लिए नामांकन कर सकते हैं। एक पद के लिए एक से अधिक उम्मीदवार रहने पर बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग कराई जाएगी। इस चुनावी प्रक्रिया में मतदाता के रूप में सीसीआई कार्यकारिणी समिति के 30 सदस्य शामिल रहेंगे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/59-62/25-26 (ओपन), दिनांक: 11.06.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.** ओ-एसी-टी-59-25-26; **कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/I/आसनसोल के अधीन एईएन/एचक्यू/आसनसोल के क्षेत्राधिकार में टीपीसी को समायोजित करने के लिए डिविजनल कंट्रोल के विस्तार तथा डीआरएम कार्यालय में संचालन, कार्मिक, सुरक्षा, अभियांत्रिकी अनुभाग के सम्पूर्ण नवीनीकरण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,20,06,025.64। **बयाना राशि:** रु. 2,60,000; **कार्य हेतु समापन अवधि:** 09 महीने। **क्रमांक 2, केस सं.** ओ-एसी-टी-60-25-26; **कार्य का नाम:** एईएन/मधुपुर के अधीन 19 लेवल क्रॉसिंग में सचेतक प्रणाली के 3 वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव के नवीनीकरण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,70,100; **बयाना राशि:** रु. 7,400; **क्रमांक 3, केस सं.** ओ-एसी-टी-61-25-26; **कार्य का नाम:** शेष बची हुई मात्र के लिए खुली निविदा - 1) मधुपुर में सिविल इंजीनियरिंग कार्य : पावर हाउस से विभिन्न स्थानों तक (यानी स्टेशन, डीटीसी, वेस्ट केबिन, फिल्टर हाउस इत्यादि तथा अन्य स्थानों) ओएच लाइन के प्रतिस्थापन के साथ मजबूतीकरण। 2) एईएन/मधुपुर के अधीन जामताड़ा में टीआरडी कॉलोनी के बगल में स्टेशन पहुंच सड़क के सुधार के लिए सिविल इंजीनियरिंग कार्य के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य। 3) राजला हॉल्ट में नए बुकिंग कार्यालय सह प्रतीक्षालय के निर्माण के लिए सिविल इंजीनियरिंग कार्य। 4) सीनि. डीईएन/2/आसनसोल के अधीन नरगंजो हॉल्ट में नए बुकिंग कार्यालय सह प्रतीक्षालय के निर्माण के लिए सिविल इंजीनियरिंग कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 39,79,859.59; **बयाना राशि:** रु. 79,600; **कार्य हेतु समापन अवधि:** 09 महीने। **क्रमांक 4, केस सं.** ओ-एसी-टी-62-25-26; **कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/I/आसनसोल के अधीन एईएन/II/आसनसोल के क्षेत्राधिकार में सीतारामपुर, बराकर कॉलोनी रोड में पुल सं. 541 से हम्प केबिन तक, पुल सं. 541 से दुर्गा मंदिर तक सड़क सतह तथा सालनपुर -धामागुड़िया पहुंच सड़क की मरम्मत तथा आनुषंगिक कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 57,20,606.88; **बयाना राशि:** रु. 1,14,400; **कार्य हेतु समापन अवधि:** 06 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.07.2025 को दोपहर 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-79/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

## ताराटांड़ पंचायत का जर्जर संपर्क मार्ग और डमरगुरहा रास्ते की नदी में पुल बनाए सरकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पूर्व जिला परिषद सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने बेंगाबाद प्रखंड के ताराटांड़ पंचायत को जोड़ने वाली मुख्य संपर्क मार्ग के अत्यंत जर्जर और ऊबड़ खाबड़ होने का मामला संज्ञान में लाते हुए प्रशासन एवं सरकार से अविलंब इसका निर्माण करने की मांग करते हुए कहा है कि यह सड़क इस पूरे पंचायत के लिए लाइफ लाइन की तरह है लेकिन इसके जर्जर होने से हजारों की आबादी लंबे समय से परेशानी झेल रही है क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से भी इस मुद्दे पर बात की।

## बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर विधायक ने जताई नाराजगी, 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ विधानसभा में बिजली कटौती को लेकर जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने बुधवार को जमुआ प्रखंड के डाक बंगला में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को लेकर लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर रही हूं, ताकि विधानसभा में बिजली बहाल हो सके। इस भीषण गर्मी में जमुआ और देवरी में लो वोल्टेज के साथ मात्र दो से तीन घंटे से भी कम बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बिजली विभाग की कार्यशैली पर जमकर निशाना साधा और चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि दो दिनों के भीतर बिजली



व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली समस्या को लेकर विभाग को ज्ञापन सौंपेंगे। कहा कि बिजली नहीं रहने के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में काफी दिक्कते हो रही है। किसान पटवन नहीं कर पा रहे हैं वहीं महागठबंधन की राज्य सरकार पर भड़ास निकालते हुए कहा कि यहां की सरकार विकास विरोधी है। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालयों के कर्मी भ्रष्टाचार में लिप्त है वहीं स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमुआ में लोगों को सही सुविधाएं नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। कहा कि इसके पूर्व भी संबंधित विभाग के सीएस को असुविधाएं की जानकारी दी गई थी। लेकिन उनके कानों तक जूं तक नहीं गुंजी। कहा कि अगर संबंधित विभाग के कर्मी अपने रूपों को नहीं सुधरे तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। मौके पर भाजपा नेता राजेंद्र राय, परमेश्वर यादव, प्रदीप सिंह, गोपाल कृष्ण पांडेय, रूपलाल दास, विनय राय, महेश सिंह, सोनू मोदी, सुनील राय, दयानंद राय, राजकुमार सिंह, परिणय सिन्हा, अनुपम सिन्हा, पप्पू वर्मा, रंजन सिंह, सुमित कुमार, संजय सिंह आदि अन्य उपस्थित थे।

## एनटीपीसी को झुकना होगा, जनता की सरकार है: अरूप चटर्जी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव।** एनटीपीसी के खिलाफ चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि झारखंड में अब रघुवर दास की नहीं, हेमंत सोरेन की सरकार है और यह जनता की सरकार है। यदि कंपनी (एनटीपीसी) कहती है कि राज्य सरकार बोलेगी तब ही मानेगी, तो हम सरकार से बोलवाएंगे और कंपनी को झुकाएंगे। विधायक चटर्जी ने धरनास्थल पर उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा, हम हक की लड़ाई लड़ेंगे और हक लेकर रहेंगे। मेरे नाम से आवेदन दीजिए, हम विधानसभा में स्पीकर से आदेश लेकर समिति से जांच करवाएंगे। अगली विधानसभा सत्र में यह मामला उठाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड सरकार जल्द ही विस्थापन आयोग बनाने जा रही है, जिससे जिन लोगों की ज़मीन या घर लिया जा रहा है, उन्हें रोजगार और पुनर्वास मिल सकेगा। इस मौके पर युवा विस्थापित संघर्ष समिति की ओर से विधायक को मांग पत्र भी सौंपा गया।

## डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी की नन्दनी का आकांक्षा में चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के सपनों को पंख देने के उद्देश्य से झारखंड सरकार द्वारा संचालित ''आकांक्षा 40 योजना'' के तहत बुधवार को जारी परिणाम में चौपारण प्रखंड के सिंहपुर स्थित डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय की छात्रा नन्दनी कुमारी का चयन हुआ है। नन्दनी कुमारी, पिता टिंकू रजक, ग्राम दादपुर की निवासी हैं और उन्होंने एससी कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनका कुल स्कोर 63.75% रहा है। उल्लेखनीय है कि मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में भी नन्दनी का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था। विद्यालय की प्राचार्या ममता कुमारी ने नन्दनी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बताया कि नन्दनी बचपन से ही पढ़ाई को लेकर गंभीर, मेहनती और अनुशासित रही है।



नन्दनी के पिता टिंकू रजक एक निजी कम्पनी में कार्यरत हैं, लेकिन आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दी।

गौरतलब है कि आकांक्षा 40 योजना'' के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को झारखंड सरकार द्वारा न केवल निःशुल्क कोचिंग दी जाती है, बल्कि एडमिशन से लेकर पढ़ाई तक का पूरा खर्च सरकार उठाती है। इस सफलता पर नन्दनी के माता-पिता, शिक्षकगण और विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो के संकल्प के साथ जनजागरुकता का संदेश

### गिरिडीह समाहरणालय में नशा मुक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान के तहत समाहरणालय सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त राम निवास यादव सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त यादव ने अपने संबोधन में कहा कि 10 जून से 26 जून तक चलने वाले राज्यव्यापी अभियान के अंतर्गत हम सभी का यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने घर, समाज और कार्यस्थल पर नशा मुक्ति का संदेश फैलाएं। उन्होंने कहा कि नशा एक व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से तोड़ता है तथा समाज की नींव को दीमक की तरह खोखला करता है। उन्होंने युवाओं से विशेष आग्रह किया कि वे अपनी ऊर्जा को रचनात्मक और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाएं, क्योंकि युवाओं की शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि आज किशोरों में भी नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। कार्यशाला के दौरान




उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण, स्कूलों में निबंध और क्विज प्रतियोगिता, बाजारों में जन-जागरूकता कार्यक्रम जैसे आयोजनों के माध्यम से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह ने कार्यशाला के दौरान कहा कि कोई भी सामाजिक बदलाव पहले खुद से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति के इस अभियान में युवाओं की भागीदारी सबसे अधिक होनी चाहिए। हम सभी को मिलकर अपने जिले, राज्य और देश को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम के दौरान विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर पेंसिल पोर्टल की जानकारी भी दी गई, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति बाल श्रम से संबंधित घटनाओं की गोपनीय रूप से सूचना दे सकता है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा नशा मुक्ति से जुड़ी विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित की गई और सरकार के इस आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला अनुमंडल पदाधिकारी खोरीमहुआ, पुलिस उपाधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी समेत कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल-15-25; दिनांक 11.06.2025;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे वर्णित कार्य सम्पन्न करने में आर्थिक रूप से सक्षम प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** आसनसोल-एसएसई/जी/आसनसोल के क्षेत्राधिकार के अधीन डीआरएम बिल्डिंग एवं ट्रैफिक कॉलोनी में विद्युत सब-स्टेशन के विस्तार के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य। (शेष बचा हुआ कार्य)। **निविदा मूल्य:** रु. 60,20,422.19; **बयाना राशि:** रु. 1,20,400; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 09 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 04.07.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-81/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

## झारखंड में पारा शिक्षकों का जीवन मरुस्थल से भी बदतर : सुखदेव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड में पारा शिक्षकों का भाग्य संवारने में सरकार सहायक अध्यापक की ताज पहना कर उन्हें बेहतर सुविधा देने की थोथी दलील पेश करती रही है स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था उठो जागो और अपने हक के लिए तब तक संघर्ष करो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाती झारखंड के मूलवासी पारा शिक्षकों को सभी सरकारों ने हमेशा छलने का ही काम किया है जिस उम्मीद और विश्वास के साथ राज्य के 62 हजार सहायक अध्यापकों ने हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली महागठबंधन की अबुआ सरकार को सत्ता का ताज पहना कर अपने भाग्य संवारने का सपना देखा था आज उस उम्मीद और आकांक्षाओं पर पानी फिर चुका है फुट डालो शासन करो की नीतियां अपनाकर गरीब पारा शिक्षकों को गुलामी के तहखानों में आर्थिक शोषण और संवैधानिक अधिकार का दमन किया जा रहा है समान काम का समान वेतन के परखच्चे उड़ रहे हैं समानता का अधिकार कुचला जा रहा है। मित्रों टेट, अन टेट, आकलन पास, बगैर आकलन, प्रशिक्षित, अप्रशिक्षित, सहायक आचार्य जैसे अनेक टुकड़ों में विभाजित कर राज्य के सबसे बड़ा संगठन पारा शिक्षकों के वजूद को ध्वस्त करने में वर्तमान सरकार का पूरा हाथ है लाखों इरादें बनते हैं बनकर बिखर जाते हैं जीवन भर ठोकर वही खाते हैं जो पारा शिक्षक कहलाते हैं बिखरा हुआ समाज और बिखरी हुई ताकत कभी भी कल्याणकारी साम्राज्य स्थापित नहीं हो सकती है। झारखंड सरकार और उनकी तानाशाह ब्यूरोक्रेसी की इस कुव्यवस्था से पारा शिक्षकों के हौसलों पर पानी फिरता नजर आ रहा है और अब पारा शिक्षकों की जिन्दगी मरुस्थल में



तब्दील हो चुकी है अभी भी वक्त है अगर इन बाजुओं में ताकत है तो बचा लो अपनी अस्मिता को, बचालो अपनी शोहरत और स्वाभिमान को वरना अभी 1700 लोगों को ही सरकार के तुगलकी फरमान और हिटलरशाही का दंश झेलने की झांकियां दिखाई जा रही है अगर एक प्लेटफार्म पर नहीं आए तो इस नापाक इरादों वाली ताकतों की पूरी फिल्म भी देखनी पड़ सकती है। ये जेटेट का झूठा सपना दिखा कर पारा शिक्षकों को वेतनमान से दूर रखना इस असंवेदनशील विचारों वाली सरकार को महंगा पड़ सकता है 2013 ,2016 के बाद करीब दस सालों के बाद टेट परीक्षा का आयोजन करने का मुंगेरी लाल का सपना दिखाने का काम टूटते हुए सब्र का बांध को कोई रोक नहीं सकता है अगर 2016 के बाद अब तक तीन चार बार भी टेट का आयोजन हुआ होता तो आज इन पारा शिक्षकों को ऐसी बदनसीबी का सपना नहीं देखना पड़ता सरकार केवल पारा शिक्षकों को फुट डलवा कर हम सभी की सांगठनिक ताकतों को भस्मासुर की तरह भस्म करने में अव्वल रही है मित्रों से सादर निवेदन है कि नेता बनने की कोशिश मत कर कार्यकर्ता बन कर देश और समाज की सेवा करो पारा शिक्षकों की मदद करो।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-31 से 58-25-26 (खुली), दिनांक 10.06.2025। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा दिनांक 01.07.2025 से 30.06.2026 तक की अवधि के लिए आसनसोल मंडल के जोनल कार्यों (सामान्य, सड़क, लकड़ी तथा पाइप बिछाने एवं सैनिटरी स्थापना तथा पुल) के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं : क्रमांक एवं निविदा सं.; एईएन; जोन सं. 2025-26; कार्य का नाम; निविदा लागत (रु.); बोली सुरक्षा राशि (रु.) क्रमशः निम्नलिखित है: (1) ओ-एसी-टी-31-25-26; एईएन/दुर्गापुर; 1; एसएसई (वर्क्स)/पानागढ़ के अधीन केएएन-यूडीएल अनुभाग में किमी. 120.70 से 180.00 तक, एसएल अनुभाग किमी. 0.00 से 38.00 तक एवं मिलिट्री बेस, सभी सेवा एवं स्टेशन भवनों, स्टाफ क्वार्टरों एवं कॉलोनियों के साथ छोटी सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी स्थापना कार्य के लिए जोनल कार्य; रु. 75 लाख; रु. 1,50,000/-। (2) ओ-एसी-टी-32-25-26; एईएन/दुर्गापुर एवं एईएन/I/आसनसोल; 2; सीनि. डीईएन/3/आसनसोल के अधीन जोनल पुल कार्य; रु. 51 लाख; रु. 1,02,000/-। (3) ओ-एसी-टी-33-25-26; एईएन/I/आसनसोल; 3; एसएसई/वर्क्स/I/अंडाल के अधीन अंडाल-आसनसोल अनुभाग में किमी. सं. 180.0 से किमी. सं. 215.5 तक वारिया (छोड़कर) से आसनसोल (छोड़कर) तक सभी सेवा एवं स्टेशन भवनों, अप यार्ड इत्यादि तथा अन्य सभी सम्पत्ति के साथ छोटी सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी स्थापना कार्य के लिए जोनल कार्य; रु. 75 लाख; रु. 1,50,000/-। (4) ओ-एसी-टी-34-25-26; एईएन/I/आसनसोल; 4; एसएसई/वर्क्स/I/अंडाल के अधीन डीजल शेड, बीओएक्सएन के साथ छोटी सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी स्थापना इत्यादि कार्य के लिए जोनल कार्य; रु. 51 लाख; रु. 1,02,000/-। (5) ओ-एसी-टी-35-25-26; एईएन/दुर्गापुर एवं एईएन/I/आसनसोल; 5; सीनि. डीईएन/3/आसनसोल अनुभाग में एलसी गेट लॉज एवं सड़क मरम्मत इत्यादि के लिए जोनल कार्य; रु. 51 लाख; रु. 1,02,000/-। (6) ओ-एसी-टी-36-25-26; एईएन/2/आसनसोल; 6; सीतारामपुर (छोड़कर) से प्रधानखांटा (छोड़कर) अनुभाग में सीतारामपुर से प्रधानखांटा तक सभी जोनल कार्य। इसमें एसएसई/वर्क्स/सीतारामपुर के अधीन सभी सेवा भवनों एवं कॉलोनियां इत्यादि तथा साथ में छोटी सड़क, लकड़ी का कार्य, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी स्थापना का कार्य शामिल है; रु. 75 लाख; रु. 1,50,000/-। (7) ओ-एसी-टी-37-25-26; एईएन/2/आसनसोल; 7; बराचक से सालनपुर अनुभाग तक किमी. 215.00 से 227.00 तक साथ में हीरापुर यार्ड तथा सीतारामपुर स्टेशन एवं कॉलोनी के लिए सभी जोनल कार्य। इसमें एसएसई/वर्क्स/सीतारामपुर के अधीन सभी सेवा भवनों एवं कॉलोनियां इत्यादि तथा साथ में छोटी सड़क, लकड़ी का कार्य, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी स्थापना का कार्य शामिल है; रु. 70 लाख; रु. 1,40,000/-। (8) ओ-एसी-टी-38-25-26; एईएन/2/आसनसोल; 8; एईएन/2/आसनसोल के अधीन जोनल पुल कार्य; रु. 30 लाख; रु. 60,000/-। (9) ओ-एसी-टी-39-25-26; एईएन/2/आसनसोल; 9; सीनि. डीईएन/1/आसनसोल के अधीन जेडटीसी/भुली, धनबाद के रखरखाव के लिए जोनल कार्य; रु. 60 लाख; रु. 1,20,000/-। (10) ओ-एसी-टी-40-25-26; एईएन/एचक्यू/आसनसोल; 10; एसएसई/वर्क्स/ईस्ट/आसनसोल के अधीन आसनसोल में ट्रैफिक कॉलोनी, दोमोहानी कॉलोनी, रेलपार कॉलोनी में सभी स्टाफ क्वार्टरों के साथ छोटी सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी स्थापना कार्यों के लिए जोनल कार्य; रु. 75 लाख; रु. 1,50,000/-। (11) ओ-एसी-टी-41-25-26; एईएन/एचक्यू/आसनसोल; 11; एसएसई/वर्क्स/ईस्ट/आसनसोल के अधीन आसनसोल में ऑफिसर कॉलोनी एवं अराडांगा/ओल्ड स्टेशन कॉलोनी में सभी स्टाफ क्वार्टरों के साथ छोटी सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी स्थापना कार्यों के लिए जोनल कार्य; रु. 80 लाख; रु. 1,60,000/-। (12) ओ-एसी-टी-42-25-26; एईएन/एचक्यू/आसनसोल; 12; एसएसई/वर्क्स/वेस्ट/आसनसोल के अधीन लोको, बुद्धा, अस्पताल एवं बरलिंगटन, महुआडांगा, चांदमारी, चेलियाडांगा कॉलोनियों के सभी स्टाफ क्वार्टरों तथा सभी सेवा भवनों, लोको स्टेडियम, डीआरएम कार्यालय, आरपीएफ बैरक इत्यादि के साथ छोटी सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी स्थापना कार्यों के लिए जोनल कार्य; रु. 110 लाख; रु. 2,05,000/-। (13) ओ-एसी-टी-43-25-26; एईएन/एचक्यू/आसनसोल; 13; एईएन (एचक्यू)/आसनसोल के अधीन एसएसई/वर्क्स/ईस्ट/आसनसोल के क्षेत्राधिकार के भीतर सभी सेवा भवनों, स्टेशन भवनों यानी प्लेटफॉर्मों, सर्कुलेटिंग एरिया, आरआरआई, आरपीएफ बिल्डिंगों, आरपीएफ महिला बटालियन आसनसोल, ट्रैफिक तथा दोमोहानी हेल्थ यूनिटों इत्यादि के साथ बराकर, सीतारामपुर पम्प हाउस इत्यादि के साथ छोटी सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी स्थापना कार्यों के लिए जोनल कार्य; रु. 80 लाख; रु. 1,60,000/-। (14) ओ-एसी-टी-44-25-26; एईएन/एचक्यू/आसनसोल; 14; एसएसई/वर्क्स/वेस्ट/आसनसोल के क्षेत्राधिकार के भीतर मंडल रेलवे अस्पताल, इलेक्ट्रिक लोको शेड एवं एमईएमयू शेड के साथ छोटी सड़क, लकड़ी, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी स्थापना कार्यों के लिए जोनल कार्य; रु. 51 लाख; रु. 1,02,000/-। (15) ओ-एसी-टी-45-25-26; एईएन/एचक्यू/आसनसोल; 26; सीनि. डीईएन/1/आसनसोल के अनुभाग में एलसी गेट लॉज तथा सड़क की मरम्मत इत्यादि के लिए जोनल कार्य; रु. 30 लाख; रु. 60,000/-। (16) ओ-एसी-टी-46-25-26; एईएन/2/अंडाल; 15; एसएसई/वर्क्स/पांडवेश्वर के अधीन एएस कॉर्ड लाइन में अंडाल (छोड़कर) से सैंथिया (छोड़कर) तक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के साथ सभी स्टाफ क्वार्टरों तथा सेवा भवनों की सड़क, लकड़ी एवं पाइप/सैनिटरी कार्यों के लिए जोनल कार्य; रु. 51 लाख; रु. 1,02,000/-। (17) ओ-एसी-टी-47-25-26; एईएन/2/अंडाल; 16; एसएसई/वर्क्स/पांडवेश्वर के अधीन अंडाल-सीतारामपुर लूप लाइन वाया तपसी में अंडाल (छोड़कर) से सीतारामपुर (छोड़कर) तक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के साथ सभी स्टाफ क्वार्टरों तथा सेवा भवनों की सड़क, लकड़ी एवं पाइप/सैनिटरी कार्यों के लिए जोनल कार्य; रु. 40 लाख; रु. 80,000/-। (18) ओ-एसी-टी-48-25-26; एईएन/2/अंडाल; 17; एसएसई (वर्क्स)/पांडवेश्वर के अधीन पुलों की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए जोनल कार्य; रु. 30 लाख; रु. 60,000/-। (19) ओ-एसी-टी-49-25-26; एईएन/I/अंडाल; 18; एसएसई (वर्क्स)/II/अंडाल के अधीन साऊथ कॉलोनी, वर्कशॉप कॉलोनी एवं दामोदर कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टरों के साथ सेवा भवनों में मरम्मत तथा रखरखाव सहित सड़क, लकड़ी एवं पाइप/सैनिटरी कार्यों के लिए जोनल कार्य; रु. 90 लाख; रु. 1,80,000/-। (20) ओ-एसी-टी-50-25-26; एईएन/I/अंडाल; 19; एसएसई (वर्क्स)/II/अंडाल के अधीन ट्रैफिक कॉलोनी, 9 नं. कॉलोनी, 12 नं. कॉलोनी तथा 11 नं. कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टरों के साथ सेवा भवनों में मरम्मत तथा रखरखाव सहित सड़क, लकड़ी एवं पाइप/सैनिटरी कार्यों के लिए जोनल कार्य; रु. 90 लाख; रु. 1,80,000/-। (21) ओ-एसी-टी-51-25-26; एईएन/I/अंडाल; 20; एसएसई (वर्क्स)/II/अंडाल के अधीन स्कूलों तथा पम्प हाउसों के साथ डीएसईवाई कॉलोनी के साथ सेवा भवनों में मरम्मत तथा रखरखाव सहित सड़क, लकड़ी एवं पाइप/सैनिटरी कार्यों के लिए जोनल कार्य; रु. 60 लाख; रु. 1,20,000/-। (22) ओ-एसी-टी-52-25-26; एईएन/2/अंडाल; 27; सीनि. डीईएन/4/आसनसोल के अनुभाग में एलसी गेट लॉज एवं सड़क मरम्मत इत्यादि के लिए जोनल कार्य; रु. 51 लाख; रु. 1,02,000/-। (23) ओ-एसी-टी-53-25-26; एईएन/मधुपुर; 21; एसएसई/(वर्क्स)/मधुपुर के अधीन सीतारामपुर-झाझा अनुभाग में रूपनारायणपुर (सहित) किमी. 227.200 से जसीडीह (छोड़कर) तक के साथ सभी सेवा भवनों एवं कॉलोनियों इत्यादि के साथ छोटी सड़क, लकड़ी का कार्य, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी कार्यों के लिए सभी जोनल कार्य; रु. 75 लाख; रु. 1,50,000/-। (24) ओ-एसी-टी-54-25-26; एईएन/मधुपुर; 22; एसएसई/वर्क्स/मधुपुर के अधीन मधुपुर (सहित) से गिरिडीह (सहित) तक के साथ सभी सेवा भवनों एवं कॉलोनियों इत्यादि के साथ छोटी सड़क, लकड़ी का कार्य, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी कार्यों के लिए सभी जोनल कार्य; रु. 51 लाख; रु. 1,02,000/-। (25) ओ-एसी-टी-55-25-26; एईएन/मधुपुर एवं एईएन/जसीडीह; 23; सीनि. डीईएन/2/आसनसोल के अधीन जोनल पुल कार्य; रु. 60 लाख; रु. 1,20,000/-। (26) ओ-एसी-टी-56-25-26; एईएन/जसीडीह; 24; एसएसई/वर्क्स/जसीडीह के अधीन सीतारामपुर-झाझा अनुभाग में जसीडीह (सहित) से झाझा (छोड़कर) तक तथा जसीडीह से बैद्यनाथधाम (सहित) तक के साथ सभी सेवा भवनों एवं कॉलोनियों इत्यादि के साथ छोटी सड़क, लकड़ी का कार्य, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी कार्यों के लिए सभी जोनल कार्य; रु. 55 लाख; रु. 1,10,000/-। (27) ओ-एसी-टी-57-25-26; एईएन/मधुपुर एवं एईएन/जसीडीह; 25; सीनि. डीईएन/2/आसनसोल अनुभाग में एलसी गेट लॉज एवं सड़क की मरम्मत इत्यादि के लिए जोनल कार्य; रु. 51 लाख; रु. 1,02,000/-। (28) ओ-एसी-टी-58-25-26; एईएन/जसीडीह; 28; एसएसई/वर्क्स/जसीडीह के अधीन जसीडीह (छोड़कर) से दुमका (सहित) तक, देवघर (सहित) से बांका (सहित) एवं मोहनपुर (सहित) से हँसडीहा (सहित) तक के साथ सभी सेवा भवनों एवं कॉलोनियों इत्यादि के साथ छोटी सड़क, लकड़ी का कार्य, पाइप बिछाना एवं सैनिटरी कार्यों के लिए सभी जोनल कार्य; रु. 30 लाख; रु. 60,000/-। **बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय :** 04.07.2025 को दोपहर 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-78/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजी/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी (1) सीकेपी-वेस्ट-25-26-03, दिनांक 11.06.2025;** चक्रधरपुर मंडल के तहत किमी. 233.880 से 515.117 के बीच पैदल यात्री/पशु/2-पहिया अंडर पास के लिए पुशिंग पद्धति द्वारा आरसीसी बॉक्स के साथ सबवे (आकार 2.5 मी x 2.5 मी = 59 अदद) का प्रावधान; रु. 88,04,51,780.81; रु. 45,52,300; **(2) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-09, दिनांक 11.06.2025;** (I) राजखरसावां-सोनुआ- 1 इन 12 = 14 अदद तथा 1 इन 8.5 = 9 अदद के लिए टीटीआर (टीएसआर)। (II) चक्रधरपुर मंडल-एसएसई/पी.वे/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन राजखरसावां-बड़ाबाम्बो-चक्रधरपुर स्टेशन के बीच किमी: 300.072 से 305.101 (अप), 310.100 से 312.400 (अप) एवं 295.940 से 312.900 (डाउन) तक टीएफआर-24.289 किमी। (III) राजखरसावां-सोनुआ-एसएसई/पी.वे/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन सीएमएस क्रॉसिंग का डब्ल्यूसीएमएस क्रॉसिंग में रूपांतरण; रु. 1,15,34,083.31; रु. 2,07,700; **(3) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-10, दिनांक 11.06.2025;** (I) एसएसई/पी.वे/डूमेत्रा के अधीन डूमेत्रा-बिमलगढ़, डूमेत्रा-लिंक सी के बीच टीएफआर 21.638 किमी। (II) एडीईएन/बंडामुंडा के अधीन किमी. 452.00-456.00 एस/एल तक 35 सेमी तक बैलास्ट कुशन को ऊंचा करने/डीप स्क्रीनिंग के साथ किमी से 4.00 किमी के लिए सम्पूर्ण बैलास्ट नवीनीकरण। (III) सहायक मंडल अभियंता/बंडामुंडा के क्षेत्राधिकार के अधीन ए केबिन बंडामुंडा-बिमलगढ़-बरसुआँ के बीच पीएससी (आरटी-8746) पर नए 60 किग्रा 260 मीटर रेल द्वारा 13.702 किमी के लिए सीटीआर (पी) प्रति किमी 1660 अदद (मौजूदा पीएससी स्लीपर); रु. 3,52,45,683.32; रु. 3,26,200; **(4) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-011, दिनांक 11.06.2025;** एसएसई/पी.वे-II/बंडामुंडा के क्षेत्राधिकार के अधीन राजखरसावां जंक्शन-सोनुआ (डाउन) - टीआरआर (पी)-10.322 टीकेएम तथा सोनुआ-मनोहरपुर-11.435 टीकेएम; रु. 3,03,17,186.48; रु. 3,01,600; **(5) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-12, दिनांक 11.06.2025;** (I) एसएसई/पी.वे-II/बंडामुंडा के क्षेत्राधिकार के अधीन महत्वपूर्ण पुलों तथा उसके पहुंच सड़कों पर अत्यंत पुरानी रेल का नवीनीकरण 7.661 किमी का टीआरआर(पी) (II) सहायक मंडल अभियंता/वेस्ट/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन राजखरसावां-बंडामुंडा-प्वाइंटों तथा क्रॉसिंगों का सम्पूर्ण बैलास्ट नवीनीकरण; रु. 1,57,95,195.16; रु. 2,29,000/-। **(6) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-13, दिनांक 11.06.2025;** एसएसई/पी.वे-II/बंडामुंडा के क्षेत्राधिकार के अधीन महत्वपूर्ण पुलों तथा उसके पहुंच सड़कों पर अत्यंत पुरानी रेल के 7.661 किमी के टीआरआर(पी) के तहत ट्रैक के साथ ड्रेन के निर्माण की लागत; रु. 2,03,78,793.54; रु. 2,51,900; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** प्रत्येक के लिए रु. 0.00। **खुलने की तारीख:** क्रमांक 1 के लिए 30.06.2025, क्रमांक 2 एवं 3 के लिए 07.07.2025 एवं क्रमांक 4 से 6 के लिए 11.07.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **टिप्पणी:** सभी निविदादाताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकारी-रेलवे बोर्ड पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020). **(PR-260)**

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 12-06-2025 21:52 Page 1



# गांवों की अर्थ व्यवस्था में बढ़ रही महिलाओं की हिस्सेदारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है। राज्य सरकार की दूरदर्शी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ जल संरक्षण और आजीविका संवर्धन को भी एक नई दिशा दी है। गांवों में निर्मित अमृत सरोवर अब महज जलाशय नहीं, बल्कि समग्र विकास के केंद्र तब्दील हो रहे हैं। इन सरोवरों के माध्यम से एक ओर जहां वर्षा के जल के संचयन से फसलों की सिंचाई की जा रही है, वहीं इन सरोवरों में मछली पालन से जीविका दीदियों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा जीविका दीदियों को प्रतिवर्ष 5,000 रुपये की सहायता राशि दी जा रही है, जिससे वे अमृत सरोवरों में मछली पालन कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना रही हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी भी सशक्त रूप से सामने आ रही है। 15वें वित्त आयोग के टाइड फंड की 30 प्रतिशत राशि से राज्य की ग्राम पंचायतों में पंचायती राज प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की देखरेख में इन सरोवरों का निर्माण किया गया है। प्रत्येक नए सरोवर का क्षेत्रफल 2 एकड़, 30 डिसमिल निर्धारित किया गया है। इससे भूजल के स्तर में सुधार हुआ है और लोगों को स्थानीय जल संकट से राहत मिली है।

इन सरोवरों के चारों ओर मियाकायी (जर्मन) पद्धति से बरगद और पीपल जैसे छायादार वृक्षों के पौधे लगाए जा रहे हैं। जिससे लोगों को गरमी से तो राहत मिल ही रही है, साथ ही शाम के समय सरोवरों के किनारे लोग अपने परिवार के साथ समय भी गुजार रहे हैं। गौरतलब है कि अब तक राज्य में कुल 2,613 अमृत सरोवरों का विकास किया जा चुका है।

राज्य के गांवों में रहने वाले लोगों को स्वच्छ जल के संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पारंपरिक जलस्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता दी जा रही है। अबतक राज्य की विभिन्न पंचायतों में 25,262 सार्वजनिक कुओं का जीर्णोद्धार तथा 18,526 सोख्ता निर्माण कार्य संपन्न हो चुका है।

इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर भूजल रिचार्ज को बढ़ावा देना और जल के सतत उपयोग को सुनिश्चित करना है। वित्तीय दृष्टिकोण से यह योजना 15वीं वित्त आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि से संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत न केवल सार्वजनिक जलस्त्रोतों का पुनरुद्धार किया जा रहा है, बल्कि पंचायत सरकार भवनों, जिला पंचायत संसाधन केंद्रों तथा अन्य सरकारी भवनों में वर्षाजल संचयन संरचनाओं का निर्माण भी सुनिश्चित किया गया है।

भवन निर्माण विभाग की ओर से वर्षाजल संचयन के लिए दो मॉडल प्राक्कलन उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें 'सैंडी सॉयल' के लिए 65,600 रुपए और 'अदर दैन सैंडी सॉयल' के लिए 95,000 रुपए की अनुमानित लागत है। पंचायती राज विभाग के अधीन सभी सरकारी भवनों में कम से कम एक वर्षाजल संचयन संरचना का निर्माण अनिवार्य रूप से किया गया है। बिना इस प्रावधान के कोई भी प्राक्कलन विभागीय स्वीकृति प्राप्त नहीं कर सकता। साथ ही, जिन त्रिस्तरीय पंचायत भवनों में अभी तक वर्षाजल संचयन की व्यवस्था नहीं की गई है, उनके लिए ग्राम पंचायत विकास योजना, प्रखंड पंचायत विकास योजना तथा जिला पंचायत योजना के अंतर्गत नई योजनाएं बनाकर संरचना निर्माण के निर्देश जारी किए गए हैं।

यह पहल न केवल जलसंकट से निपटने की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि जल संरक्षण की संस्कृति को भी ग्राम स्तर पर मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो रही है। पंचायती राज विभाग का यह प्रयास जल-जीवन-हरियाली अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावशाली रूप देने की दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण है।

# नशे में धुत्त पीआरएस ने दारोगा को दी धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सैनिक कॉलोनी में शराब के नशे में हंगामा कर रहे पंचायत रोजगार सेवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसी के साथ, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। बताया जाता है कि नशे में होने की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ आरोपित पीआरएस ने गाली-गलौज करते हुए पुलिस को वर्दी उतरवाने तक की धमकी दे डाली। काफी मुश्किल से उसे काबू में कर पुलिस थाने ले आई। इस दौरान उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए कई जन प्रतिनिधि भी थाना पहुंचकर छुड़ाने के प्रयास में लगे थे।

मामला नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की रात सैनिक कॉलोनी का है। नाली के विवाद को लेकर राजपुर प्रखंड के नागपुर पंचायत में कार्यरत मिश्रवलिया निवासी पंचायत रोजगार सेवक शिवजी यादव शराब के नशे में धुत्त गाली-गलौज करते हुए हंगामा कर रहा था। तभी हंगामा बढ़ता देख किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस से ही पीआरएस उलझ गया और गाली-गलौज करने लगा।

नशे में धुत्त शिवजी यादव ने एक दारोगा को वर्दी के साथ चमड़ी तक उतरवाने की धमकी दे दी और मामला हाथापाई तक पहुंच गया।

हालांकि, किसी तरह पुलिस ने उसे काबू में किया और आरोपित पीआरएस को हिरासत में लेते हुए थाने ले आई। इधर, नशे में पीआरएस के गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही थाना पर पैरवी करने वालों का जमघट लगने लगा।

घटना की पुष्टि करते हुए सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि आरोपित की मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे जुमार्ना के लिए कोर्ट भेजने की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल, आरोपित के विरुद्ध पुलिस से दुर्व्यवहार मामले में कोई प्राथमिकी किए जाने की सूचना नहीं है।

## बीसीए छात्र की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** जिला मुख्यालय स्थित कब्रिस्तान रोड, हटिया गांछी में स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान के बंद कमरे से बीसीए की तैयारी कर रहे छात्र का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान आयुष सिंह के रूप में हुई है, जो पिछले कुछ महीनों से एमएलटी कॉलेज के एक शिक्षक के संस्थान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और कमरे से एक कथित सुसाइड नोट बरामद किया।

# चिकित्सक को दौड़ा-दौड़ाकर मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवगछिया।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के करचीरा गांव में गुरुवार को दिनदहाड़े एक सनसनीखेज वारदात हुई। गांव में रहने वाले ग्रामीण चिकित्सक मोहम्मद रिजवान को अवैध संबंध के आरोप में दौड़ा-दौड़ाकर ताबड़तोड़ गोलियां मारी गईं। गंभीर रूप से घायल रिजवान को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण उसकी मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब रिजवान अपनी गाड़ी से करचीरा गांव में दूध लाने अपने सहयोगी के साथ पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए गांव के ही मखरा उर्फ अनिल राय ने उन्हें देख अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जान बचाने के लिए रिजवान गाड़ी छोड़कर गांव की गलियों में भागने लगे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें दौड़ाकर सीने समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में तीन गोलियां मारीं।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल चिकित्सक को ऑटो से गोपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मायागंज अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही नवगछिया एसपी प्रेरणा कुमार, एसडीपीओ ओमप्रकाश, यातायात डीएसपी अभिषेक कुमार सहित गोपालपुर, रंगरा, नवगछिया, खरीक, झंडापुर थाना और डीआईओ की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

एसपी प्रेरणा कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी ली और गोपालपुर थाना पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए।

# सीएसपी संचालक को गोली मारकर लाखों लूटे

## रुपये से भरा बैग और लैपटॉप ले भागे अपराधी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के औराई औराई थाना क्षेत्र अंतर्गत बागमती परियोजना उत्तरी बांध पर गुरुवार को सीएसपी संचालक टुनटुन साह को बाइक सवार लुटेरों ने गोली मारकर साढ़े सात लाख रुपये व लैपटॉप लूट लिए।

घटना के बाद लोगों की भीड़ लगी, लेकिन बदमाश भाग निकले। बताया जाता है कि सीएसपी संचालक टुनटुन साह अपने गांव भरथुआ से औराई बाजार स्थित धर्मशिला देवी मार्केट में बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी दुकान पर जा रहा था।

इस बीच बागमती परियोजना उत्तरी बांध पर उसरी बेशी गांव के समीप बाइक पर सवार दो नकाबपोश अपराधी हाथ में पिस्टल लिए उसे घेर लिया।



दाहिने पैर में गोली मार दी, जिससे वह गिर गया। इसके बाद साढ़े सात लाख रुपये वाला बैग और लैपटॉप लेकर बदमाश फिर उसरी बेशी की तरफ भाग निकले।

इस घटना की औराई थाने को सूचना दी गई। मामले में पुलिस ने परसामा गांव निवासी पकौड़ी सहनी के पिता प्रह्लाद सहनी को गिरफ्तार किया है। वहीं, अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। घायल का इलाज सीएचसी औराई में किया गया है।

# बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## विधायक सहित कई कार्यकर्ता हिरासत में



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**किशनगंज।** शहर में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी के स्थानीय विधायक इजहारुल हुसैन सहित दर्जनों नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

प्रदर्शन किशनगंज शहर के जुलजुली इलाके में किया जा रहा था, जहां विधायक इजहारुल हुसैन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुटे थे। हालांकि प्रशासन से अनुमति न लेने का हवाला देते हुए टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और करीब 15 से 20 नेताओं को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

पुलिस कार्रवाई के बाद विधायक इजहारुल हुसैन ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमने यह आंदोलन बेरोजगारी के खिलाफ हमारे नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आह्वान पर किया है। आज पूरे देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता इसी मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतरे हैं। किशनगंज में हमने रोजगार कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण धरना देने की कोशिश की, लेकिन यह सरकार पुलिस के बल पर तानाशाही थोप रही है।

कांग्रेस के किशनगंज जिला अध्यक्ष इमाम अली उर्फ चिंटू ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह दमनकारी सरकार हमेशा विरोध की आवाज को दबाने का काम करती है। लेकिन हम जेल और लाठी से डरने वाले नहीं हैं। सरकार के पास इतनी जेलें नहीं होंगी जितनी आवाजें हम उठाएंगे। आज हमने सड़क पर शुरूआत की है, आगे यह आंदोलन सदन तक पहुंचेगा।

इस पूरे मामले पर टाउन थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन ने जानकारी दी कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली थी। उन्होंने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया। हिरासत में लिए गए सभी लोगों को पीआर बॉन्ड भरवाने के बाद रिहा कर दिया गया है।

# सरकार के खिलाफ कांग्रेस का रोजगार मार्च




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जहानाबाद रेलवे स्टेशन से लेकर जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र कार्यालय तक मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बिहार में पिछले 20 वर्षों से एनडीए की सरकार है, लेकिन आज भी शिक्षित युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं और मजबूरी में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में लगभग पांच लाख युवाओं को नौकरी दी गई थी, लेकिन वर्तमान सरकार केवल आश्वासन देकर युवाओं को गुमराह कर रही है।

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि राज्य सरकार सभी विभागों में रिक्त पड़े पदों को जल्द से जल्द भरे, ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो आने वाले दिनों में इससे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस्तीफे की भी मांग की।

# वर्कशॉप में एनटीपीसी के कर्मी ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग (केरेडारी)।** केरेडारी थाना क्षेत्र के बेंगवरी गांव निवासी बसंत कुमार (पिता - खीरु साव) ने बुधवार को सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक एनटीपीसी केरेडारी कोल खनन परियोजना की आउटसोर्सिंग कंपनी बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड में सहायक (हेल्पर) के पद पर कार्यरत था।

सूत्रों के अनुसार, आज उसका साप्ताहिक अवकाश था, बावजूद इसके वह कंपनी के वर्कशॉप परिसर में पहुंचा और सल्फास की गोली खा ली। गोली खाते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह तड़पने लगा। यह दृश्य देख वहां मौजूद कामगारों ने तुरंत उसे एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया।

हालांकि, जब उसे इलाज के लिए बड़कागांव अस्पताल ले जाया गया, तो वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था, जिससे इलाज में देरी हुई और



अंततः युवक की मौत हो गई।

मृतक के आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है, और स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही पर भी लोगों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। कंपनी के अधिकारी से संपर्क करने पर बताया कि आज मृतक का अवकाश था कैसे ड्यूटी पर आया उसकी जांच किया जा रहा है

# तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार किशोर को रौंदा, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के कोरारी गांव में गुरुवार को तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार किशोर को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में साइकिल सवार किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो किशोरों में से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, दूसरा किशोर गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज निजी क्लिनिक में चल रहा है।

मृत साइकिल सवार की पहचान फौजदारी बिगहा गांव निवासी मनोज यादव के 15 वर्षीय पुत्र रवीश कुमार के रूप में की गई है। वह करायापशुराय से पढ़ाई कर साइकिल से घर लौट रहा था। दूसरी ओर, मृत बाइक सवार किशोर की पहचान कोरारी गांव निवासी छोटे पासवान के 16 वर्षीय पुत्र विनंत कुमार के रूप में हुई है। घायल किशोर का नाम सन्नी कुमार है, जो कोरारी गांव निवासी कमलेश पासवान का पुत्र है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, विनंत कुमार तेज रफ्तार में बाइक चला रहा था। जैसे ही वह कोरारी गांव के हरेंद्र पासवान के घर के पास पहुंचा, सामने से आ रहे रवीश कुमार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर हरेंद्र पासवान के घर के शटर को तोड़ते हुए सीधे कमरे के अंदर घुस गई।

हादसे में रवीश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक सवार दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रवीश को मृत घोषित कर दिया। इलाज के दौरान विनंत कुमार ने भी दम तोड़ दिया। सन्नी कुमार का इलाज एक निजी क्लिनिक में चल रहा है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

नगरनौसा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पवन ने बताया कि हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल बिहार शरीफ भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मॉनसून पूर्व तैयारी को लेकर बैठक

**अररिया।** मॉनसून पूर्व तैयारी एवं संभावित बाढ़ की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारी, अनिल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में हाईब्रिड मोड में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस क्रम में ऑनलाईन मोड में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी अपने-अपने प्रखंड मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जबकि सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी गण भौतिक रूप से सभागार में उपस्थित थे।

# डायल 112 ने दो छात्राओं को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के जजुआर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में पुलिस की डायल 112 की गश्ती वाहन ने दो छात्राओं को रौंद दिया। इस घटना में एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वाहन का चालक नशे में था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया और जमकर बवाल काटा।

मिली जानकारी के अनुसार, दोनों छात्राएं स्कूल से पढ़ाई कर लौट रही थीं और सड़क किनारे एक दुकान के पास खड़ी थीं, तभी तेज रफ्तार में आई डायल 112 की पुलिस वैन ने उन्हें कुचल दिया। मृत छात्रा की पहचान 13 वर्षीय किरण कुमारी के रूप में हुई है, जबकि घायल छात्रा 13 वर्षीय मोहजबी बानो है, जो मोहम्मद असगर की पुत्री बताई जा रही है।हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मौके पर हंगामा किया और पुलिस वाहन को घेर लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स को मौके पर भेजा गया। ग्रामीण दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। बाद में एडिशनल एसपी शहरियार अख्तर और ग्रामीण एसपी विद्यासागर मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर मामला शांत कराया।

ग्रामीणों का आरोप है कि गश्ती वाहन निजी चालक चला रहा था, जो नशे की हालत में था। इसी लापरवाही के कारण एक मासूम बच्ची की जान चली गई। लोगों का कहना है कि जब तक दोषी चालक और जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं होती, वे शांत नहीं बैठेंगे। ग्रामीण एसपी विद्यासागर ने बताया कि डायल 112 की पुलिस गश्ती वाहन से टक्कर के कारण यह हादसा हुआ है। एक छात्रा की मौत हो चुकी है और दूसरी का इलाज जारी है।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर प्रोफेशनल मीट आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर, भारत सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हजारीबाग स्थित फ्लोरिश्टा बैंक्वेट हॉल में प्रोफेशनल मीट एवं चित्र प्रदर्शनी पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक सुदेश चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन सहसंयोजक सह भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन कुणाल किशोर दुबे द्वारा किया गया।

इस विचार गोष्ठी में पूर्व मुख्यमंत्री एवं उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक मनोज यादव, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, एवं ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव




विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद महिला मोर्चा की बहनों ने वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में डॉक्टर, वकील, शिक्षक, समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए।

मुख्य अतिथि रघुवर दास ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार गरीबों, किसानों और नारी शक्ति के उत्थान के लिए पूर्णतः समर्पित है। उन्होंने कहा कि हमारी और मोदी जी की राजनीति पार्टी नहीं, राष्ट्रहित के लिए है। उन्होंने मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, नल से जल, जनधन योजना, और प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए ह्यनए भारत की उपलब्धियांह्न बताईं। सांसद ने कहा कि एनडीए शासन में भारत का नेतृत्व सशक्त और निर्णायक है। प्रधानमंत्री मोदी आज शेर की तरह सीना तानकर आगे-आगे चल रहे हैं, वहीं पिछली सरकारों में प्रधानमंत्री पीछे चलते थे। उन्होंने कहा कि यह नवीन भारत की पहचान है।

सरोज सिंह, मनोज यादव, प्रदीप प्रसाद और लोकनाथ महतो ने भी मोदी सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में हुई वृद्धि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला स्तरीय कार्यकर्ता, महिला मोर्चा, मंडल अध्यक्ष, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेणुका साहू, आनंद देव, दामोदर सिंह, ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, अजीत गुप्ता, श्वेता सिन्हा, रतन सिंहा सहित दर्जनों लोगों की सहभागिता रही।

# इनामी कुख्यात चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** जिले की पुलिस ने कोसी और सीमांचल क्षेत्र के कुख्यात अपराधी नील सागर यादव उर्फ लील सागर यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर मिली। जिला आसूचना इकाई और सोनवर्षा राज थाना की पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर बैजनाथपुर थाना क्षेत्र से उसे पकड़ा। उसके ऊपर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

गिरफ्तार अपराधी सहरसा जिले के सोनवर्षा राज थाना क्षेत्र के जमहारा गांव का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने बताया कि नील सागर यादव पर सहरसा, पूर्णिया और मधेपुरा जिलों में कुल 37 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी, आर्म्स एक्ट, विधि व्यवस्था भंग करने जैसी संगीन धाराएं शामिल हैं।

एसपी के मुताबिक, आरोपी पर सोनवर्षा राज थाना में दर्ज कांड संख्या 219/24 (जो 13 दिसंबर 2024 को दर्ज हुआ था) और कांड संख्या 97/25 (जो 1 जून 2025 को दर्ज हुआ था) में वह वांछित था। उसके खिलाफ व्यवहार न्यायालय से गैर जमानती वारंट और कुर्की की कार्रवाई भी जारी की गई थी। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश में थी। एसपी ने बताया कि नील सागर यादव पर 2003 से लेकर अब तक सहरसा जिले के सोनवर्षा राज, बलवाहाट, बसनही, सौर बाजार, सोनबरसा कचहरी और सदर थाना में अलग-अलग संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं। इसके अलावा मधेपुरा जिले के बिहारीगंज, मुरलीगंज और अरार थाना में भी उसके खिलाफ केस दर्ज हैं। वहीं, पूर्णिया जिले के बड़हरा कोठी थाना में भी उस पर गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

CMYK

# मच्छर जनित रोगों से निपटने के लिए प्रबंधन एवं उपचार पर विशेष बल : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में मच्छर जनित रोगों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग इसके प्रबंधन और उपचार पर विशेष बल दे रहा है। इस दिशा में डेंगू, चिकनगुनिया एवं मलेरिया जैसे रोगों की ससमय पहचान एवं संपूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मनाए जाने वाले मलेरिया दिवस से ही स्वास्थ्य विभाग मलेरिया संक्रमण के खिलाफ जागरूकता मुहिम शुरू कर चुकी है। इस जागरूकता मुहिम को और बल देने के लिए इस वर्ष भी पूरे जून माह को एंटी मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान उचित योजना के तहत पूरे राज्य में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। हाई रिस्क क्षेत्रों में एक्टिव केस डिटेक्शन तथा मलेरिया रोकथाम की गतिविधियों पर विशेष बल दिया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि एंटी मलेरिया माह की गतिविधियों में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों तथा अन्य स्टेक होल्डर के साथ मिलकर एडवोकेसी वर्कशॉप आयोजित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। संबंधित सरकारी विभागों, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों, निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों तथा अन्य हितधारकों के सहयोग से अंतर-क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। जलजमाव वाले स्थानों तथा अन्य लक्षित स्थलों पर लार्वासाइडल का छिड़काव के साथ जलजमाव को रोका जाएगा। हाई मलेरिया एंडीमिक जोन्स, सीमावर्ती क्षेत्रों, अनुसूचित एवं जनजातीय क्षेत्रों, शहरी तथा अर्ध शहरी क्षेत्रों में प्रचार प्रसार के विभिन्न माध्यमों से जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। श्री पांडेय ने बताया कि एंटी मलेरिया माह के दौरान प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कैंपेन में तेजी लाई जाएगी। बच्चों में मलेरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर, माइकिंग, स्लोगन, राइटिंग, क्वीज कम्पटीशन का आयोजन भी कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को पूर्व में मलेरिया संबंधी दिशा -निर्देशों का अनुपालन करने के लिए निर्देशित भी किया है। मलेरिया से बचाव का सबसे असरदार उपाय मच्छरों की वृद्धि को रोकना है।

## मंत्री मंगल पांडेय ने विमान हादसे पर दुख जताया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडेय ने अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में यात्री विमान के क्रैश होने की घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों व उनके परिवारों के साथ है। इस संकट की घड़ी में हम सब घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की दुआ करें। हम यह प्रार्थना करें कि इस हादसे में मृतकों के परिजनों को असहनीय दुख सहन करने की शक्ति ईश्वर प्रदान करें।

# किसी सजायाफ्ता को भारत रत्न देने की मांग हास्यास्पद : संतोष सुमन

## चारा घोटाले के पांच-पांच मामलों के सजायाफ्ता हैं राजद प्रमुख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संतोष सुमन ने कहा है कि चारा घोटाले के पांच-पांच मामलों में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव को भारत रत्न देने की राजद की मांग हास्यास्पद है। चारा घोटाला के दोषसिद्ध मामलों में उन्हें 25 साल से ज्यादा की सजा मिल चुकी है। राजद के उत्साही नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा पटना के अनेक चौक-चौराहों पर फ्लैक्सी होर्डिंग लगा कर श्री यादव को भारत रत्न देने की मांग एक तरह से इस अलंकरण का अपमान है। श्री सुमन ने कहा कि लैंड फॉर जॉब स्कैम, बेनामी सम्पत्ति और आई आर सी टी सी घोटाले के भी लालू प्रसाद मुख्य आरोपी हैं। चारा घोटाले के तहत चाईबासा ट्रेजरी, देवघर ट्रेजरी के दो-दो मामले, दुमका और डोरंडा ट्रेजरी से अवैध निकासी में लालू प्रसाद को कुल 25 साल छह महीने की सजा मिल चुकी है। इसके साथ ही कोर्ट ने उन पर 1.95 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है। उन्होंने कहा कि अराजकता और भ्रष्टाचार के पर्याय लालू प्रसाद की एक पहचान अपहरण व दलितों के नरसंहार करने वालों को राजनीतिक संरक्षण देने के लिए भी रही है। जिस राजद के वे स्वंभू सुप्रीमो बने हुए हैं के शासनकाल को ही पटना हाईकोर्ट ने 'जंगल राज' की संज्ञा दी थी। श्री सुमन ने पूछा है कि क्या राजद अपने इन बदबूदार दागों को धोने के लिए एक सोची-समझी रणनीति के तहत लालू प्रसाद को भारत रत्न जैसे देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित सम्मान देने की मांग कर रहा है? क्या लालू प्रसाद यादव ईमानदारी और राजनीतिक शुचिता के प्रतीक कर्पूरी ठाकुर की बराबरी कर सकते हैं?

# महागठबंधन की बैठक में घटक दलों से मांगा गया सीटों का ब्यौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की गुरुवार को हुई चौथी बैठक में सहयोगी दलों से सीटों का ब्यौरा मांगा गया है। प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के सरकारी आवास एक पोलो रोड पर हुई बैठक में आपसी समन्वय और कानून-व्यवस्था को लेकर आंदोलन की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक का नेतृत्व तेजस्वी यादव कर रहे थे। दरअसल पिछली तीन बैठकों के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा था कि इस बार गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर चर्चा होगी और फैसला लिया जाएगा। लेकिन इस बार भी इस पर फैसला नहीं हुआ। लेकिन महागठबंधन में शामिल दलों से सीटों का ब्यौरा मांगा गया जिस पर विचार किया जाएगा। बैठक में मौजूद राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दूल बारी सिद्दीकी ने बताया कि सभी दलों ने अपनी बात रखी जिन्हें कमिटी ने गौर से सुना है। इस दौरान सीट बंटवारे पर उन्होंने बताया कि इस पर फैसला नहीं हुआ है। तेजस्वी यादव को इसके लिए अधिकृत किया गया है। वहीं बैठक में शामिल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बैठक में कई अहम प्रस्ताव रखे गए जिन पर निर्णय लिया जाएगा। सीट बंटवारे के सवाल पर उन्होंने कहा कि इंतजार कीजिए, सब कुछ फॉर्मूले के तहत होगा। वहीं मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर पूछे गए सवाल पर राजेश कुमार ने कहा कि देखिए, सबको सब पता है। समय आने पर सब कुछ स्पष्ट कर दिया जाएगा। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल मिलकर भाजपा और उसके गठबंधन की सरकार को हटाएंगे। इस दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने भी स्पष्ट संकेत दिया कि महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के दावेदार तेजस्वी यादव ही होंगे। उन्होंने कहा कि सभी को सब कुछ पता है। सच की जीत होगी। हम लोग पूरी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेंगे । उन्होंने कहा कि बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी समय पर दी जाएगी। शकील अहमद खान ने भाजपा और उनके गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में जो दो बड़का झूठा पार्टी सत्ता में हैं, उन्हें यहां से हटाना है। बैठक में एनडीए सरकार को किन मुद्दों पर घेरा जाए, इस पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। साथ ही बूथ स्तर पर सहयोगी दलों में समन्वय को लेकर रणनीति बनाई जाएगी, ताकि गठबंधन की जमीनी पकड़ मजबूत हो। बैठक में महागठबंधन के प्रमुख दलों के शीर्ष नेता शामिल हुए। जिसमें राजद की ओर से तेजस्वी यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, संजय यादव, आलोक मेहता और रणविजय साहू। कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, विधायक दल नेता शकील अहमद खान और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा। भाकपा माले की ओर से कुणाल, धीरेंद्र झा, राजाराम सिंह। माकपा की ओर से ललन चौधरी, अजय कुमार और अवधेश कुमार। जबकि भाकपा की ओर से रामनरेश पांडेय, रामबाबू कुमार और अजय कुमार सिंह और वीआईपी की ओर से पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी बैठक में शामिल हुए।

# पंकज कुमार ने कृषि विभाग के प्रधान सचिव का ग्रहण किया पदभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पंकज कुमार ने आज कृषि भवन, पटना में औपचारिक रूप से कृषि विभाग, बिहार के प्रधान सचिव का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के समय निवर्तमान सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने प्रधान सचिव का स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कृषि भवन में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक परिचयात्मक बैठक की। बैठक की शुरुआत में प्रधान सचिव ने सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और विभाग की प्रमुख योजनाओं, कार्यक्रमों और वर्तमान कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और समर्पण की अपेक्षा जताई। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि विभाग राज्य की रीढ़ है और इसकी सक्रियता एवं नवाचार ही किसानों की समृद्धि की कुंजी है। पंकज कुमार ने बैठक में निदेश दिया कि प्रत्येक संभाग के अधिकारी आगामी समीक्षा बैठक के लिए अपने-अपने क्षेत्र की प्रगति, योजनाओं की स्थिति और चुनौतियों पर आधारित विषयवार पी.पी.टी. प्रस्तुति तैयार रखें। उन्होंने कहा कि सूचनाओं और डाटा का समुचित विश्लेषण ही प्रभावी योजना निर्माण का आधार होता है। प्रधान सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी अधिकारियों को समन्वय एवं सहयोग की भावना से कार्य करना होगा ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थी तक सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रत्येक कार्य किसान हित को केंद्र में रखकर किया जाना चाहिए। किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनके कल्याण हेतु सभी स्तरों पर हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए।

# लोजपा(रा) प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में आठ प्रस्ताव पारित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोजपा (रा) की प्रदेश कार्यकारिणी की गुरुवार को हुई बैठक में आठ अहम प्रस्ताव पारित हुआ। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और सांसद अरुण भारती की अध्यक्षता में हुई बैठक में बहुजन समाज के अधिकारों, जनकल्याण की योजनाओं और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर गंभीर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। इसके लिए संगठनात्मक स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इस दिशा में सांसद अरुण भारती को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी ने बहुजन समाज के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर गहरी चिंता जताई। कार्यकारिणी ने बहुजन छात्रों की छात्रवृत्तियों में कटौती, देरी और भेदभाव पर आपत्ति दर्ज की और इसे दूर करने के लिए संघर्ष का संकल्प लिया। महादलित समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए पार्टी ने खुद को संघर्ष के लिए प्रतिबद्ध बताया। इसके साथ ही आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर पार्टी ने राज्य की सभी 243 सीटों पर मजबूत और निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराने का संकल्प लिया। बैठक में शाहाबाद में आयोजित 'नव संकल्प महासभा' की सफलता पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन समारोह सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दरभंगा की ऐतिहासिक भूमि पर विकसित कृषि संकल्प अभियान (समापन समारोह) - सह - शारदीय (खरीफ) कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को तकनीकी जानकारी, सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा कृषि नवाचारों से अवगत कराना था। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में भारत की कृषि नीति में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। वर्ष 2014 में कृषि बजट जहां 21,930 करोड़ रूपये था, वह बढ़कर आज 1,27,200 करोड़ रूपये हो गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से 9.8 करोड़ रूपये किसानों को 3.7 लाख करोड़ रूपये की राशि हस्तांतरित की गई है जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में किसानों को 23.61 रूपये लाख करोड़ की सहायता मिली है। किसानों की ऋण सुविधा को सशक्त करते हुए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख रूपये से बढ़ाकर 5 लाख रूपये की गई है। 25 करोड़ रूपये से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित कर मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने में सहायता दी गई है। इसी प्रकार बिहार में भी कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति हुई है। वर्ष 2005 में जहां कृषि बजट मात्र 20 करोड़ रूपये था, वह अब बढ़कर 3,600 करोड़ रूपये तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चतुर्थ कृषि रोड मैप वर्ष 2023-28 का 162268.78 करोड़ रूपये की लागत पर योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान को 29 मई से 12 जून 2025 तक राज्य के सभी जिलों में वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्रों एवं विश्वविद्यालयों के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित किया गया। यह अभियान प्रधानमंत्री के 'लैब-टु-लैंड' के मंत्र को साकार करता है जिसमें वैज्ञानिक गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद कर रहे हैं। इस अभियान से यदि प्रति हेक्टेयर एक क्विंटल उत्पादन भी बढ़ता है, तो देशभर में 20 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन संभव है। मंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिकों की सलाह लेकर नई तकनीकों को अपनाएं जिससे उत्पादन में वृद्धि हो, लागत घटे और आमदनी बढ़े। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में वर्ष 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन 3,309 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है जिसमें शारदीय (खरीफ) चावल 1,206 लाख टन, गेहूं 1,154 लाख टन और बागवानी उत्पादन 3,621 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है। समारोह में दरभंगा की ऐतिहासिक विरासत को नमन करते हुए उन्होंने महाराजाधिराज कामेश्वर सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और मिथिलांचल की सांस्कृतिक महत्ता 'पग-पग पोखरि माछ मखान, मधुर बोली मुख में पान' का उल्लेख कर कृषि परंपरा को सम्मानित किया।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने अहमदाबाद विमान हादसे पर अपनी गहरी संवेदना वव्यक्त करते हुए इसे अत्यंत ही दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। श्री सुमन ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन का टेकऑफ के दो मिनट बाद ही क्रैश होना दुर्भाग्यपूर्ण है जिसकी गहनता से जांच होनी चाहिए। स्थानीय प्रशासन, राज्य व केंद्र सरकार की ओर से जिस तत्परता से बचाव व राहत कार्य किये गए है, वह सराहनीय है। नागर विमानन मंत्रालय को दुर्घटना के कारणों की अविलम्ब जांच करनी चाहिए, ताकि आगे से ऐसी दुर्घटनाएं टाली जा सकें। उन्होंने कहा कि क्रू मेंबर्स के साथ विमान में 242 पैसेंजर सवार थे। इनमें 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था।

हादसे में किसी के भी बचे होने की उम्मीद ना के बराबर है। यात्रियों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी भी थे। ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी।

# डाबर ग्लुकोज ने युवा एथलीट्स को बढ़ावा देने के लिए लांच किया एनजाइज इंडिया कैंपेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन 'एनजाइज इंडिया' का लॉन्च किया है। इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज ने आज वाईसीसी स्पोर्ट्स अकादमी पटना में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के अलावा दिनेश कुमार, मैनेजर, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, डाबर इण्डिया लिमिटेड एवं वाईसीसी स्पोर्ट्स अकादमी के मुख्य कोच संतोष कुमार मौजूद थे। सत्र के दौरान एथलीट्स को बताया गया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। डाबर ने इस एकेडमी के टॉप एथलीट्स को सम्मानित भी किया। इससे पहले एनर्जी सैशन के दौरान युवा एथलीट्स को बताया गया कि खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत जरूरी है। इस सत्र के दौरान उन्हें बताया गया कि वे किस तरह अपने स्टैमिना और धैर्य में सुधार ला सकते हैं जो एथलीट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। डाबर इंडिया लिमिटेड के अमित गर्ग, मार्केटिंग हैड- हेल्थ सप्लीमेंट्स, ने कहा कि 'हमें खुशी है कि युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए हम 'एनजाइज इंडिया' कैंपेन लेकर आए हैं। यह कैंपेन उन्हें अपने खेल में एनर्जी के साथ बेहतरीन परफोर्मेन्स देने के लिए प्रेरित करेगा।

# बेरोजगारी और अपराध के खिलाफ कांग्रेस का राज्यव्यापी रोजगार केन्द्रों पर तालाबंदी

## बिहार के युवा पलायन को हैं मजबूर, एनडीए शासन में नौकरियों की किल्लत : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार में कांग्रेस की राज्यव्यापी नौकरी दो या सत्ता छोड़ो प्रदर्शन के तहत पटना में इनकम टैक्स गोलंबर पर स्थित रोजगार एवं नियोजन भवन पर हजारों युवाओं, छात्रों, संविदा कर्मियों और नागरिकों ने एकजुट होकर बढ़ती बेरोजगारी और बढ़ते अपराध के खिलाफ ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन किया। बिहार की आम जनता ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार को सख्त चेतावनी दी और चेताया कि बिहार के युवाओं को नौकरी दो या सत्ता छोड़ो। यह आंदोलन बिहार के युवाओं, छात्रों और संविदा कर्मियों के भविष्य को बचाने और उनका हक दिलाने का इंकलाबी अभियान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में व्यापक प्रदर्शन के रूप में उभरा। विरोध प्रदर्शन में आये हजारों बेरोजगार युवाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर आक्रोश जताते हुए रोजगार केंद्र पर ताला जड़ दिया और नारेबाजी की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा पिछले 20 साल में टायर्ड मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सबसे बड़ी उपलब्धि है 5 करोड़ युवाओं का बेरोजगार होना। आज बिहार में डबल इंजन सरकार के रहते बेरोजगारी का यह आलम है कि 45 विभागों में 5 लाख से अधिक सरकारी पद खाली पड़े हैं।

# प्रो. रणबीर नंदन बने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार ने पूर्व विधान पार्षद व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. रणबीर नंदन को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद (बिहार स्टेट रीलीजियस ट्रस्ट बोर्ड ) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में विधि विभाग द्वारा 12 जून 2025 को अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रो. नंदन को हिंदू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 8(4) के तहत यह नियुक्ति दी गई है। इसके साथ ही बोर्ड के 11 अन्य सदस्यों के नामों की भी अधिसूचना जारी की गई है। प्रो. नंदन बिहार की राजनीति और शिक्षण जगत दोनों में एक परिचित चेहरा हैं। तेजतर्रार वक्ता और प्रशासनिक समझ रखने वाले प्रो. रणबीर नंदन को पहले बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे हैं। इसके अलावा धार्मिक व सांस्कृतिक मामलों में इनकी पकड़ को देखते हुए यह नियुक्ति अहम मानी जा रही है। बोर्ड में विभिन्न जिलों से 11 अन्य सदस्य भी नामित किए गए हैं। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अन्य सदस्यों में विधायक हरीभूषण ठाकुर बचोल, दयानंद कुमार, विश्वमोहन दास, आनंद कुमार, विवेकानंद गिरी, हिमराज राम, सायण कुणाल, चंदन कुमार सिंह, राम बहादुर सिंह और अभिमन्यु कुमार सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया है।

# धर्मप्रेम की दीपशिखा से आलोकित हुआ आदिनाथ चैत्यालय

## प्राचीन जिनबिंबों के साथ दो दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन प्रारम्भ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**पटना।** सकल दिगम्बर जैन समाज पटना के सौजन्य से पटना नगर के प्रथम दिगम्बर जैन मंदिर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय में भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ प्रारम्भ हुआ। यह दिव्य आयोजन पूज्य समाधिस्थ आचार्य श्री विराग सागर जी, समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी मुनिराज के मंगल आशीर्वाद तथा पूज्य मुनि श्री प्रमाणसागर जी की प्रेरणा से सम्पन्न हो रहा है। इसमें प्रतिष्ठाचार्य डॉ. अभिषेक जैन, शिक्षाचार्य, जैन मुनि श्री विशल्य सागर जी के सान्निध्य में सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन कर रहे हैं। इस जिनालय का जीर्णोद्धार स्वर्गीय शांतिलाल जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं के सहयोग से पूर्ण हुआ है जिसका संपूर्ण दायित्व संयोजक के रूप में शांतिलाल महेश कुमार सेठी परिवार ने वहन किया है। इससे पूर्व गुरारा जैन मंदिर में महेश जैन सेठी ने भगवान का शांतिधारा किया तथा सभी श्रद्धालुओं ने भगवान को अष्ट द्रव्य चढ़ाया। मौके पर जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि प्रातःकाल गुरारा जैन मंदिर से घटयात्रा का शुभारंभ हुआ, जो विविध धार्मिक औपचारिकताओं के साथ काली बीबी के कटरा स्थित जिर्णोधारित श्रीआदिनाथ जिनालय तक पहुंचा। आज के दिन मंदिर परिसर में ध्वजारोहण, मंडप शुद्धि, मंडप प्रतिष्ठा, जिनबिंबों का अभिषेक, शांतिधारा तथा यागमंडल विधान जैसी मंगल विधियां जैन मुनि श्री विशल्य सागर जी के सानिध्य में दमोह, मध्य प्रदेश से पधारे प्रतिष्ठाचार्य डॉ अभिषेक जैन द्वारा सम्पन्न कराई गई। जयपुर से पधारे राजेश पुजारी पूजा में सहयोग कर रहे हैं तथा जयपुर से हीं पधारे संगीतकार मनीज एवं पार्टी ने अपने संगीत से इस पूजा के आयोजन को संगीतमय बना दिया। इस पूरे आयोजन ने भक्तजनों को आध्यात्मिक उल्लास से अभिभूत कर दिया।

# अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' एवं 'विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना' के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि पतञ्जलि मुनि स्मृति अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक अन्तर्राष्ट्रीय निरन्तर 33वां संस्कृत सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने की, जो अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना हैं। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा संस्कृत न केवल भारत की सांस्कृतिक आत्मा है, अपितु योग एवं आयुर्वेद जैसी भारत की अमूल्य परंपराओं का संवाहक भी है। उद्घाटनकर्ता डॉ. अनिल कुमार सिंह (पूर्व सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश) ने अपने वक्तव्य में कहा कि महर्षि पतञ्जलि एक सार्वकालिक मनीषी थे जिन्होंने योग आयुर्वेद एवं व्याकरण तीनों क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लीना चौहान (राष्ट्रीय उपाध्यक्षा) ने करते हुए कहा कि पतञ्जलि मुनि की स्मृति में इस आयोजन का होना, संस्कृत एवं योग दोनों के प्रचार-प्रसार के लिए ऐतिहासिक पहल है। मंच संचालन पिंटू कुमार (राष्ट्रीय संयोजक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं शोधार्थी, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने सरस शैली में किया। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि धमेन्द्र पति त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल कुमार चौबे एवं मुख्य वक्ता शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, डॉ. रागिनी वर्मा, उग्र नारायण झा, डॉ अखिलेश त्रिपाठी, डॉ एकता, सुजाता घोष, डॉ नीरा, ज्ञानी शारदेय, मोहन कुमार सिंह, रामनाथ पांडेय, मिथिलेश आदि ने उपस्थित होकर महर्षि पतंजलि पर अपने-अपने वक्तव्यों से सभी श्रोतागणों में ज्ञानवर्धन एवं शिविर में आने के लिए प्रेरित किया।

# संपादकीय

## ग्रोथ पर दांव

भारतीय रिजर्व बैंक ने इकॉनमिक ग्रोथ बढ़ाने के लिए शुक्रवार को रेपो दरों में आधा फीसदी की कटौती की, जबकि एक्सपर्ट्स इसमें 0.25 प्रतिशत कमी का अनुमान लगा रहे थे। इसके साथ, उसने कैश रिजर्व रेश्यो में 1प्रतिशत की कमी का ऐलान किया। इससे बैंकों के पास पैसा और बढ़ेगा, जिसका इस्तेमाल वे कर्ज बांटने में कर सकेंगे। ऐसे में सस्ती दरों पर कर्ज लेकर कंपनियां नए निवेश करती हैं और उपभोक्ता खर्च करते हैं तो अर्थव्यवस्था को इससे सपोर्ट मिलेगा।रिजर्व बैंक ने लगातार तीसरी बार दरों में कटौती की है। इससे पहले उसने कहा था कि उसका ध्यान इकॉनमिक ग्रोथ को तेज करने पर है। आरबीआई के लिए रेपो दरों और कैश रिजर्व रेश्यो में कटौती करना इसलिए संभव हुआ क्योंकि उसे मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई दर के लक्ष्य से अंदर रहने की उम्मीद है। लेकिन यूक्रेन-रूस युद्ध और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ संबंधी अनिश्चितताओं के कारण ग्रोथ की राह चुनौतीपूर्ण हो गई है। जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में भारत की तष्ठक्कग्रोथ उम्मीद से अधिक 7.4 प्रतिशत पहुंच गई, लेकिन वित्त वर्ष 2025 के लिए यह 6.5प्रतिशत ही रही। यह पिछले चार वित्त वर्षों में सबसे कम विकास दर है। गौर करने की बात यह भी है कि इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2024 में यह 9.2प्रतिशत रही थी। स्पष्ट है कि विकास दर में गिरावट का रुख है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर परिदृश्य मुश्किल दिख रहा है।इसी वजह से जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में शानदार ग्रोथ के बावजूद रिजर्व बैंक ने कैश रिजर्व रेश्यो में बड़ी कटौती के साथ रेपो दरों में भी बड़ी कमी की है। इससे बिजनेस सेंटिमेंट और कंस्यूमर सेंटिमेंट में सुधार होगा। पिछले बजट में 12 लाख तक की आमदनी पर टैक्स छूट का ऐलान किया गया था ताकि लोगों के हाथ में अतिरिक्त खर्च करने के लिए पैसा बचे। अब ब्याज दरों में बड़ी कटौती के बाद कंस्यूमर सेंटिमेंट और बेहतर होगा। ईएमआई का बोझ घटेगा। ऐसे में उपभोक्ता खर्च में बढ़ोतरी होती है तो इससे आर्थिक विकास दर में तेजी आएगी।रिजर्व बैंक ने अपना रुख न्यूट्रल करते हुए यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक ग्रोथ के लिए जो कर सकता है, वह कर चुका है। यानी अब बाकी कदम पॉलिसी मेकर्स को उठाना है। सरकार ने रिजर्व बैंक के कदम का स्वागत करते हुए कहा भी कि इससे ग्रोथ मोमेंटम को सपोर्ट मिलेगा और निजी क्षेत्र की तरफ से निवेश बढ़ने की उम्मीद है। निजी क्षेत्र का कमजोर निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अरसे से समस्या बना हुआ है। लेकिन हालिया ग्रोथ यह भी बताती है कि बेहद मुश्किल वैश्विक माहौल में भारतीय इकॉनमी मजबूत बनी हुई है।

## बीज से बाजार तक: किसान कल्याण को समर्पित सरकार

### किसानों की उपज का उचित दाम; मोदी सरकार की गारंटी



**शिवराज सिंह चौहान**

भारत एक कृषि प्रधान राष्ट्र है, जहां किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना का एक मजबूत स्तंभ है। जब किसान मिट्टी को जोतता है तो वह सिर्फ फसल नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के लिए जीवन और समृद्धि का बीज बोता है। कृषि क्षेत्र करोड़ों लोगों को आजीविका देता है। साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास का प्रमुख आधार भी है। ऐसे में राष्ट्र की प्रगति के लिए हमारे किसान भाइयों-बहनों की उन्नति आवश्यक है।

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कृषि और किसान कल्याण को नीति-निर्माण की सर्वोच्च प्राथमिकता में स्थान दिया है। किसानों की मेहनत को उचित सम्मान मिले, उनकी फसल को सही दाम मिले और उनका जीवन खुशहाली से भरा हो, इसके लिए केंद्र सरकार संकल्पित है। आज संपूर्ण देश ऐसी नीतियों और प्रयासों का साक्षी बना है, जो किसानों की समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हैं।

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार का हर कदम-हर योजना-हर निर्णय किसान कल्याण के लिए समर्पित है। बीते दशक में केंद्र सरकार ने किसान कल्याण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिनसे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। चाहे न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्त्रक्क) में अभूतपूर्व वृद्धि हो, फसलों की खरीद में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो या तकनीकी नवाचारों के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने का प्रयास; केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में किसानों के लिए दिन-रात काम किया है। किसान हितैषी नीतियों, तकनीकी के उपयोग, नवाचार और बाज़ार तक सुगम पहुंच के माध्यम से भारत एक ऐसी कृषि व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य उन्मुख हो।

पहले के समय में हमारे किसान फसल लागत से नाममात्र का लाभ कमा पाते थे, पर आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट नीति बनाई कि हर फसल पर उसकी लागत से ऊपर, कम से कम 50त्न मुनाफा सुनिश्चित होगा। आज खरीफ व रबी की प्रमुख फसलों के स्त्रक्कमें 1.8 से 3.3 गुना तक की वृद्धि की गई है। कभी धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2013-14 में ?1310 प्रति क्विंटल था, जो 2025-26 में बढ़कर ?2369 हो गया है। इसी तरह ज्वार का स्त्रक्क 1500 से बढ़कर 3699, बाजरा 1250 से 2775, रागी 1500 से 4886, मक्का 1310 से 2400, तूर (अरहर) 4300 से 8000, मूंग 4500 से 8768, उड़द 4300 से 7800, मूंगफली 4000 से 7263, सूरजमुखी बीज 3700 से 7721, सोयाबीन (पीला) 2560 से 5328, तिल 4500 से 9846, रामतिल 3500 से 9537, कपास 3700 से 7710 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। रबी फसलों में गेहूं का स्त्रक्क 1400 से 2425, जौ 1100 से 1980, चना 3100 से 5650, मसूर 2950 से 6700, रेपसीड/सरसों 3050 से 5950, कुसुम्भ 3000 से 5940, पटसन 2400 से 5650 और कोपरा 5250 से 11582 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ाया गया है। इन सभी फसलों के स्त्रक्क में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम मिलना सुनिश्चित हुआ है।

2004-14 के मुकाबले 2014-2025 के दौरान स्त्रक्क पर खरीदी गई फसलों की मात्रा और भुगतान में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। धान की खरीद 45 करोड़ 90 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 76 करोड़ 8 लाख मीट्रिक टन (1.7 गुना), गेहूं 22 करोड़ 54 लाख से 33 करोड़ 37 लाख (1.4 गुना), दलहन 6 लाख 29 हजार से 1 करोड़ 80 लाख (28.6 गुना), तिलहन 47 लाख 75 हजार से 1 करोड़ 27 लाख (2.7 गुना), वाणिज्यिक फसलें 35 लाख 27 हजार से 80 लाख 83 हजार (2.3 गुना) और सभी स्त्रक्कफसलें मिलाकर 69 करोड़ 87 लाख से 113 करोड़ 92 लाख मीट्रिक टन (1.6 गुना) हो गई हैं। किसानों को भुगतान की गई स्त्रक्कराशि भी सभी फसलों के लिए 7 लाख 41 हजार करोड़ से बढ़कर 23 लाख 61 हजार करोड़ रुपये (3.2 गुना) हो गई है। धान के लिए 4 लाख 44 हजार करोड़ से 14 लाख 16 हजार करोड़ (3.2 गुना), गेहूं के लिए 2 लाख 56 हजार करोड़ से 5 लाख 65 हजार करोड़ (2.2 गुना), दलहन के लिए 19 सौ करोड़ से 98 हजार करोड़ (51 गुना), तिलहन के लिए 9 हजार करोड़ से 65 हजार करोड़ (7.1 गुना), वाणिज्यिक फसलों के लिए 26 हजार करोड़ से 1 लाख 33 हजार करोड़ (5 गुना) रुपये का भुगतान हुआ है। ये आंकड़े किसानों के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता, किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी आर्थिक मजबूती का प्रमाण हैं।

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि दलहन, तिलहन और वाणिज्यिक फसलों जैसे तिल, मूंगफली और सूरजमुखी में भी रिकॉर्ड स्त्रक्क वृद्धि हो, ताकि किसानों को फसल विविधता का लाभ मिले और उनकी आय में स्थिरता आए। केंद्र सरकार ने केवल स्त्रक्क बढ़ाने तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि यह लाभ सीधे किसानों के खाते में पहुंचे। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (ष्ठक्चञ्ज) के माध्यम से हमने पारदर्शिता और गति के साथ किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम दिलाया है। यह एक ऐसी कृषि क्रांति है, जो हमारे किसान भाइयों-बहनों का जीवन व खेती की दशा-दिशा बदल रही है। अब किसान निश्चिंत होकर खेती करता है, क्योंकि उसे पता है कि उसकी फसल का उचित मूल्य व समय पर भुगतान सुनिश्चित मिलना है।

आज केंद्र सरकार बीज से बाजार तक, हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसानों को अपनी मिट्टी की सेहत जानने और सही फसल चुनने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (क्करूस्नक्चङ्घ) प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा दे रही है। ई-नाम के जरिए डिजिटल बाजार से जुड़कर किसानों को बेहतर दाम मिल रहा है। ड्रोन और स्मार्ट सिंचाई तकनीक खेती को आसान और आधुनिक बना रहे हैं। इसके साथ ही, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, और कृषि यंत्रों पर अनुदान के माध्यम से हमने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का हरसंभव प्रयास किया है। सरकार ने किसानों को ब्याज सहायता के तहत किसान क्रेडिट कार्ड (ञ्जष्टष्ट) के माध्यम से 3 लाख रुपये तक का अल्पकालिक ऋण 7त्न ब्याज पर उपलब्ध कराया है, समय से चुकाने पर 3त्न अतिरिक्त छूट मिलती है, जिससे प्रभावी ब्याज दर 4त्न रह जाती है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक ञ्जष्टष्ट खाते हैं, जिससे किसानों को सस्ता व सुलभ ऋण मिल रहा है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-नाम, ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रों पर अनुदान आदि के माध्यम से खेती को आधुनिक-टिकाऊ बनाया जा रहा है।

चना, मसूर, उड़द और अरहर जैसी फसलों की खरीद और भुगतान की व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि किसानों को समय पर उसका पूरा हक मिले। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (क्करू-ड्डस्न॥) के तहत मूल्य समर्थन योजना (क्कस्स्), मूल्य न्यूनता भुगतान योजना (क्कष्ठक्कस्), बाजार हस्तक्षेप योजना (रूढ्ढस्) और मूल्य स्थिरीकरण निधि (क्कस्स्न) को लागू किया गया हैं। क्कस्स्के तहत दलहन, तिलहन व कोपरा की स्त्रक्कपर खरीद सीधे किसानों से की जाती है। 2024-25 में सोयाबीन की 19.97 लाख मीट्रिक टन व मूंगफली की 17.73 लाख मीट्रिक टन खरीद की गई, जो अब तक की सबसे अधिक है। तूर, उड़द और मसूर की 100त्न खरीद सुनिश्चित की गई है, जिससे इन फसलों की खेती को बढ़ावा मिला है। क्कष्ठक्कस्के तहत तिलहन किसानों को स्त्रक्कव बाजार मूल्य के अंतर की भरपाई सीधे उनके खाते में की जाती है।

राज्यों को खरीद के लिए पर्याप्त मात्रा स्वीकृत की गई है और आवश्यकता अनुसार समय-सीमा भी बढ़ाई जाती है। रूढ्ढस्के तहत अदरक की खरीद कर्नाटक में, लाल मिर्च की खरीद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में, टमाटर की खरीद मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में ह्रष्टस्न व ह्रस्नश्वष्ठ के माध्यम से की गई है। गुजरात को चना खरीद के लिए 3.27 लाख मीट्रिक टन की स्वीकृति दी गई। महाराष्ट्र में तूर और असम में सरसों की खरीद की अवधि बढ़ाई गई है। कर्नाटक में अदरक की खरीद के लिए रूढ्ढस्लागू किया गया है। सरकार ने मिशन आत्मनिर्भरता इन पल्सेज़ के तहत क्कस्स् के लिए सरकारी गारंटी 45,000 करोड़ से बढ़ाकर 60,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव भी रखा है, ताकि खरीद व भंडारण की प्रक्रिया को और मजबूत किया जा सके। साथ ही, खरीदी गई फसलों के शीघ्र निपटान के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ञ्जह्रक्क(टमाटर, प्याज, आलू) फसलों के भंडारण और परिवहन लागत की प्रतिपूर्ति के लिए भी नई व्यवस्था लागू की है।

आज का युग विज्ञान और तकनीक का है। खेती को उन्नत और विकसित बनाने के लिए हमारे वैज्ञानिक कई तरह के प्रयोग कर रहे हैं। लैब में होने वाली रिसर्च लैंड तक पहुंचे और किसान सीधे विज्ञान से जुड़े, इसके लिए देशभर में ÷विकसित कृषि संकल्प अभियान÷ शुरू किया गया है। इसके तहत 29 मई से 12 जून तक देश के 700 से अधिक जिलों में 16 हजार वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसान भाइयों-बहनों को उन्नत खेती की तकनीक, बेहतर बीज, जैविक खाद और जलवायु अनुकूल खेती के तरीकों की जानकारी दे रहे हैं, जिससे न सिर्फ उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि उन्नत कृषि के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था को भी और गति मिलेगी। इन सभी पहलों और उपलब्धियों के साथ, मोदी सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक व निर्णायक कदम उठाए हैं। तकनीकी नवाचारों के साथ ये पहलें किसानों को आत्मनिर्भर, समृद्ध व खुशहाल बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं। यह प्रतिबद्धता भविष्य में भी अटूट रहेगी, ताकि हमारे किसान सशक्त बने व देश कृषि महाशक्ति की ओर अग्रसर हो।

**( लेखक केंद्रीय कृषि मंत्री हैं )**

## छोटे बच्चों को डांटना-डपटना बंद कीजिए

**( अमित बैजनाथ गर्ग )**

पश्चिम बंगाल में हाल ही में सातवीं क्लास में पढ़ने वाले एक बच्चे ने इसलिए खुदकुशी कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जिसमें उसने लिखा है, मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर कर रख देने वाले हैं।

पश्चिम बंगाल में हाल ही में सातवीं क्लास में पढ़ने वाले एक बच्चे ने इसलिए खुदकुशी कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जिसमें उसने लिखा है, मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर कर रख देने वाले हैं। दरअसल, उस बच्चे पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के पैकेट चुराने का आरोप लगा था। कहा जाता है कि दुकानदार की गैर-मौजूदगी में उसने दुकान से चिप्स के पैकेज उठा लिए थे। बाद में पूछताछ करने पर बच्चे ने कहा कि दुकानदार के न रहने पर उसने पैकेट उठाए जरूर थे, पर उसके दाम वह बाद में चुका देता। मगर दुकानदार ने बच्चे को मारा-पीटा और सबके सामने माफी मंगवाई। बच्चे की मां को जब पता चला, तो उन्होंने भी बच्चे को सबसे सामने डांटा। इससे वह बच्चा इतना आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पी ली और अपनी जान दे दी।

यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं। उनको समझना चाहिए कि उम्र के इस पड़ाव पर बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वे हरेक बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वे ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद परिजनों के पास पछताने के अलावा कोई और रास्ता नहीं होता। इसीलिए, माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत सतर्कता बरतनी चाहिए। बच्चों को समझाएं, डाटें नहीं। अगर डांटना बहुत जरूरी हो, तो अकेले में ऐसा करें।

निस्संदेह, आज के दौर में बच्चों की परवरिश बिल्कुल आसान काम नहीं है, क्योंकि इसमें अभिभावकों से धैर्य और वक्त की मांग होती है, जो उनके पास होता नहीं। बच्चों को अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। बच्चों की भावनाओं का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। उनके कोमल मन को समझना भी बहुत जरूरी है। हर बार वे गलत हों, ऐसा जरूरी नहीं है। कई बार बच्चे सच बोल रहे होते हैं, तब भी उन्हें गलत मान लिया जाता है। परिवार को सही और गलत के निर्णय पर पहुंचने से पहले कई बार सोचना होगा। हर बात पर बाल मन का इस तरह तिरस्कार करना सही नहीं कहा जा सकता। हमें बच्चे की मानसिक स्थिति के अनुसार फैसला लेना चाहिए और उन्हीं की नजर से चीजों को देखना चाहिए। मगर दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं करते, जिसकी परिणति पश्चिम बंगाल जैसी घटनाओं के रूप में सामने आती है।

## मोह के धागे तोड़ना मुश्किल

**( अमृत साधना )**

ध्यान के जगत में अक्सर कहा जाता है कि क्रोध और काम मनुष्य के प्रबल शत्रु हैं, अगर इनको जीत लिया, तो ध्यान में उतरना आसान हो जाता है। लेकिन ये तो प्रगट शत्रु हैं, असली दुश्मन छिपे हुए होते हैं और चूंकि वे छिपे हुए हैं, उनको देखना मुश्किल होता है। जैसे, मोह। मोह को जानना इसलिए मुश्किल है, क्योंकि जब वह घेर लेता है, तब हमारा होश ही खो जाता है। अगर मोह का विज्ञान जानना है, तो गीता का वह प्रसिद्ध श्लोक देखें, जहां कृष्ण बहुत वैज्ञानिक तरीके से एक-एक भाव की परतें खोलते हैं- क्रोध से जनमता है मोह; फिर मोह स्मृति पर पर्दा डालता है और स्मृति के खोने से बुद्धि का नाश होता है। फिर बुद्धि के नाश से सर्वनाश!

मानो ये विनाश की सीढ़ियां हैं, बहुत तर्कसंगत। इन सीढ़ियों में मोह पर कभी ज्यादा चर्चा नहीं होती, लेकिन मोह क्रोध से भी सबल है। मोह का खतरा ओशो से समझें। वह कहते हैं, मोह अंधा कर देता है। मोह एक प्रोजेक्टर है, जैसे सिनेमा का प्रोजेक्टर होता है। मोह का कोहरा बुद्धि पर छा जाए, तो वह जो देखना चाहता है, उसे ही देखने लगता है। जब व्यक्ति किसी स्त्री या पुरुष के प्रेम में पड़ जाए, तो जो चेहरा उसे दिखाई पड़ता है, वह और किसी को नहीं दिखाई देता।

मोह बड़ा सृजनात्मक है। वह स्वप्न-निर्माता, सम्मोहक है। मोह बुद्धि पर अपने वश का जाल फैला देता है। लेकिन मोह न होता, तो जिंदगी कैसी नीरस होती? अगर मोह न हो, तो रोमांस के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। मोह में डूबना जरूरी है और उससे उबरना भी आवश्यक है, क्योंकि वह जिंदगी का एक रंग है। अक्सर हम कहते हैं कि प्रेम अंधा होता है, वस्तुत-वह मोह है, जो हमें अंधा करता है, प्रेम नहीं। प्रेम की तो अपनी आंख होती है। जब कोई मोहग्रस्त होता है, यानी प्रेम में पागल हो जाता है, तो उसे तथ्य दिखाई नहीं पड़ते। आदमी के सारे संबंध मोह से बनते हैं, इसलिए वह उनमें फंसता जाता है, तथ्य से उसका नाता टूट जाता है।

मोह एक सीढ़ी है जागरण की, उससे गुजरकर बिना मोह के संबंध बनाएं। बिना मोह के संबंध जागरूक संबंध होंगे। यह संबंधों में बहुत बड़ी क्रांति लाएगा। परिवार के लोग जैसे असलियत में हैं, वैसे दिखाई देंगे। सबसे बड़ा मोह होता है बच्चों से, क्योंकि वहां मां-बाप का अहंकार जुड़ा होता है, निहित स्वार्थ है। वहां से मोह को हटाकर यदि आप सच को देख सके, तो कोई भी संबंध बांधेगा नहीं।

संबंध का वास्तविक अर्थ है सम्यक बंधन; यानी सही बंधन। हमारे सारे बंधन असम्यक होते हैं, इसलिए गले की फांस बन जाते हैं और विनाश की ओर ले जाते हैं। यदि संबंधों में मोह के धागे न हों, तो न वे उलझेंगे और न ही बांधेंगे।

## झारखंड के गाँवों में बाल श्रम की भेंट चढ़ता बचपन

**मिथलेश दास**

झारखंड, जहाँ एक ओर खनिज और हरियाली की समृद्ध विरासत है, वहीं दूसरी ओर यह राज्य सामाजिक अन्याय और बाल अधिकारों के उल्लंघन का मूक साक्षी भी बनता जा रहा है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस (12 जून) हर वर्ष हमें यह स्मरण कराता है कि बच्चों के हाथों में किताबें और खिलौने होने चाहिए, न कि औज़ार और ईंटें। किंतु झारखंड के सुदूर गाँवों में आज भी हजारों बच्चे अपने नन्हे कंधों पर गरीबी, शोषण और सामाजिक चुप्पी का बोझ ढो रहे हैं। ग्रामीण झारखंड में बाल श्रम की समस्या केवल आर्थिक नहीं है; यह सामाजिक असंवेदनशीलता, शिक्षा की उपेक्षा और प्रशासनिक उदासीनता का एक दुखद समुच्चय है। जिस उम्र में बच्चे स्कूल की घंटी सुनकर दौड़ लगाते हैं, उस उम्र में झारखंड का बच्चा सूरज निकलने से पहले जंगल से लकड़ी लाने या खेत जोतने निकल पड़ता है।

झारखंड के गाँवों में बाल श्रम की सबसे बड़ी जड़ गंभीर आर्थिक असुरक्षा है। अधिकांश ग्रामीण परिवारों की मासिक आय इतनी कम होती है कि जीवनयापन के लिए हर सदस्य को श्रमिक बनना पड़ता है- यहाँ तक कि बच्चे भी। मजदूरी, कृषि कार्य, पशुपालन या जंगल से लकड़ी और कोयला इकट्ठा करने जैसे कामों में बच्चे शामिल किए जाते हैं। कई बार माता-पिता स्वयं अपने बच्चों को मजदूरी के लिए भेजते हैं, क्योंकि उनके लिए यह जीवन और मृत्यु के बीच का संतुलन बन जाता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम बच्चों को 6 से 14 वर्ष की उम्र तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है, लेकिन झारखंड के ग्रामीण अंचलों में यह कानून मात्र कागज़ों तक सीमित रह गया है। स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी, अधूरी आधारभूत सुविधाएँ, विद्यालय की दूरी, और मिड-डे मील योजना का लचर क्रियान्वयन- ये सब बच्चों को स्कूल से दूर धकेलते हैं। ऐसे में जब शिक्षा न सुलभ हो, न आकर्षक, तो बालक श्रम को विकल्प नहीं, नियति मान लेते हैं।

## भारत– आत्म बल से आगे बढ़ता राष्ट्र

**प्रो. महेश चंद गुप्ता**

भारत ने हाल ही में जिस 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है, वह केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं बल्कि उसकी रणनीतिक सोच, वैश्विक दृष्टिकोण और राष्ट्र की सामूहिक ताकत का प्रतीक बन गया है। इस ऑपरेशन की सफलता ने भारत को एक बार फिर यह साबित करने का मौका दिया कि वह केवल एक बड़ी जनसंख्या या पुरातन संस्कृति वाला देश नहीं बल्कि एक रणनीतिक, तकनीकी और सैन्य शक्ति भी है जो वैश्विक समीकरणों को प्रभावित करने में सक्षम है। भारत अब आत्म बल से आगे बढ़ता हुआ राष्ट्र है।

भारत की बढ़ती शक्ति और वैश्विक पहचान देशवासियों के लिए गौरव का विषय है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की रक्षा क्षमता को दुनिया के सामने एक बार फिर मजबूती से प्रस्तुत किया है। संदेश स्पष्ट है कि भारत अपनी ताकत का प्रयोग केवल आवश्यकता पडऩे पर करता है लेकिन जब करता है तो पूरी सटीकता और सफलता के साथ करता है। इस अभियान के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें भारत की ओर टिक गई हैं। अमेरिका और चीन जैसे वैश्विक शक्ति केंद्रों को अब यह समझ आने लगा है कि भारत केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक संभावित नेतृत्वकर्ता राष्ट्र है जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत की सोच केवल अमेरिका या चीन की बराबरी करने की नहीं है बल्कि उनसे आगे निकलने और विश्वगुरु के रूप में स्थापित होने की है। ऑपरेशन सिंदूर की सबसे रोचक बात यह रही कि इससे भारतीय राजनीति में भी एक नई चेतना का संचार हुआ। ओवैसी और शशि थरूर जैसे जो नेता पहले सरकार विरोधी माने जाते थे, उन्होंने भी इस ऑपरेशन की सराहना की और राष्ट्रहित को सर्वोपरि माना। इन नेताओं ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य के रूप में विश्व के विभिन्न देशों में जा कर जिस मजबूती से भारत का पक्ष रखा और पाकिस्तान को बेनकाब किया है, उससे यह स्पष्ट हुआ कि जब बात देश की सुरक्षा और प्रतिष्ठा की होती है, तो राजनीतिक मतभेद पीछे छूट जाते हैं और 'भारत पहले' की भावना सर्वोपरि हो जाती है। यह राष्ट्रवाद का वही रूप है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से भारतीय



जनमानस में गहराता गया है। 2014 से जो राष्ट्र निर्माण की लहर शुरू हुई, वह अब स्पष्ट परिणाम देने लगी है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने उसे वैश्विक निवेश और तकनीकी साझेदारी का केंद्र बना दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ-साथ भारत ने तकनीकी मोर्चे पर भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। कश्मीर में बना चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा चिनाब रेलवे ब्रिज केवल एक निर्माण परियोजना नहीं बल्कि इंजीनियरिंग कौशल और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का आश्चर्यजनक नमूना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब ब्रिज के साथ श्रीनगर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर लंबे अरसे से देखे जा रहे सपने को साकार कर दिया है। इसी के साथ कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया है। अब कश्मीर से कन्याकुमारी तक सीधी ट्रेन यात्रा संभव हो सकेगी। यह जम्मू और कश्मीर के डोगरा राजा महाराजा प्रताप सिंह का सपना था, जिन्होंने 1880 के दशक के अंत में इस मार्ग की कल्पना की थी और सर्वेक्षण के लिए ब्रिटिश इंजीनियरों को लगाया था। कश्मीर घाटी के लोगों के लिए ये ट्रेन न सिर्फ हर मौसम में आने-जाने के लिए एक भरोसेमंद साधन बन गई है बल्कि इससे इलाके में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है। इससे पहले अप्रेल में मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट पंबन सी ब्रिज का उद्घाटन किया था। समुद्र के ऊपर बना यह रेलवे ब्रिज अतीत और भविष्य को जोड़ता है।

भारत में अब राफेल लड़ाकू विमानों के मुख्य ढांचे का निर्माण हैदराबाद में किया जाएगा जो कि 'मेक इन इंडिया' पहल की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन के बीच हुआ एग्रीमेंट बताता है कि अब भारत केवल आयातक नहीं बल्कि रक्षा उत्पादों का निर्माता और निर्यातक भी बन रहा है। भारत अब हथियारों का सिर्फ उपभोक्ता नहीं, निर्माता और निर्यातक भी बन रहा है। डिफेंस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों की भागीदारी भारत को आत्मनिर्भर बना रही है। रक्षा उत्पादन में भारत का भविष्य बेहद उज्ज्वल है।

रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भारत की बड़ी उपलब्धि है। भारत ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र को प्रवेश देने की नीति अपनाकर एक बड़ा बदलाव किया है। इससे प्रतिस्पर्धा, नवाचार और गुणवत्ता को बढ़ावा मिला है। भारत और रूस के संयुक्त प्रयास से विकसित हुई ब्रह्मोस मिसाइल की ऑपरेशन सिंदूर के विश्व बाजार में मांग बढ़ी है और कई देश अब भारत से रक्षा उपकरण खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। उम्मीद है, भारत अगले दस वर्षों में रक्षा क्षेत्र में वैश्विक प्रतिस्पर्धा को पीछे छोड़ देगा। इतना ही नहीं, स्वदेशी तकनीक और स्टार्टअप्स के जरिए भारत अपने डिफेंस सेक्टर को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है।

भारत ने सिर्फ रक्षा नहीं बल्कि ऊर्जा, स्वास्थ्य और तकनीक के क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत विश्व में अग्रणी बन रहा है। सरकार की योजनाओं और प्राइवेट निवेश के समन्वय से भारत अब ऊर्जा निर्यातक देश बनने की राह पर है।

अब भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण शुरू हो चुका है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का सबसे अहम हिस्सा है। अब भारत में इससे भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भी आत्मनिर्भरता मिलेगी।

भारत की विदेश नीति अब केवल अपने हितों तक सीमित नहीं रही बल्कि दुनिया को साथ लेकर चलने की नीति पर केन्द्रीत है। प्रधानमंत्री मोदी का यह स्पष्ट दृष्टिकोण रहा है कि भारत वैश्विक नेतृत्व में केवल भागीदार नहीं बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका निभाना चाहता है। जी 20 की अध्यक्षता, वैश्विक मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी, ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदला परिदृश्य इस बात के संकेत हैं कि भारत अब एक संतुलनकारी शक्ति बनकर उभर रहा है।

हालांकि भारत की प्रगति उल्लेखनीय है लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। तमाम चुनौतियों से जूझते हुए भारत आगे बढऩे को दृढ़ संकल्पित है। समग्र विकास और समग्र क्रांति की सोच वाले भारत की नीति अब स्पष्ट है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना केवल एक राजनीतिक घोषणापत्र नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय लक्ष्य है। इसके लिए नीति, नियत और नागरिक तीनों का सहयोग आवश्यक है और यही तीनों आज एकजुट होकर भारत को आगे ले जा रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य क्षमता को दिखाने के साथ-साथ एक संदेश भी दिया है कि भारत अब अपने हितों को लेकर संकोच नहीं करता। वह शांति चाहता है, लेकिन किसी भी हस्तक्षेप या चुनौती का जवाब देने में सक्षम है। भारत अब उस मुकाम पर है जहां से वह केवल अपनी समस्याएं ही नहीं सुलझा रहा बल्कि वैश्विक समस्याओं के समाधान में भी भागीदारी निभा रहा है। यही है नया भारत, जो आत्मनिर्भर, शक्तिशाली, तकनीकी रूप से उन्नत, और दुनिया के साथ कदम मिलाकर चलने को तत्पर है। यह उस नये भारत की झलक है जो आत्म विश्वास, एकता, नवाचार और नेतृत्व की भावना से परिपूर्ण है।

# राज्य के सभी मतदान केंद्रों एवं उनके क्षेत्र को जियो फेंसिंग कराने हेतु दूसरे दिन भी जारी रहा प्रशिक्षण

## पीपीटी, फील्ड विजिट एवं प्रैक्टिकल के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को किया जा रहा प्रशिक्षित






**रांची/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार के नेतृत्व में राज्य के सभी मतदान केंद्रों का जियो फेंसिंग कराने के लिए विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों का दूसरे दिन भी प्रशिक्षण जारी रहा। 11 से 13 जून तक चलने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। साथ ही इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री देव दास दत्ता ने भी पीपीटी के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पीपीटी, फील्ड विजिट एवं प्रैक्टिकल के माध्यम से प्रशिक्षित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी, विभिन्न जिलों से आए उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं संबंधित जिलों के कर्मी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त आर. रॉनिटा ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

## विभिन्न वार्ड का जायजा लेते हुए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा द्वारा आज सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न वार्डों, विभागों एवं समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जांच घर, मातृ शिशु अस्पताल, ऑपरेशन कक्ष, रठउव कक्ष, चाइल्ड वार्ड, क्ळव, डढऊ फिजियोथेरेपी विभाग एवं अन्य विभागों का जायजा लिया।

उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर फीडबैक प्राप्त किया और मरीज के परिजनों को बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ओपीडी संचालन की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने विभागवार डॉक्टरों की संख्या एवं उपस्थिति की समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि ओपीडी का संचालन बेहतर ढंग से हो और डॉक्टरगण मरीजों का अच्छे से इलाज करें। मरीजों के पंजीकरण प्रक्रिया को सुलभ बनाने को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया गया, जिससे मरीजों का जल्द पंजीकरण कर इलाज प्रारंभ कराया जा सके। उपायुक्त ने पूरी तत्परता के साथ मरीजों के इलाज का निर्देश दिया। उन्होंने लैब संचालन की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्रयोगशालाएं पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। जो मशीनें वर्तमान में उपयोग में नहीं हैं, उनकी समीक्षा कर उन्हें क्रियाशील बनाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी, सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी, डीसीएलआर श्री अरविंद ओझा समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नगर पंचायत अंतर्गत योजनाओं एवं कार्यों की उपायुक्त ने की गहन समीक्षा




**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में नगर पंचायत की विभिन्न योजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में चल रही योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा की। इनमें पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (रहट), नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राजस्व संग्रहण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदु शामिल थे। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि क्षेत्र में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जिन घरों में अब तक कनेक्शन नहीं दिया गया है, उन्हें अविलंब जोड़ा जाए। सभी स्ट्रीट लाइट्स को शत-प्रतिशत क्रियाशील बनाया जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवासों का निर्माण पूर्ण कराया जाए। साथ ही, योजना के अंतर्गत समय पर किस्त राशि का भुगतान किया जाए। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। उपायुक्त ने रेवेन्यू कलेक्शन की स्थिति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त नगर भवन सहित अन्य सार्वजनिक भवनों के जीर्णोद्धार की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण हों ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के त्रैमासिक ईवीएम वेयर हाउस निरीक्षण में लिया भाग



**खूंटी/रांची/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने खूंटी की जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती आर. रॉनिटा के साथ जिले के त्रैमासिक ईवीएम वेयर हाउस निरीक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, अग्निशमन यंत्रों एवं लॉग बुक की जांच की एवं तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क एवं अनुशासित रहने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने वेयर हाउस में ईवीएम के रख-रखाव का भौतिक निरीक्षण किया, साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईवीएम, वेयर हाउस के रख रखाव के लिए जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथझसाथ खूंटी जिला प्रशासन एवं खूंटी जिला के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो को फ्री इंटरनेट जोन एवं शहर को सुंदर बनाएं : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने बीएसएल नगर प्रशासन प्रबंधन, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, वन विभाग आदि के साथ बैठक किया। उपायुक्त ने बीएसएल प्रबंधन को पुराने गौरव को वापस लौटाने, शहर को सुंदर झ स्वच्छ, सुव्यवस्थित बनाने के दिशा में कार्य करने को कहा। उन्होंने अन्य शहरों के तर्ज पर बोकारो स्टील सिटी को फ्री इंटरनेट जोन बनाने को लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि प्रशासन इस कार्य में पूर्ण सहयोग करेगा। उन्होंने एक तय समय निर्धारित करते हुए इस पर अविलंब काम करने को कहा।



उपायुक्त ने समाहरणालय एवं आस-पास के कार्यालयों, शहर भ्रमण के दौरान सड़कों के दोनों किनारे उगे झाड़ियों - घास को अभियान चलाकर बीएसएल नगर प्रशासन सेवा को सफाई कराने का निर्देश दिया। कहा कि शहर को हमें मिलकर इतना सुंदर बनाना हैं कि, यहां आने और यहां रहने वाले लोग गर्व करें कि वह बोकारो में हैं। बैठक में उपायुक्त ने बोकारो स्टील सिटी प्रवेश स्थानों को चिन्हित करते हुए वेलकम टू बोकारो स्टील सिटी का तोरण द्वार अधिष्ठापित करने। बोकारो एयरपोर्ट के समीप स्थित बीएसएल स्मृति चिन्ह के समीप पार्क एवं सेल्फी प्वाइंट बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएसएल प्रबंधन को तीन माह में इस कार्य को पूरा करने की बात कहीं। उपायुक्त ने बीएसएल प्रबंधन को आस -पास के लोगों के लिए आजीविका को बढ़ाने के दिशा में काम करने की बात कहीं। कहा कि हम सबों के सामूहिक प्रयास से समाज में काफी बदलाव आ सकता है। इस सकारात्मक बदलाव का हमें प्रतिभागी बनना है। वहीं, उपायुक्त ने वन विभाग को समाहरणालय के आस झ पास विभिन्न कार्यालयों के खाली पड़ें स्थानों पर पौधरोपण करने को कहा। सप्ताह भर में इसका आंकलन कर कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। उधर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को समाहरणालय भवन के रंग रोहन, मरम्मति आदि का प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया।

### एसएसपी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में पुलिस सभा का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस लाईन में गुरुवार को एसएसपी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। मौके पर ग्रामीण एसपी कपील चौधरी व सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी शंकर कामती के अलावा कई थानों के प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, एसआई, एएसआई के अलावा हवलदार व आरक्षी सहित पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर पुलिस कर्मियों द्वारा एसएसपी के समक्ष कई प्रकार की विभाग से जुड़े समस्याओं को रखा गया। जिसे



संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।सुविधा को ध्यान मे रखते हुए पुलिस लाइन में कॉमन हॉल, स्टाफ क्वार्टर, रिजर्व कार्यालय, बैरक, सडक निर्माण समेत अन्य कई योजनाओं पर निर्माण कार्य गतिशील है। पुलिस सभा के दौरान तैनाती, पोस्टिंग, बैरक समेत अन्य मुलभुत समस्याओं से जुड़े मामले को महोदय के समक्ष रखा गया। समस्या को संज्ञान लेते हुए ने सम्बन्धित पदाधिकारी को जल्द निदान करने का निर्देश दिया। एसएसपी ने कहा कि पुलिस परिवार से जुड़ी सभी समस्याओं का निदान जल्द किया जाएगा। पुलिस केंद्र मे प्रतिमाह पुलिस सभा का आयोजन किया जाएगा जिसके जरिये जवानों व पदाधिकारियीं की सभी समस्याओं को सुलझाया जाएगा ।

# प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर सीवान में जोश

## महिला मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान, मंत्री मंगल पांडेय ने किया एनडीए रथ को रवाना



नवविहार टाइम्स ब्यूरो



एनडीए प्रचार रथ को दिखाई झंडी, विधानसभा क्षेत्र में प्रचार को भेजा गया

**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 20 जून को सिवान जिले के पचरुखी प्रखंड के जसौली गांव में प्रस्तावित जनसभा को लेकर जिले में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सिवान जिलाध्यक्ष सोनी गुप्ता के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान मौलेसरी चौक से शुरू होकर पटवाटोली, अग्रवाल टोली होते हुए पुरानी किला क्षेत्र तक पहुंचा। इस दौरान कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

**मंत्री मंगल पांडेय ने की अपील, बोले- पीएम का दौरा बिहार के लिए ऐतिहासिक**

बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री श्री मंगल पांडेय भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 20 जून को प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में जुटें। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हम सभी के लिए सिवान आ रहे हैं। उनका यह दौरा न केवल सिवान बल्कि पूरे बिहार के चौमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।'

कार्यक्रम के उपरांत श्री पांडेय ने एनडीए के प्रचार रथ को झंडी दिखाकर सिवान विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों को प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में शामिल होने का आह्वान करेगा।

**कार्यक्रम में जुटे भाजपा के कई दिग्गज नेता**

इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, नगर परिषद की उपसभापति किरण गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष नंद प्रसाद चौहान, अभिमन्यु कुमार सिंह, अनुराधा गुप्ता, मुकेश कुमार बंटी, कुंदन कुमार सिंह, सुनीता जायसवाल, नगर भाजपा अध्यक्ष सोनू सिंह, देवेंद्र गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, आशा रंजन, रूपल आनंद सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

**लोगों में दिखा भारी उत्साह**

प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर नगर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गली-मोहल्लों में मोदी-मोदी के नारों के साथ माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गया है। भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में दिन-रात जनसंपर्क में जुटे हुए हैं।

# दो दिवसीय धनबाद जिला तैराकी चैंपियनशिप 13-14 जून से




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला तैराकी संघ की ओर से तैराकी चैंपियनशिप 2025 की घोषणा की गई है, जो 13 और 14 जून 2025 को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, धनबाद में आयोजित की जाएगी। इस संदर्भ में गुरुवार को 8 लेन स्थिति जॉय जंक्शन के कांफ्रेंस हॉल में धनबाद जिला स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष सिंह एवं जॉइंट सेक्रेटरी हिमांशु डोकानिया एवं अन्य पदाधिकारियो ने प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया को विस्तृत जानकारी दी। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिताएँ चैंपियनशिप में फ्रीस्टाइल 50मी, 100मी, 200मी, 400मी, बैकस्ट्रोक 50मी, 100मी, ब्रेस्टस्ट्रोक 50मी, 100मी,बटरफ्लाई 50मी, 100मी, व्यक्तिगत मेडली 100मी, 200मी, रिले 4x50मी फ्रीस्टाइल, 4x50मी मेडली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में ग्रुप 4 में 8-10 वर्ष, ग्रुप में 11-12 वर्ष,ग्रुप 2 में 13-14 वर्ष और ग्रुप 1 में 15-17 वर्ष आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप धनबाद जिले के सभी तैराकों के लिए खुली है, जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। योग्य खिलाड़ियों को राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चुना जाएगा।प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धनंजय सिंह (पप्पू सिंह)तैराकी कोच धनबाद जिला तैराकी संघ से 13 जून को सुबह 8 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। प्रेस वार्ता में एसोसिएशन के प्रवक्ता ने बताया कि धनबाद जिला तैराकी संघ के बारे में धनबाद जिला तैराकी संघ एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो धनबाद जिले में तैराकी को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। हमारा मिशन सभी आयु वर्गों और कौशल स्तरों के तैराकों को अपने कौशल विकसित करने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करना है। प्रेस वार्ता में स्विमिंग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट संतोष सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी हिमांशु डोकानिया, कोषाध्यक्ष कुणाल किशोर, आलोक अग्रवाल, डॉक्टर नीलम बाल, पप्पू सिंह, आलोक कुमार मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

# प्रधानमंत्री की सभा को लेकर तैयारियां तेज

## रसूलपुर पंचायत में मंडल महामंत्री राजाराम शाह की अध्यक्षता में जनसंपर्क अभियान
## • 20 जून को पचरूखी के जोसौली में होगी प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सीवान।** रघुनाथपुर विधानसभा के रसूलपुर पंचायत में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 20 जून को पचरूखी प्रखंड के जोसौली में होने वाली सभा को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान की अगुवाई पंचायत के मुखिया सह भाजपा मंडल महामंत्री श्री राजाराम शाह ने की। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने रसूलपुर, रसूलपुर मौजा, बिनवल टोला, रसूलपुर कानू टोला, दलित बस्ती और बडरम पंचायत के महुअल बाजार, बिंदवल टोला सहित विभिन्न गांवों में जाकर ग्रामीणों से भेंट की और उन्हें प्रधानमंत्री की जनसभा में आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम में रघुनाथपुर विधानसभा प्रभारी प्रदीप कुमार, पूर्व प्रमुख राजाराम शाह, भाजपा सिवान के मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश सिन्हा, विजेंद्र शर्मा, अवधेश प्रसाद, उदयनाथ प्रसाद सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता और महिलाएं शामिल रहीं। महिलाओं में लीला देवी, कलावती देवी, रामादेवी, मधुबाला कुमारी, राजकुमारी देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी जैसे नाम प्रमुख रहे। जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकताओं ने जनता से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री की सभा में शामिल होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं।

**नौतन : बंका मोड़ फायरिंग कांड**

# चार के खिलाफ एफआईआर, पुलिस कर रही छापेमारी

**सीवान/नवविहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बंका मोड़ पर बुधवार की शाम उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब नौतन-उत्तर मुख्य मार्ग पर एक साइकिल दुकान के समीप दो गुटों में आपसी विवाद के बाद गोलीबारी हो गई। घटना के तुरंत बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई और दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। घटना की जानकारी मिलते ही नौतन थाने की पुलिस के साथ मैरवा प्रखंड के इंस्पेक्टर मुकेश कुमार झा मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। छानबीन के दौरान पुलिस को घटनास्थल से कारतूस का एक खोखा बरामद हुआ है, जो फायरिंग की पुष्टि करता है। पुलिस को दिए गए आवेदन में थाना क्षेत्र के सेमरिया कोइरी टोला निवासी मदन कुमार ने चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। इनकी पहचान नारायण, श्रीभगवान, आलोक कुमार और अंकित कुमार के रूप में हुई है। प्रभारी थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# नौतन में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के स्थानांतरण पर बवाल

## नागरिक मंच के बैनर तले धरना-प्रदर्शन, सभी दलों के नेता हुए एकजुट; आंदोलन की चेतावनी



नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

**नौतन (सीवान)।** नौतन प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के संभावित स्थानांतरण के विरोध में गुरुवार को नागरिक मंच के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कार्यालय को वर्तमान स्थान से हटाने का विरोध किया और प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो उग्र जन आंदोलन होगा।

**स्थानांतरण से जनता को होगी असुविधा, सुरक्षा पर भी संकट : विधायक अमरजीत कुशवाहा**

धरना को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि नौतन बाजार के विकास और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ही वर्षों पहले थाना, प्रखंड और अंचल कार्यालय यहां स्थापित किए गए थे। पहले ही थाना को बाजार से चार किलोमीटर दूर स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे व्यवसायियों और आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना है। अब अगर प्रखंड और अंचल कार्यालय को भी कहीं और ले जाया जाता है, तो यह जनविरोधी कदम होगा।

**'जगह की कोई कमी नहीं, यहीं बनें कार्यालय भवन'**

विधायक ने यह भी कहा कि जिस जगह वर्तमान में कार्यालय संचालित हो रहा है, वहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। नए भवन का निर्माण भी वहीं किया जाना चाहिए, जिससे जनता को सुविधा बनी रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने आमजन की भावनाओं को नजरअंदाज किया, तो एक व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

**थाने के पुराने स्थान पर खुले पुलिस चौकी : लोगों की मांग**

धरने में शामिल आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने यह भी मांग की कि थाना के पुराने स्थान पर एक पुलिस चौकी खोली जाए ताकि बाजार और आस-पास के इलाकों में सुरक्षा का माहौल कायम रह सके।

**प्रभारी अंचलाधिकारी और आरओ के समक्ष रखी गई बात**

धरना स्थल पर प्रभारी अंचलाधिकारी और निर्वाचन पदाधिकारी (आरओ) भी पहुंचे, जिनके समक्ष लोगों ने अपनी बात मजबूती से रखी। सभी ने मांग की कि प्रशासन जनभावनाओं का सम्मान करे और स्थानांतरण के फैसले पर पुनर्विचार करे।

**नेताओं और समाजसेवियों ने रखा पक्ष**

धरना प्रदर्शन को संबोधित करने वालों में शिवजी साहनी, रंजीत जयसवाल, तारकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया कृष्णा प्रसाद, अजय दुबे, राजा हुसैन, बेबी देवी, नागमणि, प्रिंस, विनोद, पवन कुशवाहा, सुभाष, जयचंद, भोला जयसवाल, मुरारपट्टी के मुखिया हवलदार अंसारी सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

**जनता बोली - सुविधाएं घटाने की बजाय बढ़ाई जाएं**

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि वह प्रशासनिक सुविधाएं घटाने की बजाय उन्हें और सुदृढ़ करे। स्थानांतरण जैसे निर्णय जनभावनाओं के खिलाफ हैं और जनता इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 143 वीं नारायणी गंडकी महाआरती का आयोजन

## स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित की गई 143 वीं नारायणी गंडकी महाआरती



**वाल्मीकिनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 143 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत राज जिमरी नौतनवां के मुखिया खूबलाल बड़घडिया, विशिष्ट अतिथि निमार्ता एचेल थारू,सम्मानित अतिथि सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी, फाइटर जयदेव कुमार, सशस्त्र सीमा बल के त्रिदेव प्रसाद ,गायक शिवचंद्र शर्मा, स्वास्थ्यकर्मी कुमारी संगीता , गायक बालकृष्ण प्रसाद, कीर्तनकार चंदू खतइत, अभिनेता सोनू चौधरी एवं कामेश्वर श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि खूबलाल ने कहा कि अब यह महा आरती इस स्थल की पहचान बनती जा रही है। अब तक इस मंच द्वारा हजारों पौधों का वितरण किया जा चुका है।विशिष्ट अतिथि निमार्ता एचेल थारू ने कहा कि नारायणी नदी का इतिहास अति प्राचीन है। फाइटर जयदेव कुमार ने कहा कि लड़के लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मैं जूडो कराटे की ट्रेनिंग देता हूं, मेरे ऐसे लोगों के लिए महा आरती एक बड़ा प्लेटफार्म साबित हो रहा है। यूट्यूबर सोनू चौधरी ने कहा कि संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन जागरूकता फैलाई जा रही है। पंडित रामेश्वर तिवारी ने कहा कि सत्यनारायण भगवान की कथा से सांसारिक दुखों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाप्रसाद की व्यवस्था मुख्य अतिथि खूबलाल बड़घड़िया एवं स्वास्थ्यकर्मी कुमारी संगीता द्वारा की गई। रुद्र नेचुरल हनी एवं शॉप के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह एवं सुमन देवी ने संयुक्त रूप से कहा कि स्थानीय लोगों को साबुन और शहद निर्माण का प्रशिक्षण देकर रोजगार देने की कोशिश की जा रही है। हरे कृष्णा मंडली द्वारा घंटों भजन कीर्तन गाकर नारायणी गंडकी महा आरती की महिमा बताई गई। दिल्ली से आए भक्त गोविंदा ने कहा कि जानकर खुशी हुई कि उक्त संस्थान द्वारा लावारिस दिव्यांग जनों को हर दिन भोजन दिया जाता है। दरिद्र नारायण भोज का आयोजन सबसे बड़ा धर्म और सबसे बड़ी सेवा है। प्रियंका सौरभ ने कहा कि संस्था द्वारा बेंगलुरु, औरंगाबाद ,वाल्मीकि नगर आदि शहरों में दरिद्र नारायण भोज का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है। संचालन निमार्ता एचेल थारू ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सत्येंद्र सिंह ने किया । इस मौके पर हिरिमती देवी, लेखक हरिद्वार प्रसाद, शिव शिष्या प्रियंका सौरभ ,ममता देवी ,राम कुमारी देवी ,मधु देवी, राजन कुमार, मुरारी कुमार, मनोरमा देवी, लक्ष्मीना देवी, रूणती देवी ,सुनैना देवी,आभा देवी, सुनीता देवी, बेलासी देवी ,बबीता देवी, पूनम देवी,मुकेश कुमार एवं धमाका फिल्म के निमार्ता अरविंद अकेला की भूमिका सराहनीय रही । पंडित रामेश्वर तिवारी ने कथा पूजा हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की । विदित हो कि संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद, राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, संस्थापक डी. आनंद विशिष्ट सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यों के लिए भारत नेपाल में कई सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं।संगम तट पर गंगा मैया की जय, वाल्मीकि धाम की जय, नारायणी गंडकी माता की जय ,सत्यनारायण भगवान की जय आदि नारे गूंजते रहे।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 12-06-2025 21:50 Page 1



# नहाने के दौरान डूबने से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जपला (पलामू)।** देवरी गांव स्थित सोन नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान हुसैनाबाद शहर के लंबी गली निवासी साकिब अंसारी 16 वर्ष के रुप में हुई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जबकि लंबी गली के मोनू हुसैन 16 वर्ष को बचा लिया गया, लेकिन मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के बावजूद उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई हैं।

बताया गया कि हुसैनाबाद शहर के लंबी गली के चार किशोर गुरुवार की सुबह सोन नदी में नहाने के लिए देवरी नदी गए थे। जहां नहाने के दौरान साकिब अंसारी व मोनू हुसैन सोन नदी में डूब गए।

इस पर दो किशोरों ने इसकी सूचना स्वजनों को व स्वजनों ने प्रशासन को दी। सूचना के आलोक में एसडीओ गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार व देवरी ओपी प्रभारी बबलू गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचे।

उन्होंने स्थानीय गोताखोरों को लगाया। जब गोताखोरों ने काफी मशक्क्त के बाद दोनों को बाहर निकाला। जिसमें साकिब अंसारी 16 वर्ष की मौत हो गई। जबकि मोनू हुसैन 16 वर्ष को गंभीरावस्था में अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया।



जहां उसकी गंभीर मोनू हुसैन को गंभीरावस्था में अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजा गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया।

जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। देवरी ओपी प्रभारी बबलू गुप्ता ने बताया कि मृतक शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया गया है। जहां पोस्टमार्टम के उपरांत स्वजनों को सौंप दिया जाएगा।

# पैरामेडिकल परीक्षा की तिथि में परिवर्तन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सरकारी एवं गैर सरकारी फामेर्सी तथा पैरामेडिकल संस्थानों में संचालित डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा अब 20 जुलाई को होगी।

पहले यह परीक्षा 29 जून को ही निर्धारित थी। झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) ने अपरिहार्य कारणों से परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। साथ ही पर्षद ने ऑनलाइन आवेदन की अंतिम समय सीमा 16 जून से बढ़ाकर पांच जुलाई कर दी है।

इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से इंटर स्तरीय पाठ्यक्रमों फामेर्सी तथा पैरामेडिकल में नामांकन होगा। इनमें फामेर्सी पाठ्यक्रम दो वर्ष तीन माह तथा पैरामेडिकल पाठ्यक्रम दो वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम है। इस परीक्षा के माध्यम से मैट्रिक स्तरीय सर्टिफिकेट पाठ्य़क्रमों जैसे ड्रेसर, मेडिकल लैब अटेंडेंट तथा



रेडियोग्राफर अटेंडेंट में भी नामांकन होगा। इस परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे।

डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए अलग-अलग परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। इधर, कृषि एवं अन्य संबद्ध पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 15 जून को रांची और दुमका के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगी। यह परीक्षा पीसीबी, पीसीएम तथा पीसीएमबी ग्रुप के लिए अलग-अलग पालियों में होगी। जेसीईसीईबी ने इस परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अपनी वेबसाइट पर लिंक जारी कर दिया है।

# शराब की सेल में गजब का खेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** आप शौक से बीयर-शराब गटक कर अपना स्वास्थ्य खराब करने के साथ-साथ जेबें ढीली भी करते रहे, लेकिन शराब के शौकीनों से वसूली गई अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक की राशि झारखंड में उत्पाद विभाग के अफसरों की जेबें भरती रहीं। शराब घोटाले की जांच में जुटी एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की तफ्तीश में यह तथ्य सामने आया है कि महज एक साल में सिर्फ बीयर की प्रति केन या बोतल पर 10 रुपये की अधिक वसूली से 57 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अफसरों की जेब में चले गए।

शराब की हर बोतल में अतिरिक्त वसूली का यह काला कारोबार अब उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव मनोज कुमार के गले की हड्डी बन गया है। एसीबी ने इस पूरे खेल में उनकी संलिप्तता के पुख्ता सबूत इकट्ठा किए हैं। एसीबी ने अपनी जांच में पाया है कि इस सिंडिकेट में उनके करीबी लोग पूरी तरह सक्रिय रहें, जिन्होंने पैसे वसूलकर पहुंचाए। एसीबी यह मानने को तैयार नहीं है कि सचिव मनोज कुमार को इसकी भनक नहीं थी। करोड़ों की राशि के वारा-न्यारा से सरकार की फजीहत हुई। एसीबी ने अब इसपर कार्रवाई की पुख्ता तैयारी की है। एसीबी ने मनोज कुमार को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। झारखंड में हर माह करीब चार लाख पेटी बीयर की खपत होती है। प्रत्येक पेटी में 24 केन या बोतलें होती हैं, यानी कुल 4.80 लाख केन या बोतलें। प्रति केन या बोतल पर 10 रुपये की अतिरिक्त वसूली से हर माह 48 लाख रुपये की अवैध कमाई होती है। इस



हिसाब से सालाना 57 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अधिकारियों और उनके करीबियों की जेब में गई।

यह राशि खुदरा दुकानदारों द्वारा शराब के शौकीनों से एमआरपी से अधिक वसूलकर जमा की जाती है। आश्चर्यजनक यह भी है कि घोटाले की जांच और लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद दुकानों में अधिक वसूली रुका नहीं है। अभी भी अधिक वसूली प्रति बोतल की जा रही है।

अधिक वसूली का खेल सिर्फ बीयर तक सीमित नहीं है। शराब की प्रति बोतलों की बिक्री में भी भारी वसूली के तथ्य सामने आए हैं। एसीबी के आकलन के मुताबिक, शराब की क्वार्टर बोतल पर 10 रुपये, हाफ बोतल पर 20 रुपये और पूरी बोतल पर 50 रुपये की अतिरिक्त वसूली की जा रही है। बड़े और ब्रांडेड प्रीमियम ब्रांड की बोतलों पर तो 100 से 150 रुपये तक की अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। झारखंड में हर माह डीलक्स प्रीमियम ब्रांड की करीब डेढ़ से दो लाख पेटी की खपत होती है, जिससे इस मद में भी भारी कमाई हो रही है।

# झारखण्ड को केंद्र से मिली 65 करोड़ की सहायता राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बारिश के बाद जमा पानी को स्वच्छ रखने, सप्लाई वाले वाटर टैंकर की सफाई और मरम्मत के लिए केंद्र सरकार से पेयजल स्वच्छता विभाग को 65 करोड़ की सहायता राशि मिल रही है।

जल जमाव होने से कई तरह की बीमारियां आसपास फैलती हैं। पेयजल स्वच्छता विभाग ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव से इनपर नियंत्रण करता है।

इस मद में केंद्र सरकार राज्यों को राशि उपलब्ध कराती है। जून के आखिरी सप्ताह तक यह राशि जिलों को आवंटित कर दी जाएगी। पेयजल स्वच्छता विभाग स्थानीय निकायों की मदद से जिलों में इसे खर्च करेगा।

पिछले साल इस मद में 53 करोड़ रुपए दिए गए थे। इसबार इसमें 12 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के मौसम में कई तरह की समस्याएं होती हैं।

इसके लिए राज्य सरकार स्वास्थ्य



विभाग को राशि उपलब्ध कराती है। लेकिन पेयजल स्वच्छता विभाग को मिली यह राशि टैंकरों की मरम्मत और स्वच्छता के लिए खर्च होनी है। राज्य में करीब 35 हजार खराब हैंडपंप की मरम्मत हो चुकी है। बता दें कि पेयजल स्वच्छता विभाग के आंकड़ों के मुताबिक कुल 70 हजार हैंडपंप खराब पड़े थे। वित्त एवं योजना विभाग से राशि मिलने के बाद इनमें से आधे की मरम्मत कर दी गई है।

इससे संबंधित रिपोर्ट भी विभाग को जिलों से मिल गई है। बाकी के खराब जल स्रोतों की मरम्मत जून के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# मिलावटी मिठाई की बड़ी खेप जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण हजारीबाग।** प्रखंड के ब्लॉक मोड़ के समीप स्थित एक दुकान में मिठाई सप्लाई कर रहे एक वाहन से भारी मात्रा में मिलावटी मिठाई होने के संदेह पर मिठाई जब्त की गई।

फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर प्रकाश गोगी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गया, बिहार की ओर से मिलावटी मिठाइयों की आपूर्ति प्रखंड की कई दुकानों में की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को एक वाहन को रंगे हाथ पकड़ा गया, जिसमें कलकंद, रसगुल्ला, लड्डू, मिल्क केक, काजू बर्फी जैसी विभिन्न मिठाइयाँ भरी हुई थीं। फूड सेफ्टी टीम द्वारा सभी मिठाइयों के सैंपल लेकर प्रारंभिक जांच की गई। प्रथम दृष्टया मिठाईयों में मिलावट की आशंका जताई गई है। सभी सैंपल को प्रयोगशाला भेजा गया है, जहां जांच के उपरांत

## जांच में जुटी प्रशासनिक टीम

आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जाँच के दौरान यह भी पाया गया कि जिन डिब्बों में मिठाई रखी गई थी, उन पर एफएसएसआई लाइसेंस नंबर और निमार्ता कंपनी का नाम अंकित नहीं था। इसके बजाय अन्य ब्रांड के नाम अंकित थे, जिससे मिलावट की आशंका और मजबूत हुई। फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर ने बताया कि यदि जांच में मिठाई मिलावटी पाई जाती है तो गया (रौशनगंज) के प्रमोद मिष्ठान एवं नमकीन फर्म और उसके संचालक पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

बाकी बची मिठाई को एसडीओ जोहान टुड्डू, सीओ संजय यादव और फूड इंस्पेक्टर प्रकाश गोगी की मौजूदगी में सप्लायर द्वारा सियरकोनी जंगल में नष्ट कर दिया गया।

एसडीओ जोहान टुड्डू ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थ लोगों के स्वास्थ्य के लिए घातक हैं और ऐसे मामलों में प्रशासन सख्ती से निपटेगा। वहीं सीओ संजय यादव ने बताया कि पूर्व में भी कई होटलों में छापेमारी कर मिलावटी उत्पाद न बेचने की चेतावनी दी गई थी।

पूछताछ में सप्लायर प्रमोद ने मिठाई सस्ती दर पर बेचने का कारण बताते हुए कहा कि उसमें सूजी, मैदा, चीनी जैसी सामग्री मिलाई जाती है। मिठाई की बड़ी खेप पकड़े जाने की खबर फैलते ही प्रखंड के प्रिंस मिष्ठान स्वीट एंड चार्ट भंडार सहित कई दुकानों ने अचानक शटर गिरा लिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त जांच और कार्रवाई की मांग की है।

# भर्ती कैंप आज

**टुण्डी ।** शिबू सोरेन इंटर कॉलेज दूबराजपुर टुण्डी में कल एसआईएस प्राईवेट लिमिटेड की ओर से बड़े पैमाने पर सुरक्षा जवानों एवं सुपरवाइजरों के पद पर भर्ती कैंप का आयोजन किया गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार एस आई एस प्राईवेट लिमिटेड की ओर से कल शुक्रवार सुबह दस तीस बजे से कैंप के माध्यम से बड़े पैमाने पर सुरक्षा जवानों एवं सुपरवाइजरों की भर्ती शिबू सोरेन इंटर कॉलेज दूबराजपुर टुण्डी में किया जाना है। विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो ने टुण्डी के युवाओं को इस भर्ती कैंप में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है ताकि युवा रोजगार से जुड़ कर अपने परिवारों को परवरिश अच्छे ढंग से कर सके। कंपनी की और से सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती के लिए उम्र सीमा 19-40 वर्ष रखा गया है जबकि योग्यता 10 वीं पास निर्धारित किया गया है वहीं उंचाई 168 सेमी तथा वजन 56-90 किलो ग्राम रखा गया है तथा वेतनमान 12 हजार से लेकर 15 हजार रुपए निर्धारित है। वहीं सुपरवाइजर पद पर उम्रसीमा 21-40 वर्ष योग्यता 12 वीं पास, उंचाई 170 सेमी, वजन 56-90 केजी वेतनमान 16 से लेकर 19 हजार निर्धारित किया गया है।

# डिटेंशन सेंटर से फरार बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** शनिवार मध्यरात्रि डिटेंशन सेंटर से फरार हुए तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने मात्र 15 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई हजारीबाग पुलिस की चार विशेष टीमों और तकनीकी शाखा की मदद से संभव हो सकी। एसपी अंजनी कुमार अंजन ने बताया कि बंगाल के बोनगांव स्थित बांग्लादेश सीमा से अख्तर खुशी उर्फ निफा अख्तर और नजमुल हलधर को बंगाल पुलिस की मदद से पकड़ा गया, जबकि धनबाद रेलवे स्टेशन से रीना खान उर्फ फिना देवी को जीआरपी के सहयोग से गिरफ्तार किया गया।

तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि डिटेंशन सेंटर से ये कैदी दीवार फांद कर फरार हो गए थे। सेंटर में कुल चार बांग्लादेशी नागरिक थे, जिनमें से तीन फरार हुए थे।

सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर तैनात छह जवानों को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

वहीं, तीनों विदेशी नागरिकों के खिलाफ झारखंड के विभिन्न जिलों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। रीना खान पर मिहिजाम थाने में फजीर्वाड़ा और अपहरण का मामला, निफा अख्तर पर बरियातु थाने में साजिश और फजीर्वाड़ा तथा नजमुल हलधर पर राजमहल थाने में मामला दर्ज है।

गिरफ्तारी अभियान में डीएसपी अमित कुमार, एसडीपीओ अमित आनंद सहित 12 पुलिस पदाधिकारियों की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर सफलता हासिल की।

एसपी ने बताया कि यदि देरी होती तो दो आरोपी बांग्लादेश जा सकते थे। रीना खान भारत में पहचान छिपाकर रहना चाहती थी और दिल्ली जाने की फिराक में थी।

यह कार्रवाई राज्य के लिए एक बड़ी सुरक्षा चुनौती थी, जिसे तय समय में पूरा कर पुलिस ने सराहनीय कार्य किया।

# बिरहोर जनजाति समुदाय के लोगों से मिले उपायुक्त, सुनी समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चुरचू हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज 12 जून गुरुवार को चुरचू प्रखंड का भ्रमण किया। उन्होंने बिरहोर जनजाति की वर्तमान स्थिति से अवगत होने हेतु नगड़ी बिरहोर टंडा पहुंचे।

उन्होंने बिरहोर जनजाति समुदाय के महिला, पुरुष व बच्चों से मिले तथा उनसे बात कर उनकी समस्याओं को जाना। उपायुक्त ने कहा कि लोगों के सामाजिक उत्थान के लिए प्रभावी कदम उठाने की नितांत आवश्यकता है, क्योंकि ये समुदाय कई चुनौतियों का सामना करते हैं। गरीबी और आजीविका के सीमित अवसर इनकी प्रमुख समस्या है। शिक्षा की कमी और विद्यालयों में ड्रॉपआउट दर इनकी शैक्षिक स्थिति को कमजोर बनाती है।

उपायुक्त ने बिरहोर समुदाय की महिलाओं बात की एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ लेने को कहा। मौके पर इंटर पास युवा ने उपायुक्त से आगे की पढ़ाई करने की इच्छा जताई, इस पर उपायुक्त ने पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उपायुक्त ने इन समुदाय के लोगों से बातचीत के क्रम में विद्यालय में दिए जाने वाले मिड डे मील की स्थिति की जानकारी ली।

उपायुक्त ने बच्चों के परिजनों से कहा कि छोटे बच्चों के शारीरिक विकास के लिए अनिवार्य रूप से इन्हें आंगनवाड़ी केंद्रों में भेजें तथा महिलाओं के लिए दिए जा रहे पौष्टिक आहार को जरूर ग्रहण करें।

उपायुक्त ने उपस्थित लोगों से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत (डाकिया योजना) के तहत उपलब्ध कराए जाने वाले राशनों की आपूर्ति की जानकारी ली।

उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से इन समुदाय के लोगों को मनरेगा योजना के तहत जोड़ने का निर्देश दिया।

स्थानीय लोगों ने उपायुक्त से पेयजल की आपूर्ति का अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने बीडीओ को अविलंब इस



कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि इनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है कि इन्हें कौशल विकास के तहत जोड़ा जाए। उपायुक्त ने बताया कि नशा करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, साथ ही बच्चों पर इसका दुष्परिणाम पड़ता है। उन्होंने नशा से दूर रहते हुए मेहनत कर अपने परिवार का भरण पोषण करने को कहा।

उपायुक्त ने जिले भर में चल रहे नशा मुक्ति अभियान को रेखांकित करते हुए उपस्थित सभी लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई।

आवास, स्वच्छ पेयजल, सड़क और कनेक्टिविटी, बिजली, स्वच्छता सुविधाओं का निर्माण (शौचालय) और उपयोग को बढ़ावा देना, ड्रॉपआउट दर में कमी लाना शामिल है।

इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार,जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार, नजारत उपसमाहर्ता प्रदीप कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी चुरचू ललित राम मौजूद थे।

# भेजी गयी मंईया सम्मान योजना की राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में बीस हजार लाभुकों के खाते में मंईयां सम्मान योजना की अप्रैल माह की राशि भेज दी गई है।

राशि केवल उन लाभुकों के खाते में भेजी गई है, जिन्होंने आधार सीडिंग कराया है। बता दें, जिला प्रशासन ने जिले में 77 हजार लाभार्थियों के खाते को दस्तावेज में त्रुटि के कारण होल्ड कर दिया था।

जांच के दौरान सही पाए जाने के बाद होल्ड किए गए 77 हजार में 20 हजार लाभार्थियों के खाते में मंईयां सम्मान योजना के 2500 रुपए राशि ट्रांसफर किए गए हैं। यह राशि अप्रैल माह की है।

इसके तहत पांच करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। इस संबंध में प्रशासन ने कहा कि जिन लाभुकों का आवेदनद पूर्व में स्वीकृत है, पर उन्होंने आधार सीडिंग बैंक खाते से नहीं कराया है, उन्हें राशि ट्रांसफर नहीं कराई गई है। उन्हीं लाभुकों के खाते में राशि भेजी गई है, जिन्होंने आधार सीडिंग बैंक खाते से करा लिया है।

# उपायुक्त ने की स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन एवं स्वच्छ भारत मिशन समेत विभिन्न स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन, पेयजल समस्या के निराकरण और जल जीवन मिशन के तहत योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति योजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पेयजल समस्या का त्वरित निराकरण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

बैठक में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत सभी गांवों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर पेयजल की संचालित योजनाओं में आ रही समस्याओं की जांच कर उचित सामाधान करने को कहा। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पानी की किल्लत न हो, लोगों को सुगम रूप से जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसके लिए कार्य करें, साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाए जाने वाले खराब चापाकलों/नलकूपों की जल्द से जल्द मरम्मती



सुनिश्चित कराएं।

बैठक में पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्रोतों की स्थिति, पानी टंकी की स्थिति, मरम्मत कार्य आदि से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि जहां पेयजल की समस्या आ रही है वहां फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था कर पेयजल की आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के अलावे डीडीसी इस्तियाक अहमद, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सभी बीडीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# स्पेशल ट्रेनें जुलाई माह से हो जायेगी बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा होकर चलने वाली सभी स्पेशल ट्रेनें जुलाई में बंद हो जाएंगी। गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के साथ वैवाहिक लग्न भी समाप्त हो गया है। हालांकि, स्पेशल ट्रेनों में बुकिंग अभी भी तेज है, जितने भी फेरे बचे हुए हैं, सभी ट्रेनों में सीटें बुक हैं।

कोडरमा से होकर फिलहाल मुंबई के लिए धनबाद-एलटीटी स्पेशल ट्रेन चल रही है। इसमें 24 जून से स्लीपर क्लास की बोगियां भी जोड़ी जाएंगी। अब इसके दो फेरे 17 व 24 जून ही बचे हैं।

यह ट्रेन हर ट्रिप में लगभग 60 लाख रुपये का राजस्व दे रही है, इसलिए धनबाद रेल मंडल ने धनबाद-एलटीटी के फेरे बढ़ाने का प्रस्ताव रेलवे मुख्यालय को भेजा है।

सप्ताह में दो दिन चलने वाली धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल ट्रेन भी 28 जून को अंतिम फेरा लगाएगी। इस ट्रेन में 24 और 28 जून को कुछ



सीटें खाली है। धनबाद रेल मंडल इस ट्रेन के फेरे बढ़ाने का भी प्रस्ताव भेजा है।

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में पुरुलिया-गौरीनाथधाम रेलखंड में मेगा ब्लॉक के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। जिसमें दिनांक 13 मई को गाड़ी संख्या अप 68041/68042 डाउन, वहीं आद्रा-बरकाकाना-आद्रा मेमू पैसेंजर एवं गाड़ी संख्या अप 18019/18020 डाउन, झारग्राम-धनबाद-झारग्राम मेमू एक्सप्रेस के परिचालन को निरस्त किया गया है। इसकी जानकारी धनबाद मंडल के मोहम्मद इकबाल वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने दी है।

# सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना जल्द होगी चालू

## देवघर-जामताड़ा के 190 गांव होंगे लाभान्वित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की राह में वन भूमि के एनओसी का अड़चन दूर कर लिया गया है। एक महीने में एनओसी क्लीयर हो जाएगा।

कार्य की रफ्तार और विभागीय दावे कह रहे हैं कि इस साल दिसंबर में योजना पूरी हो जाएगी और 13,164 हेक्टेयर जमीन सिंचित होगा। नोनियाटांड़ गांव में मुख्य पंपिंग स्टेशन पूरा होने के कगार पर है। पाइप लाइन बिछाया जा रहा है। इस कारण एक खुशखबरी यह कि सितंबर में आंशिक रूप से चालू होकर दो हजार हेक्टेयर जमीन को सिंचित करने लगेगा।

इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह कि नदी तल से उपर खेती योग्य जमीन को पारंपरिक नहर प्रणाली के कारण धान का कटोरा कहा जाने वाला सारठ के खेत को पानी मिलने लगेगा।

मेगा लिफ्ट योजना से दो जिला देवघर और जामताड़ा को लाभ मिलेगा। सारठ के साथ साथ करौं, जामताड़ा और विद्यासागर प्रखंड के उपरी इलाके के खेतों में पाइप लाइन से सिंचाई होगी। देवघर का यह सिंचाई योजना झारखंड में गढ़वा के बाद दूसरा है।

जिसमें 190 गांव के सभी तालाब और डोभा को इस लिफ्ट इरिगेशन से हमेशा लबालब रखा जाएगा। गर्मी के दिनों में तालाब सूख भी जाय तो किसानों को चिंता नहीं करनी होगी। तालाब तक जाने के लिए अलग से पाइप लाइन का प्रविधान किया गया है। धान, गेहूं, मक्का की तो खेती होगी, नकदी सब्जी भी किसान करेंगे।

किसानों की आमद बढ़ेगी। खाद्यान्न के संकट को यह योजना दूर करने में मददगार होगी। अजय बाराज पर बनाने के पीछे मकसद यह कि यहां से पानी लिफ्ट कर पंप हाउस लाया जाएगा। तीन पानी टंकी में इसका भंडारण कर पाइप लाइन से खेतों



तक अजय बाराज से पानी जाएगा।

27 पंचायत के 13,164 हेक्टेयर में चक्रवार जाएगा पानी। धान, गेहूं, सरसों, मक्का, मूंग के साथ नकदी खेती बढ़ेगी। सोलर पावर प्लांट से होगा योजना का संचालन, बिजली बिल का झंझट दूर।

पाइप लाइन से देवघर और जामताड़ा के 27 पंचायत के खेतों को सिंचित करने की योजना है। इस योजना से जमीन से उपरी सतह पर बने खेती योग्य भूमि को पानी मिलेगा। योजना से रबी और खरीब फसल को लाभ पहुंचेगा।

अक्टूबर 2023 को 484.35 करोड़ के मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास हुआ था। योजना के पूरा होने के बाद पांच साल तक ठेकेदार इसका संचालन, प्रबंधन और देख रेख करेंगे। योजना से 1 लाख 11 हजार 174 आबादी को सीधा लाभ पहुंचेगा।

सेवा क्षेत्र के सभी तालाब और डोभा लबालब रहेंगे। इसके लिए एक स्पेशल पाइप लाइन का प्रविधान किया गया है। इतने बड़े प्रोजेक्ट को चलाने में किसी तरह की परेशानी नहीं आए इसके लिए सात मेगावाट का सोलर पावर प्लांट का प्रविधान किया गया है।

वाटर यूजर एसोसियेशन बनाया जाएगा। किसान तय करेंगे कि किस क्षेत्र के खेत में किस दिन पानी जाएगा। यह सब एसोसियेशन को ही तय करना होगा। लिफ्ट इरिगेशन जहां बन रहा है वहां का 70 फीसद जमीन खेती योग्य है।

जिन पंचायतों में पानी पहुंचेगा उसमें सारठ प्रखंड के असनबनी, दुमदुमी, झिलुआ, कुकराहा , लगवान, मंझलाडीह। करौं प्रखंड के बिरनगड़िया, डिंडाकोली, करौं, रानीडीह, साल्तर और सिरसा।

विद्यासागर प्रखंड के अलगचुया, बाघबेर, बरादाहा, बरमंडी, करमाटांड़, मंट्टार, मोहनपुर, नवाडीह, फोकनाद, सीताकांटा, ताराबहाल और तितुलबंधा। जामताड़ा प्रखंड के दखिनबहल, सहरपुर और सुपड्डीह पंचायत में पाइप लाइन से पानी जाएगा।

## एयर इंडिया का प्लेन क्रैश होने से खिलाड़ी जगत स्तब्ध

### इरफान पठान दुखी, लोगों की सलामती के लिए यूं मांगी दुआ



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में एक बड़ी विमानन त्रासदी घटित हुई। एयर इंडिया का एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान, जो फ्लाइट एआई171 के रूप में लंदन के गैटविक एयरपोर्ट के लिए उड़ान भर रहा था, सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में कुल 242 लोग सवार थे, इसमें 230 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य शामिल थे। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। विमान क्रैश खेल जगत स्तब्ध है। सभी की सलामती की दुआ की।घटनास्थल से सामने आए फोटो और वीडियो में देखा गया कि प्लेन का मलबा भयंकर आग की चपेट में था। गहरे काले धुएं के गुबार रनवे के पास उठते दिखाई दिए। आपातकालीन टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। प्लेन क्रैश अहमदाबाद के मेघानीनगर एरिया में हुआ है। इस दुर्घटना के बारे सोशल मीडिया पर सभी प्रार्थना कर रहे हैं। इसमें टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान भी शामिल हैं। पठान गुजरात के वडोदरा के ही रहने वाले हैं। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आज अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना से बहुत दुःखी हूं। यात्रियों, चालक दल और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं अहमदाबाद में आज एक दुखद घटना घटी, लंदन जाने वाली एयर इंडिया की एक फ्लाइट उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 242 यात्री सवार थे। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हरभजन सिंह ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। हरभजन सिंह ने कहा, मुझे यह जानकर गहरा सदमा और दुख हुआ है कि अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं जो इस अकथनीय दर्द और क्षति से गुजर रहे हैं। ऐसे समय में, शब्द अपर्याप्त लगते हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि प्रभावित लोगों को शक्ति, साहस और समर्थन मिलेगा। इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है।

## मारिया में को एनएक्सटी में कैसे मिला नया नाम, खुद किया इस बात खुलासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मारिया मे, जिन्हें अब ब्लेक मोनरो के नाम से जाना जाता है, ने अपने नए डब्ल्यूडब्ल्यूई नाम के बारे में जानकारी दी है। कुछ हफ्तों पहले एनएक्सटी में डेब्यू करने के बाद से ही उनके नाम बदलने की उम्मीद थी। इस बात की पुष्टि इस हफ्ते के एपिसोड में एक वीडियो पैकेज के जरिए हुई। वीडियो में ब्लेक मोनरो को फीमेल स्टार के नए नाम के तौर पर दिखाया गया। उनके नाम का दूसरा भाग, मोनरो, मशहूर अभिनेत्री मर्लिन मोनरो से प्रेरित है। लेकिन फैंस को उनके पहले नाम के बारे में ठीक से पता नहीं था। कई लोगों का मानना था कि बेहतर पहचान के लिए उन्हें एईडब्ल्यू वाला नाम ही रखना चाहिए था। 26 साल की ब्लेक मोनरो ने बुधवार को अपनी भतीजी के साथ एक फोटो पोस्ट की। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में 'बी' लिखा। इससे पता चलता है कि उनके नाम का पहला भाग उनकी भतीजी से प्रेरित है। ब्लेक मोनरो ने 3 जून को एनएक्सटी में डेब्यू किया। उन्होंने एनएक्सटी विमेंस चैंपियन जेसी जेन का सामना किया। इससे साफ पता चलता है कि उनका लक्ष्य ब्लैक एंड सिल्वर ब्रांड में टाइटल जीतना है।

### इंग्लैंड में 18वीं फिफ्टी लगाई, वेरियन ने एक हाथ से डाइविंग कैच लिया

# स्टीव स्मिथ लॉर्ड्स स्टेडियम में टॉप विदेशी स्कोरर



**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 212 रन बनाकर सिमट गई। साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 4 विकेट खोकर 43 रन बना लिए।

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने 66 रन बनाए, इसी के साथ वे इंग्लैंड में सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने वाले विदेशी बैटर बने। वे लॉर्ड्स स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी भी बने। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी 5 विकेट महज 22 रन बनाने में गंवा दिए।

### इंग्लैंड में हाईएस्ट 50+ स्कोर वाले विदेशी बने स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया के नंबर-4 बैटर स्टीव स्मिथ 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने इंग्लैंड में 10वीं फिफ्टी लगाई, वे यहां 8 सेंचुरी भी लगा चुके हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल में फिफ्टी लगाकर स्मिथ इंग्लैंड में सबसे ज्यादा 18 फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले विदेशी बैटर बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ही एलन बॉर्डर और वेस्टइंडीज के विवियन रिचर्ड्स का रिकॉर्ड तोड़ा। दोनों के नाम इंग्लैंड में 17-17 फिफ्टी प्लस स्कोर का रिकॉर्ड रहा।

### लॉर्ड्स में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बने स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बैटर भी बन गए। उनके अब 6 मैच की 10 पारियों में 591 रन हो गए। इनमें उन्होंने 2 शतक और 3 फिफ्टी लगाई हैं। स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के ही वारेन बार्डस्ले का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 5 मुकाबलों में 575 रन बनाए।

### काइल वेरियन का डाइविंग कैच

साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर काइल वेरियन ने एक हाथ से बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ा। 24वें ओवर की दूसरी बॉल मार्को यानसन ने गुड लेंथ पर लेग स्टंप की ओर फेंकी। ट्रैविस हेड फ्लिक करने गए, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर विकेटकीपर की ओर चली गई। यहां वेरियन ने अपने दाईं ओर डाइव लगाई और एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया। हेड को 11 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा।

### रिव्यू नहीं लेने के कारण नॉटआउट रहे वेबस्टर

29वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के ब्यू वेबस्टर साउथ अफ्रीका के रिव्यू नहीं लेने के कारण आउट होने से बच गए। ओवर की दूसरी बॉल कगिसो रबाडा ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। बॉल वेबस्टर के पैड्स पर लगी, रबाडा ने एलपीडब्ल्यू की अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉटआउट का इशारा दिया।

रबाडा ने रिव्यू लेने की सलाह दी, लेकिन कप्तान तेम्बा बावुमा ने मना कर दिया। उन्होंने इशारा किया कि बॉल बैट से लगी है। रिप्ले में पता चला कि अगर छ्रऋ लिया जाता तो वेबस्टर को पवेलियन लौटना पड़ता। इस वक्त वेबस्टर महज 8 रन के स्कोर पर थे, उन्होंने 72 रन की पारी खेली।

### मार्को यानसन का जगलिंग कैच

42वें ओवर में साउथ अफ्रीका के मार्को यानसन ने फर्स्ट स्लिप में बेहतरीन जगलिंग कैच पकड़ा। ओवर की आखिरी बॉल ऐडन मार्करम ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी। स्टीव स्मिथ ड्राइव करने गए, लेकिन गेंद बाहरी किनारे से लगकर स्लिप की ओर चली गई। फर्स्ट स्लिप में यानसन ने अपने बाएं हाथ से बॉल पकड़ी, लेकिन गेंद उछलकर दाएं हाथ की ओर चली गई। यानसन ने तीसरी बार कोशिश की और बॉल पकड़ ली। स्मिथ 66 रन बनाकर आउट हुए।

### रिवर्स स्वीप खेलने में बोल्ड हुए कैरी

ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बैटर एलेक्स कैरी रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। 52वें ओवर की पहली बॉल केशव महाराज ने फुलर लेंथ फेंकी, कैरी रिवर्स स्वीप खेलने गए, लेकिन गेंद मिस कर गए और बोल्ड हो गए। कैरी ने 23 रन बनाए।

### 22 रन बनाने में ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट गंवाए

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे सेशन में 5 विकेट गंवा दिए। टीम के सभी विकेट 22 रन बनाने में ही गिर गए। टी सेशन के बाद केशव महाराज ने एलेक्स कैरी को बोल्ड किया। यहां से कगिसो रबाडा ने पैट कमिंस और ब्यू वेबस्टर को पवेलियन भेजा। मार्को यानसन ने नाथन लायन को बोल्ड किया। रबाडा ने फिर मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की पारी 212 रन पर समेट दी।

डब्ल्यूटीसी फाइनल

## साउथ अफ्रीका की आधी टीम 97 रन पर ही पैवेलियन लौटी



**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मैच ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच लंदन में खेला जा रहा है। बुधवार लॉर्ड्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। गुरुवार को मैच का दूसरा दिन है और पहला सेशन जारी है।

साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 5 विकेट खोकर 97 रन बना लिए हैं। डेविड बेडिंघम (26 रन) और काइल वेरियन (1 रन) पिच पर हैं। कप्तान टेम्बा बावुमा (36 रन) को पैट कमिंस ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया।

पहले दिन कमिंस ने वियान मुल्डर (6 रन) को बोल्ड किया था। साउथ अफ्रीका ने 43/4 के स्कोर से दूसरे दिन की शुरुआत की। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 212 रन पर ऑलआउट हो गई थी। ब्यू वेबस्टर ने 72 और स्टीव स्मिथ ने 66 रन की पारी खेली। कगिसो रबाडा ने 5 और मार्को यानसन ने 3 विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका ने 5वां विकेट गंवा दिया है। यहां कप्तान टेम्बा बावुमा 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पैट कमिंस ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया। कमिंस को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने पहले दिन वियान मुल्डर को बोल्ड किया था।

### बावुमा-बेडिंघम की फिफ्टी पार्टनरशिप

34वें ओवर में कप्तान टेम्बा बावुमा और डेविड बेडिंघम की जोड़ी ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। मिचेल स्टार्क के ओवर की दूसरी बॉल पर बावुमा ने चौका लगाकर 5वें विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। टीम ने 30 रन पर चौथा विकेट गंवाया था।

## हमारे पास शोएब बशीर, भारत को पाकिस्तानी के नाम से धमकाया, ब्रेंडन मैकुलम का दांव कहीं उल्टा न पड़ जाए!



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं।' भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा। मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, 'वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं।'

इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला में वेस्टइंडीज का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है।' इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे, जबकि गस एटकिंसन अब भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। मैकुलम को हालांकि इंग्लैंड के गेंदबाजी विकल्पों पर पूरा भरोसा है।

# भारतीय टीम की इंग्लैंड में प्रैक्टिस

### कप्तान शुभमन गिल सहित टीम के अन्य खिलाड़ी फील्डिंग का अभ्यास किया

**ओवल (एजेंसी)।** भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी अन्य खिलाड़ियों के साथ कैच का प्रैक्टिस करते नजर आए। वहीं भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी थ्रो और फील्डिंग करते नजर आए।

भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए।

रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा।



भारतीय टीम ने 8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन में भाग लिया था। इसमें कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया था। हालांकि, टीम में शामिल कई खिलाड़ी इंडिया ए के सदस्य होने की वजह से शामिल नहीं हो पाए थे।भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

### भारतीय टीम में टैलेंट की कमी नहीं ; विराट कोहली की चमक मिस करेंगे 16 साल से जीत का इंतजार

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के उपकप्तान ओली पोप का कहना है कि भारतीय क्रिकेट टीम में काफी टैलेंट है, लेकिन उसे विराट कोहली की कमी खेलेगी। टीम इंडिया अभी इंग्लैंड दौरे पर है, उसे पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा।भारत ने इस हाई-प्रोफाइल सीरीज के लिए युवा टीम का चयन किया है। विराट कोहली और रोहित शर्मा ने आईपीएल के दौरान ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था।ओली पोप ने 'टॉकस्पोर्ट' क्रिकेट से कहा कि भारत की टीम युवा है, लेकिन इनके खिलाड़ियों में बहुत टैलेंट है। उनके पास बहुत से युवा और अच्छे खिलाड़ी हैं। कप्तान शुभमन गिल शानदार हैं। लेकिन उन्हें स्लिप में खड़े होकर चहकने वाले विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी।पोप ने यह भी कहा, 'भारतीय टीम के पास कुछ अच्छी प्रतिभाएं हैं। वे आत्मविश्वास से भरे होंगे। हमारे खिलाड़ी भी इसके लिए तैयार हैं।'ओली पोप ने कहा कि एशेज ट्रॉफी से पहले भारत के साथ यह सीरीज हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है।

# डब्ल्यूटीसी 2023-25 आईसीसी ने प्राइज मनी बढ़ाई, विजेता-उपविजेता पर होगी पैसों की बरसात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जा रहा है। आईसीसी ने इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए प्राइज मनी में बढ़ोतरी की थी। इस साल विजेता टीम तो मालामाल होगी ही, साथ ही उपविजेता टीम को भी साल 2023 में विजेता टीम को मिली राशि से ज्यादा रुपये मिलेंगे।

हालांकि, इस चक्र में तीसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम पर भी पैसों की बरसात होगी। उन्हें भी जितनी राशि मिलेगी, वह 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की राशि के करीब है। वहीं, इस चक्र में सबसे फिसड्डी रही पाकिस्तान की टीम को सबसे कम राशि मिलेगी। डब्ल्यूटीसी में नौ टीमें हिस्सा लेती हैं और अंक प्रतिशत के आधार पर शीर्ष दो पर रहने वाली टीम फाइनल खेलती है।

### विजेता-उप-विजेता को कितनी राशि?

आईसीसी ने विजेता टीम के लिए जो राशि तय की है, वह पिछले संस्करण से दोगुनी है। इस बार विजेता टीम को बंपर पैसे मिलेंगे और आईपीएल विजेता से भी



ज्यादा मिलेंगे। इस साल विजेता टीम को 3.6 मिलियन यूएस डॉलर यानी 30.79 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जब 2023 में फाइनल जीता था तो उन्हें 1.6 मिलियन डॉलर यानी 13.69 करोड़ रुपये मिले थे। फाइनल में हारने वाली टीम यानी उप विजेता को 2.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (17.96 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो कि पिछले दो बार की विजेता राशि से भी ज्यादा है। वहीं, पिछले दो संस्करणों के उपविजेता को 800,000 अमेरिकी डॉलर यानी 6.84 करोड़ रुपये मिले थे।

### भारतीय टीम को इतने रुपये मिलेंगे

वहीं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर टीम इंडिया रही थी। उन्हें इनाम के तौर 1.4 मिलियन डॉलर यानी 12.31 करोड़ रुपये मिलेंगे। चौथे स्थान पर न्यूजीलैंड की टीम रही और उन्हें 1.2 मिलियन डॉलर यानी 10.26 करोड़ रुपये मिलेंगे। पांचवें स्थान पर इंग्लैंड की टीम रही और उन्हें 0.96 मिलियन डॉलर यानी 8.20 करोड़ रुपये मिलेंगे। छठे स्थान पर श्रीलंका की टीम रही और उन्हें 0.84 मिलियन डॉलर यानी 7.18 करोड़ रुपये मिलेंगे।

### पाकिस्तान को मिलेंगे इतने रुपये

सातवें स्थान पर रहने वाली बांग्लादेश की टीम को 0.72 मिलियन डॉलर यानी 6.15 करोड़ रुपये, आठवें स्थान पर रहने वाली वेस्टइंडीज टीम को 0.6 मिलियन डॉलर यानी 5.13 करोड़ रुपये और सबसे आखिरी यानी नौवें स्थान पर रहने वाली पाकिस्तान की टीम को 0.48 मिलियन डॉलर यानी 4.10 करोड़ रुपये मिलेंगे। भारत को पाकिस्तान को मिलने वाली राशि से तीन गुना ज्यादा रुपये मिलेंगे।

### राशि बढ़ाने के पीछे आईसीसी का मकसद

आईसीसी के प्राइज मनी को बढ़ाने के पीछे का मकसद टेस्ट क्रिकेट को और रोमांचक बनाना है ताकि टीमें तालिका में ऊपर आने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा करें और बेहतर इनाम जीतने की कोशिश करें। इससे टीमें अंत अंत तक खुद को ऊपर लाने की कोशिश करेंगी। इस 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका की टीम 69.44 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रही थी, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम 67.54 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारत का अंक प्रतिशत इस चक्र में 50.00 रहा। भारतीय टीम अब अपने 2025-27 चक्र की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्लफ्रेंड के साथ शराब पी रहा था फिर... दिल्ली में शख्स की बेरहमी से हत्या, चाकू और कैंची मिली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के मुनिरका इलाके में हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। जहां 26 साल के प्रकाश की बेरहमी से हत्या कर दी गई। दरअसल प्रकाश अपनी गर्लफ्रेंड के साथ शराब पी रहा था। उनके साथ एक अन्य शख्स भी था। इसी दौरान किसी बात को लेकर प्रकाश और उसकी गर्लफ्रेंड के बीच झगड़ा हो गया। इस झगड़े में बीच बचाव करने आए शख्स के साथ भी मारपीट हो गई। ये झगड़ा एक खौफनाक हादसे में बदल गई पुलिस का कहना है कि प्रकाश, एक 23 साल के युवक लाल्हियातपुइया और उसकी गर्लफ्रेंड के साथ शराब पी रहा था। बातों-बातों में प्रकाश और उस महिला के बीच कहासुनी हो गई। जब लाल्हियातपुइया ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो उसे भी कथित तौर पर मार पड़ी। गुस्से में आग बबूला हुए लाल्हियातपुइया ने जो किया, उसने सबको हिलाकर रख दिया। महिला जब छत पर गई, तब लाल्हियातपुइया ने कथित तौर पर प्रकाश पर हमला कर दिया। जब वह लौटी, तो प्रकाश खून से लथपथ था और लाल्हियातपुइया तौलिए से खून रोकने की कोशिश कर रहा था। पुलिस को मौके से चाकू और कैंची बरामद हुई। प्रकाश को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी गर्दन पर गहरे घाव इतने गंभीर थे कि उसे बचाया न जा सका। पुलिस ने लाल्हियातपुइया को हिरासत में ले लिया, जो दिल्ली के हैदरपुर का रहने वाला है और मूलरूप से मिजोरम से ताल्लुक रखता है। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस का मानना है कि यह अपराध गुस्से के आवेश में किया गया। मामले की गहराई से जांच जारी है।

### दिल्ली में इस साल बाढ़ जैसे हालात नहीं बनेंगे, आप सरकार ने इसे रोकने; सीएम रेखा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने बुधवार को बाढ़ नियंत्रण आदेश जारी कर विभागों को राष्ट्रीय राजधानी में किसी भी बाढ़ जैसी स्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। सीएम रेखा ने बीती सरकारों के काम की भी तुलना की। बैठक के बाद गुप्ता ने कहा कि हर साल दिल्ली के निवासी बाढ़ और जलभराव के कारण परेशान होते हैं। उन्होंने याद किया कि कैसे अगस्त-सितंबर 2023 में, दिल्ली में अभूतपूर्व बाढ़ आई थी, जब यमुना नदी का जलस्तर 208.6 मीटर तक बढ़ गया था, जिससे कई आवासीय क्षेत्र जलमग्न हो गए थे। सीएम रेखा ने दावा किया कि पिछली सरकारों ने बाढ़ नियंत्रण को कभी गंभीरता से नहीं लिया और कहा कि 2023 में बैराज के गेट भी नहीं खोले जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, इस वर्ष सभी प्रमुख बैराजों की बड़े पैमाने पर मरम्मत और रखरखाव किया गया है और प्रमुख नालों से लगभग 20 लाख मीट्रिक टन गाद निकाली गई है। एमसीडी और पीडब्ल्यूडी द्वारा गाद निकालने का लगभग 80-90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और बाकी काम जारी है। बयान में कहा गया है कि उन्होंने कहा कि प्रमुख बाढ़ संभावित क्षेत्रों में नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं तथा प्रमुख नालों की सफाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण आदेश 2025 में जल निकासी व्यवस्था, नदी तटबंधों, पंपिंग स्टेशनों, परिचालन योजनाओं, उपकरणों के विवरण और आपातकालीन संपर्क नंबरों के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# 50 साल पुरानी डीडीए कालोनी फिर से बनाई जाएंगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 50 साल से पुरानी दिल्ली की डीडीए आवासीय कॉलोनियों को फिर से बनाया जाएगा। दिल्ली के राज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा गठित सरकारी-उद्योग टास्क फोर्स ने सिफारिश भेजी है। अगर यह सिफारिशें स्वीकार कर ली जाती हैं तो दिल्ली की सैकड़ों कॉलोनियों को फिर से बनाया जाएगा। इसके लिए अब दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार को आखिरी निर्णय लेना है। अगर एलजी की गठित टास्क फोर्स का का प्रपोजल स्वीकार होता है तो इन कॉलोनियों की सुरक्षा जांच करने के बाद फिर से बनाया जाएगा।

डीडीए की 50 साल पुरानी ऐसी करीब 30 कॉलोनियां हैं, जो 50 साल पुरानी हैं और उन्हें फिर से निर्माण की जरूरत है। एलजी द्वारा गठित टास्क फोर्स ने बताया कि ये सभी कॉलोनियां 1957 में बनाई गई थीं। ये सभी कॉलोनियां राजधानीभर में फैली हुई हैं।

दिल्ली के एलजी द्वारा गठित टास्क फोर्स ने दिल्ली को कैसे पुनर्जीवित करें शीर्षक नाम से एक रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि दिल्ली में कॉमर्शियल और इंडस्ट्रियल प्रॉपर्टी के सर्किल रेट को कम किया जाना चाहिए, क्योंकि यहां का सर्किल रेट पड़ोसी शहर नोएडा और गुरुग्राम से कहीं ज्यादा है। टास्क फोर्स ने बताया कि दिल्ली का सर्किल रेट कुछ जगहों पर मुंबई से भी ज्यादा है। इस चैप्टर में टास्कफोर्स ने दिल्ली में इंडस्ट्रियल एक्टिविटी को पीपीपी मॉडल पर झुग्गियों को विकसित करने की भी सिफारिश की है। डीडीए की वेबसाइट पर मिली जानकारी के अनुसार, डीडीए ने 1967 में अपनी



आवासीय कॉलोनियों को बनाने की शुरुआत की थी। इससे पहले, कुछ आवासीय कॉलोनियां, जमीन और सरकारी भवन दिल्ली प्रशासन के आधीन थे। इसके बाद सन 1969 में, 27 कॉलोनियां डीडीए को ट्रांसफर की गईं। 1981 में एक सोसाइटी को छोड़कर डीडीए को 99 और सोसाइटियां ट्रांसफर की गईं। आज, 50 साल से अधिक पुरानी डीडीए कॉलोनियाँ सफदरजंग, मस्जिद मोठ, साकेत, ईस्ट ऑफ कैलाश, फ्रेंड्स कॉलोनी, मुनिरका, कालकाजी, मदनगीर, सनलाइट कॉलोनी, कटवारिया सराय, पीतमपुरा, राजौरी गार्डन, शालीमार बाग, नारायणा, वजीरपुर, लॉरेंस रोड, पश्चिम पुरी (पश्चिम विहार में), जनकपुरी, शंकर रोड, विवेक विहार, देशोपुर, नजफगढ़ रोड, प्रसाद नगर, विकास पुरी, गोविंद पुरी, शेख सराय, रोहतक रोड और यमुना पुरी में मौजूद हैं।

# यात्री के पास ट्रेन टिकट न होना मुआवजे से इनकार का आधार नहीं : दिल्ली हाईकोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि घातक रेल दुर्घटना में मृत व्यक्ति के पास यात्रा टिकट का न होना मुआवजे के दावे को खारिज नहीं करता। हाईकोर्ट ने कहा कि यात्री के रेल में मौजूद होने के साक्ष्य उसके आश्रितों को मुआवजा दिलवाने के लिए पर्याप्त हैं। बेंच ने यह भी कहा कि कई यात्रियों का टिकट एक साथ बनता है, इसलिए यह जरूरी नहीं कि प्रत्येक यात्री के पास उसकी अलग-अलग कॉपी मौजूद हो।

जस्टिस धर्मेश शर्मा की बेंच ने इस मामले में रेलवे को मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि देने को कहा है। बेंच ने कहा कि इस मामले में यह भी साक्ष्य मिले हैं कि यात्रा से पहले यात्री ने टिकट खरीदा था।

बेंच ने रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल के आदेश को भी खारिज कर दिया है। ट्रिब्यूनल ने मृतक के पास यात्रा टिकट न मिलने पर उसके आश्रितों का मुआवजा दावा नामंजूर कर दिया



था। इस मामले में मृतक के माता-पिता ने मुआवजा दावा दाखिल किया है।मुआवजा याचिका में मृतक के माता-पिता कहा था कि उनका 24 वर्षीय बेटा वर्ष 2017 में जबलपुर-निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहा था। उसके साथ उसकी बहन और भतीजा भी थे। ट्रेन आगरा पहुंची, तो युवक गलती से ट्रेन से गिर गया। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मुआवजा याचिका पर सुनवाई करते हुए रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल ने माना कि युवक की मौत ट्रेन दुर्घटना में हुई है, लेकिन ट्रिब्यूनल ने कहा कि साक्ष्यों के मुताबिक, उस समय वह रेलवे का वास्तविक यात्री नहीं था। इस मामले में मोड़ तब आया जब बेंच के समक्ष रेलवे की तरफ से बताया गया कि परिवार ने जो रेल टिकट दिखाया है, उसके मुताबिक जिस ट्रेन में वह यात्रा कर रहा था वो शाम को दिल्ली पहुंचती है, जबकि घटना रात को हुई। बेंच ने कहा कि बेशक ट्रेन का अपने स्टेशन पर पहुंचने का समय तय होता है, लेकिन कितनी ट्रेन अपने सही समय पर अपने गंतव्य पर पहुंचती हैं। बेंच ने रेलवे से घटना वाले दिन संबंधित रेल का दिल्ली पहुंचने का समय मांगा। लेकिन रेलवे उसका समय देने में असमर्थ रहा। बेंच ने कहा कि मृतक के रेल यात्री होने की वास्तविकता टिकट और घटनास्थल पर मौजूद अन्य यात्रियों की गवाही से हो रही है। हाईकोर्ट की बेंच ने इस मामले में रेलवे को कहा है कि वह पीड़ित परिवार को 8 लाख रुपये का मुआवजा दें। साथ ही दुर्घटना की तारीख से मुआवजे के भुगतान तक के बीच का 12 फीसदी का ब्याज भी पीड़ित परिवार को दिया जाए।

## बेटी पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था सौतेला पिता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद में सौतेले पिता द्वारा नाबालिग बेटी पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने का शर्मनाक मामला सामने आया है। इस संबंध में आरोपी की पत्नी ने ही पुलिस में केस दर्ज कराया है। महिला के मुताबिक, आरोपी ने बेटी का रेट तय करते हुए संबंध बनाने पर रुपये देने का लालच दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर कर लिया है। मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के गोविंदपुरम इलाके में रहने वाली महिला का कहना है कि उसका पहले पति से तलाक हो गया था। पहले पति से उसकी एक 14 वर्षीय बेटी है। इसके बाद उसका दूसरा निकाह सत्तार के साथ हुआ। आरोप है कि निकाह के बाद से ही सत्तार उसकी बेटी पर गलत नजर रखने लगा था। वह न सिर्फ उसके साथ छेड़छाड़ करता था, बल्कि उस पर शारीरिक संबंध बनाने का भी दबाव डालता था। महिला के मुताबिक, बेटी ने सौतेले पिता की करतूत मां को बताई तो उसने उसका विरोध किया। आरोप है कि इसको लेकर सत्तार घर में विवाद रखने लगा। परिवार को विवाद में उलझाकर सत्तार उनकी बेटी के पीछे पड़ गया। बेटी ने विरोध किया तो वह उसे बदनाम करने की धमकी देने लगा। महिला का कहना है कि उसने पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी तो आरोपी उसकी बेटी के अश्लील फोटो बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगा।

# 60 की स्पीड वाली हवाओं संग बारिश के आसार




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी और लू का सामना कर रही राजधानी दिल्ली में आज मौसम बदलने से लोगों को थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और शाम या रात तक बहुत हल्की से हल्की बारिश या गरज के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। आज अधिकतम तापमान 43-45 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार, 13 जून से लू की तीव्रता कम होने की उम्मीद है, जिससे 'रेड अलर्ट' की जगह 'ऑरेंज अलर्ट' ले सकता है। वहीं, दिल्ली में 14-17 जून तक तापमान में गिरावट से पारा 37-42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है और हल्की से मध्यम स्तर की बारिश के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। इससे गर्मी से जुड़ी दिक्कतें भी कम हो सकती हैं।

आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने कहा, ''गुरुवार तक भीषण गर्मी जारी रहने की उम्मीद है। 13 जून की रात से पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है, जिससे दिल्ली में हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं।''

बता दें कि, दिल्ली इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है और तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इसके मद्देनजर आईएमडी ने दिल्ली के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। आईएमडी के अनुसार, बुधवार को दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस से 45.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। शाम 5:30 बजे आयानगर 45.0 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहा, इसके बाद पालम में 44.5 डिग्री सेल्सियस, रिज क्षेत्र 43.6 डिग्री सेल्सियस, पीतमपुरा 43.5 डिग्री सेल्सियस, लोदी रोड 43.4 डिग्री सेल्सियस, मयूर विहार 40.9 डिग्री सेल्सियस और सफदरजंग में 43.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आईएमडी की बुलेटिन में कहा गया है कि ये तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस अधिक हैं, जिससे 12 जून तक लगातार लू चलने की संभावना है।

'रेड अलर्ट' उच्चतम स्तर की चेतावनी है जिसके तहत निवासियों को 'कदम उठाने', पानी पीते रहने, सीधे धूप में निकलने से बचने और दोपहर के वक्त बाहरी गतिविधियां कम करने की सलाह दी जाती है।

# अमेरिका के खिलाफ अल कायदा की खुली जंग, किल लिस्ट में ट्रंप-मस्क की हत्या का खुला ऐलान!

**वाशिंगटन , एजेंसी।** वैश्विक आतंकवादी संगठन अल कायदा के अरब प्रायद्वीप के नए सरगना साद बिन अतेफ अल-अवलाकी ने दुनिया भर में सनसनी फैला दी है। उसने एक नया प्रोपेगेंडा वीडियो जारी कर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, मौजूदा उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, और मशहूर अरबपति कारोबारी एलन मस्क की हत्या का खुलेआम आह्वान किया है। तीन मिनट की इस क्लिप का नाम Inciting the Believers है। इसमें अवलाकी ने अमेरिका के मुसलमानों से अपील की कि वे बिना किसी से पूछे काफिर अमेरिकियों को मारें। उसका आरोप है कि ये सभी अमेरिकी नेता और अरबपति इजरायल का समर्थन कर रहे हैं, जो गाजा में फिलिस्तीनियों के खात्मे में शामिल है।

अवलाकी ने अपनी अपील में




अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, और मस्क जैसे टेक टाइकून को विशेष रूप से निशाना बनाने को कहा। उसने न केवल इन व्यक्तियों को, बल्कि उनके परिवारों और करीबियों तक को निशाना बनाने की बात कही। उसने अपने समर्थकों से कहा-उन सभी का पीछा करो जो व्हाइट हाउस के करीब हैं। अब कोई रेड लाइन नहीं बची है। गाजा के हालात का बदला लो।अल कायदा ने यह धमकी उस समय दी है जब गाजा में इजराइली हमलों में हजारों नागरिक मारे जा चुके हैं। इस आतंकवादी प्रचार में कहा गया कि यहूदियों के लिए एक भी सुरक्षित जगह नहीं बचनी चाहिए, और फिलिस्तीनियों के लिए कोई घर, कोई राहत नहीं बचा तो अमेरिका को भी इसकी कीमत चुकानी होगी। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग ने इस आतंकी सरगना अल-अवलाकी पर 6 मिलियन डॉलर का इनाम रखा हुआ है। मार्च 2024 में उसने , ग्रुप की कमान संभाली थी। उसने यह भी दावा किया कि ट्रंप के खिलाफ हुए पिछले हत्या प्रयासों की वह प्रशंसा करता है।

# अमेरिका के ओरेगन जंगलों में आग बेकाबू

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के ओरेगन में बुधवार को वन अग्नि के कारण सैकड़ों घरों को खाली करने के आदेश दिए गए और कोलंबिया रिवर गॉर्ज में हर तरफ धुआं होने से दृश्यता घटने के चलते एक अंतरराज्यीय मार्ग के 32 किलोमीटर हिस्से को बंद करना पड़ा। ओरेगन परिवहन विभाग ने बताया कि 'हुड रिवर और 'द डेल्स के बीच 'इंटरस्टेट-84 को बंद कर दिया गया है। पोर्टलैंड से लगभग 89 किलोमीटर पूर्व में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल 'हुड रिवर' में लगभग 8,000 लोगों की आबादी है और द डेल्स में 15,000 से अधिक लोग रहते हैं। विभाग के प्रवक्ता डेविड हाउस ने एक ईमेल में बताया कि अंतरराज्यीय मार्ग अनिश्चित काल के लिए बंद रहेगा। वास्को काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार डेल्स के उत्तर-पश्चिम में आई-84 और अंतर्देशीय क्षेत्र के एक इलाके के 700 से अधिक घरों को खाली करने के आदेश दिए गए है और 1,352 से अधिक घरों को खाली करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।



# नेपाल में दो मामलों में आठ भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में बुधवार को दो अलग-अलग मामलों में आठ भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया गया। पहले मामले में आभूषणों के अवैध कारोबार की सूचना पर नेपाल पुलिस ने न्यू रोड पर भारतीय नागरिकों द्वारा संचालित मुन्ना जेम्स एंड ज्वेलर्स में छापा मारा। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान हरिबोर शेख (43 वर्ष), सुरजीत दास (39 वर्ष), तमोल सदरा (40 वर्ष) और एक 16 वर्षीय लड़के के रूप में हुई है। सभी मूलरूप से कोलकाता के रहने वाले हैं। अभी काठमांडो मेट्रोपॉलिटन सिटी में रह रहे हैं। एसएसपी बिश्वो अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के पास से दो करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के आभूषण और अन्य कीमती पत्थर बरामद हुए हैं। दूसरी ओर नेपाल पुलिस ने काठमांडू के बाहरी इलाके में ग्रांडी अस्पताल के पास सुंधरा से दो भारतीय नागरिकों और तोखा से दो भारतीय नागरिकों को 200 ग्राम ब्राउन हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। तोखा से गिरफ्तार दो आरोपियों की पहचान पश्चिम बंगाल के शशिक आलम (40 वर्ष) और बिहार के मोहम्मद आलम (20 वर्ष) के रूप में हुई है। गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर हमला करने के कारण दोनों को गोली लगी है।

# 6500 किमी की यात्रा, राजाओं की तरह स्वागत; घोड़े पर सवार होकर मक्का पहुंचे हज यात्री

**मक्का , एजेंसी।** इस वर्ष हज के लिए सऊदी अरब पहुंचे 15 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों में से सिर्फ तीन ऐसे थे जिन्होंने यह यात्रा घोड़े की पीठ पर तय की। वह भी स्पेन से मक्का तक लगभग 4,000 मील का सफर पूरा कर तीनों हज के लिए पहुंचे। तीनों स्पेनिश मुस्लिम तीर्थयात्री अब्देलकादेर हर्कासी आइदी, अब्दुल्ला राफाएल हर्नान्देज मानचा और तारिक रोड्रिग्ज ने इस ऐतिहासिक यात्रा को हज ऑन हॉर्सबैक नाम दिया है।

इस अनोखी यात्रा की तैयारी में चार साल लगे, जिसमें घोड़े पालने, अभ्यास यात्रा करने और फंड इकट्ठा करने जैसे कई चरण शामिल थे। उन्होंने अक्टूबर 2024 में दक्षिणी स्पेन से घोड़े लेकर प्रस्थान किया और 12 देशों से होते हुए मक्का पहुंचे। रास्ते में इटली के बर्फीले टनलों, बोस्निया के बारूदी सुरंगों से भरे इलाकों, और सीरिया के युद्ध प्रभावित क्षेत्रों से गुजरते हुए उन्हें कई जानलेवा कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस यात्रा को सोशल मीडिया पर जबरदस्त लोकप्रियता मिली। 345,000 से ज्यादा



इंस्टाग्राम फॉलोअर्स, 250,000 से अधिक टिकटॉक फॉलोअर्स और 5.5 लाख से अधिक व्यूज हैं। कई लोग उनकी मदद के लिए आगे आए। लोगों ने खाना, रहने की जगह और आर्थिक सहायता दी। एक अमेरिकी कलाकार ने उनके लिए अरबी शैली में एक प्रतीक चिन्ह भी डिजाइन किया।

हर देश में सीमाओं पर परेशानी हुई। घोड़ों को अलग करना पड़ा। स्थानीय घोड़े उधार लेने पड़े। कभी-कभी अधिकारियों की अनुमति लेना कठिन हो गया। फिर भी हर देश में मिले सामान्य लोगों के स्नेह और मदद ने उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दिया।

**मक्का पहुंचने पर हुआ स्वागत:** सऊदी अरब में अधिकारियों ने इन तीर्थयात्रियों का स्वागत राजाओं की तरह किया। मक्का पहुंचने के बाद उन्होंने लिखा, शब्दों में वह भावना नहीं समा सकती जो हमें यहां खड़े होकर महसूस हो रही है। हम प्रार्थना करते हैं कि हर मुसलमान को यह अवसर प्राप्त हो। अब यह तीर्थयात्री अपनी इस यात्रा पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी बनाने की योजना बना रहे हैं।

# बीएसएल में 'रुबरु' कार्यक्रम का आयोजन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल की महिला अधिकारियों के लिए निदेशक प्रभारी, बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ 'रुबरु' नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन बोकारो निवास में आयोजित किया गया. 'अपनी पसंद, महत्वाकांक्षा, विकास और करियर के माध्यम से खुद को सशक्त बनाना' की थीम पर आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में बीएसएल के 60 महिला अधिकारी शामिल रहीं. इस संवाद कार्यक्रम के आरम्भ में एक लघु फिल्म के माध्यम से देश की अग्रणी भू-तकनीकी इंजीनियर तथा वर्तमान में आईआईएससी, बेंगलुरु में प्रोफेसर डॉ. जी माधवी लता का चिनाब ब्रिज के निर्माण में उनकी भूमिका, व्यक्तिगत चुनौतियाँ तथा अनुभवों को साझा किया गया. प्रोफेसर डॉ. जी माधवी लता की उपलब्धियों की पृष्ठभूमि में निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने प्रतिभागियों से कहा कि महिलाएँ देश और समाज की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान कर रहीं हैं और हर चुनौतीपूर्ण कार्य करने में सक्षम है. उन्होंने महिला अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस्पात उद्योग में भी महिलाएँ अपनी पहचान बना चुकी हैं तथा उन्हें सभी बाधाओं को तोड़ने और चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए हमेशा तैयार रहने की जरूरत है. उन्होंने ज्ञानार्जन एवं विकास की अहमियत को रेखांकित करते हुए सभी को सीखने के अवसरों का भरपूर लाभ उठाने, ज्ञानार्जन द्वारा सेल्फ डेवलपमेंट, बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने तथा डिजिटलाइजेशन एवं एआई के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास से अवगत होने पर बल दिया. परिचर्चा खंड में प्रतिभागियों ने भी इस विषय से सम्बंधित अपने विचार साझा किए. कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की वरीय प्रबंधक प्रीति कुमारी ने किया. कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास तथा मुख्य महाप्रबंधक (एच आर - एल एंड डी) नीता बा भी उपस्थित थे।




**बोकारो प्राईवेट आईटीआई में कैंपस रिक्रूटमेंट-सह-प्लेसमेंट ड्राइव-2025 का आयोजन**

बीएसएल के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत, बोकारो इस्पात शैक्षणिक न्यास द्वारा संचालित बोकारो प्राईवेट आईटीआई में आज दिनाँक 12 जून को कैंपस रिक्रूटमेंट-सह-प्लेसमेंट ड्राइव-2025 का आयोजन किया गया. इस ड्राइव का उद्देश्य स्थानीय बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगारपरक कौशल से सशक्त बनाना है. कैंपस रिक्रूटमेंट-सह-प्लेसमेंट ड्राइव-2025 के अंतर्गत कर्नाटक के कोलार स्थित होंडा मोटरसाइकल स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 110 प्रशिक्षुओं में से 82 प्रशिक्षुओं का चयन किया. चयनित प्रशिक्षुओं को ऑफर लेटर बीएसएल के संपर्क एवं प्रशासन के महाप्रबंधक सह संस्थान के सचिव सीआरके सुधांशु और बीएसएल के वित्त एवं लेखा के महाप्रबंधक सह संस्थान के कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र, तथा सभी आईटीआई कर्मियों की उपस्थिति में प्रदान किए गए. बोकारो प्राईवेट आईटीआई का कैंपस रिक्रूटमेंट-सह-प्लेसमेंट ड्राइव-2025 भविष्य में होंडा, स्पार्क मिंडा, एक्साइड और टीवीएस जैसी कई बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों को भी कैंपस रिक्रूटमेंट-सह-प्लेसमेंट ड्राइव के लिए बुलाने की तैयारी कर रहा है. बोकारो प्राईवेट आईटीआई में 2025-27 सत्र के लिए कुल 140 सीटों (इलेक्ट्रीशियन-40, फिटर-40, और वेल्डर-60) पर नामांकन प्रक्रिया मई 2025 से शुरू हो गई है, जो 20 जून, 2025 तक चलेगी. प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक कौशल विकास प्रदान किया जाता है, जिसमें संयंत्र में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग भी शामिल है. विदित हो कि बोकारो प्राईवेट आईटीआई बोकारो इस्पात शैक्षणिक न्यास के तहत संचालित होता है, जो बोकारो इस्पात लिमिटेड की एक सीएसआर पहल है. यह स्थानीय युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रदान करने पर केंद्रित है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ती है और सामुदायिक विकास में योगदान होता है.

## सांसद ढुल्लू महतो के खिलाफ रंगदारी की शिकायत, एसएसपी के निर्देश पर जांच शुरू

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कोयलांचल की राजनीति एक बार फिर गर्मा गई है। सांसद ढुल्लू महतो पर डीओ होल्डर कन्हाई चौहान ने कोयला लोडिंग में रंगदारी मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। कन्हाई चौहान ने साफ शब्दों में कहा कि वह किसी भी कीमत पर रंगदारी नहीं देंगे, चाहे इसके लिए उन्हें आर्थिक नुकसान ही क्यों न उठाना पड़े। कन्हाई चौहान की शिकायत के बाद धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बरोरा और बाघमारा थाना प्रभारियों को तत्काल एफआईआर दर्ज करने और जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। इस प्रकरण ने जिले की राजनीतिक सरगर्मी को और तेज कर दिया है। कोयला क्षेत्र में वर्षों से चल रही रंगदारी की शिकायतों के बीच यह मामला बेहद संवेदनशील माना जा रहा है। अब देखना यह होगा कि पुलिस जांच में क्या निष्कर्ष सामने आते हैं और सांसद ढुल्लू महतो इस आरोप पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं। फिलहाल प्रशासन की सख्ती और एसएसपी के निर्देश से यह स्पष्ट हो गया है कि इस मामले की अनदेखी नहीं की जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जेसीआई बोकारो जज्बा द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम देश की सेवा में समर्पित वीर सपूतों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हेतु आयोजित किया गया। इस अवसर पर जेसीआई बोकारो जज्बा की अध्यक्ष मंजीत सलूजा, सचिव विनीता कुमार, एवं सदस्यगण सुजाता, रानीराज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में पूर्व सैनिक राकेश मिश्रा और चंद्रिका तिवारी, जो 1965 और 1972 के युद्धों में देश की रक्षा कर चुके हैं, को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जेसीआई के प्रतिनिधियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हैं और युवाओं को प्रेरित करते हैं।

### मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विमान दुर्घटना पर दुख जताया, अपने सभी कार्यक्रमों को किया रद्द



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्र में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर कई कार्यक्रमों में भाग लेने आज धनबाद पहुंची केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया। साथ ही उन्होंने अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर दुख प्रकट किया। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि घटना काफी दुखद है। इस घटना पे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद अपनी नजर बनाए हुए है। साथ ही गृह मंत्री और उड्डयन मंत्री अहमदाबाद के लिए रवाना हो चुके है। गुजरात सरकार भी राहत कार्य मे जुटी है। उन्होंने बताया कि जैसी सूचना मिल रही है उसके अनुसार पैसेंजर्स की लिस्ट में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का नाम भी शामिल है। उन्होंने बताया कि घटना की पूरी जांच की जाएगी, लेकिन अभी राहत और बचाव कार्य ज्यादा जरूरी है, जिसपर केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर लगी है।

### डीडीसी ने तालाबों की सूची 15 दिनों में उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार अमृत सरोवर फेस 2 को लेकर आज उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले में जीर्णोद्धार की जरूरत वाले सभी तालाब के सर्वेक्षण को लेकर बैठक की। उप विकास आयुक्त ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जल संरक्षण के लिए जिला में सरकारी भूमि पर निर्मित सामुदायिक सिंचाई तालाबों का जिर्णोद्धार, मत्स्य पालन के लिए सामुदायिक तालाबों का निर्माण व पुराने तालाबों के जिर्णोद्धार की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने सर्वे कराकर प्रखंड, पंचायत, ग्राम एवं तालाब का नाम, तालाब का प्रकार, रकवा, खाता एवं प्लॉट नंबर सहित तालाब का जियो टैग फोटो 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी तथा तकनिकी विशेषज्ञ जलछाजन को दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीआरडीए के प्रोजेक्ट ऑफिसर मनोज कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



### विधायक ने किया बीज वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने आज तोपचांची प्रखंड के ब्रहमडिहा पैक्स में बीज वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसमें मुख्य रूप से पैक्स के अध्यक्ष गिरजा प्रसाद, उपाध्यक्ष अजित सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी तोपचांची, पैक्स के प्रबंधक मुकेश मुखर्जी एवं स्थानीय किसान उपस्थित थे। गौरतलब है कि नोडल पैक्स राजगंज द्वारा खरीफ मौसम - 2025 में कुल 1250 क्विंटल धान बीज राष्ट्रीय बीज निगम, नई दिल्ली से उठाव किया गया है। जिसे जिले के विभिन्न प्रखंडो के 46 पैक्सों में आवंटन कर दिया गया है। सभी प्रखंड के पैक्स में जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में अनुदानित दर पर बीज वितरण का उद्घाटन किया जा रहा है। सभी बीज वितरण केन्द्र पर प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं जनसेवक को प्रभारी पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है।



### बोकारो उपायुक्त का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया, आमजन रहे सतर्क

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के नाम एवं प्रोफाइल फोटो से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर विभिन्न प्रकार के पोस्ट किए जा रहे हैं। इस संबंध में उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा ने आमजनों को सतर्क किया है। उक्त मामला साइबर फ्रॉड से संबंधित है। ऐसे फेक फेसबुक आईडी, किसी अन्य अनाधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट या फोन नंबर से पैसे मांगे जाने या अन्य प्रलोभन के संबंध में कोई कॉल या संदेश आता है तो ऐसे फर्जी अकाउंट को ब्लॉक कर दे एवं अकाउंट से कोई संदिग्ध मैसेज या लिंक मिले तो उसे नहीं खोलें। उन्होंने कहा कि यदि आपकी निजी जानकारी का दुरुपयोग हुआ हो या आर्थिक नुकसान हुआ हो तो राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर अथवा स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उक्त मामले की जानकारी जिला पुलिस को दी गई है। पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# उपायुक्त ने समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**पब्लिक शौचालयों की साफ-सफाई करने एवं हाइजीन सुनिश्चित करने को सफाई कर्मी प्रतिनियुक्ति करें**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित तल्लों पर स्थित विभिन्न कार्यालयों -शाखा एवं आस-पास के कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उपायुक्त ने पहला तल्ला स्थित गोपनीय कार्यालय कक्ष, डीसीएलआर, डीटीओ, डीएमएफटी पीएमयू सेल, राजस्व पीएमयू सेल, डीडीएमओ कक्ष, एडीडीएस कक्ष, खेल पदाधिकारी कक्ष, अपर समाहर्ता कक्ष एवं दूसरा तल्ला स्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी कक्ष, राजस्व शाखा, कल्याण शाखा, भू अर्जन पदाधिकारी कक्ष, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कक्ष, विधि शाखा एवं नीचला तल्ला स्थित उप विकास आयुक्त कार्यालय कक्ष, डीआरडीए शाखा, निदेशक डीआरडीए कक्ष, जिला पंचायती राज पदाधिकारी कार्यालय कक्ष, नजारत कार्यालय एवं पंचायती राज कार्यालय, डीएसडब्ल्यूओ कक्ष का जायजा लिया। वहीं, समाहरणालय समीप स्थित एमवीआइ कक्ष, जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, उद्योग कार्यालय, झारनेट, पलाश मार्ट आदि का भी निरीक्षण किया।

**रंग- रोहन, व्यवस्थित दस्तावेजों के रख -रखाव, नियमित साफ-सफाई करें**

इस क्रम में उपायुक्त ने विभिन्न कार्यालयों की मरम्मति करने, रंग रोहन का कार्य करने, दस्तावेजों - फाइल के व्यवस्थित तरीके से रखने को लेकर भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने एक बेहतर आफिस कल्चर निर्माण को लेकर कार्यालय को व्यवस्थित रखने - सुंदर लूक देने, आवश्यकता अनुरूप पर्याप्त रौशनी, पंखें आदि की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने विशेष कार्य पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता को इस बाबत जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

**पब्लिक शौचालयों की साफ -सफाई के लिए कर्मी करें प्रतिनियुक्त**

समाहरणालय स्थित विभिन्न तल्लों पर स्थित पब्लिक शौचालयों की नियमित साफ - सफाई का उपायुक्त ने निर्देश दिया। नजारत उप समाहर्ता को कार्यरत एजेंसी को शौचालय की हाइजीन को पूरे कार्यालय अवधि सुनिश्चित करने को कहा। ताकि यहां आने वालें आमजनों को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने सभी पुरूष - महिला शौचालय के लिए पुरूष-महिला सफाई कर्मी की प्रतिनियुक्ति करने को कहा।

**एक बेहतर आफिस कल्चर निर्माण करें,पर्याप्त रौशनी, पंखें आदि की व्यवस्था करें**

निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने एक बेहतर आफिस कल्चर निर्माण करने को कहा। उन्होंने कार्यालय को व्यवस्थित रखने - सुंदर लूक देने, आवश्यकता अनुरूप पर्याप्त रौशनी, पंखें, एसी आदि का अधिष्ठापन का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित भवन प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता को प्राक्कलन तैयार करने को कहा। वहीं, सभी कार्यालयों में विद्युत तार को सुव्यवस्थित करने, सभी कार्यालयों/ फ्लोर पर एमसीबी का अधिष्ठापन का निर्देश दिया।

**दिव्यांग सुविधा केंद्र को शुरू करें, चालक-गार्ड रेस्ट रूम को सुदृढ़ करें**

निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर स्थित दिव्यांग सुविधा केंद्र को शुरू करने के लिए सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को जरूरी दिशा - निर्देश दिया। वहीं, चालक -गार्ड रेस्ट रूम की भी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कार्य करने को कार्यपालक अभियंता को प्राक्कलन तैयार करने को कहा। उन्होंने परिसर में पार्किंग की व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित करने, अधिकारियों के वाहनों एवं आने वाले आमजनों के वाहनों की पार्किंग स्थल चिन्हित करने को कहा।

**उद्योग विभाग/झारनेट के सर्वर रूम को व्यवस्थित करें**

निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने उद्योग विभाग/झारनेट कांफ्रेंस हाल में गंदगी, बेतरतीब तरीके से तारों का जंजाल देख नाराजगी जताई। उन्होंने झारनेट प्रभारी, कार्यपालक अभियंता को अन्य सर्वर रूम को देख इसे व्यवस्थित करने, कांफ्रेंस हाल को सुव्यवस्थित करने आदि का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अगली बार आने पर ऐसी व्यवस्था नहीं रहे, इसे सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों/कार्यालय प्रधानों को कार्यालयों की नियमित साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। इसे सभी गंभीरता से लें, कोई लापरवाही नहीं हो। मौके पर जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी, सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर चलाया अभियान



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला धावा दल द्वारा सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गोविन्दपुर थाना अंतर्गत शाही मुरादाबादी चिकन बिरयानी की दुकान से तीन बाल श्रमिकों का रेस्क्यू किया गया। तीनों बाल श्रमिकों को नियोजक द्वारा बहुत ही कम मजदूरी में काम कराया जा रहा था। तीनों बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति धनबाद में प्रस्तुति के बाद सहयोग विलेज चास बोकारो आवासित के लिए भेजा गया। इन तीनो बाल श्रमिक में दो जामताड़ा जिला एवं एक नवादा जिला बिहार के रहने वाले है । सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने कहा कि आज विश्व बाल श्रम प्रतिनिषेध दिवस है हम सभी को धनबाद जिला से बाल श्रम मुक्त जिला बनाने के लिए शपथ लेने कि आवश्यकता है, आज तीन बाल श्रमिकों को विमुक्त किया गया है, नियोक्ता पर बाल श्रम निषेध अधिनियन एवं अन्य धाराओं के साथ मामला दर्ज किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अगर किसी होटल, गैराज, प्रतिष्ठान, ढाबों पर बालश्रमिक नियोजित पाए जाते हैं तो संबंधित प्रतिष्ठान के नियोजक पर बालश्रम से संबंधित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। साथ ही साथ बीस हजार रुपए से लेकर पचास हजार रुपए दंड वसूला जा सकता है और छः माह से लेकर दो वर्ष तक सजा या दोनों हो सकती है। धावा दल के सदस्य एवं झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के निदेशक शंकर रवानी ने कहा कि धनबाद जिला को बाल श्रम मुक्त जिला बनाने के लिए हमारी संस्था सघन कार्य कार्य कर रही है पुरे जुन माह बाल श्रम विमुक्त अभियान चलाया जाएगा। उक्त अवसर पर धावा दल में सहायक श्रम आयुक्त प्रवीण कुमार, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी, जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, सीता कुमारी, श्रम विभाग के उत्तम मंडल,मन्नु कुमार, अमन कुमार बाल संरक्षण पदाधिकारी ईकाई से, कृपा शंकर महतो चाइल्ड लाइन, सुनील कुमार बाउरी, बिनोद कुमार सिंह,दीनानाथ पांडेय, मिथिलेश कुमार साव आदि मौजूद थे।

## फिरौती के लिए दोस्त ने ही कर दी दोस्त की हत्या

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर में एक ऐसी घटना घटी है जिसने दोस्ती के रिश्ते को बदनाम कर दिया है। 25 लाख रुपए की फिरौती के लिए एक युवक ने अपने ही दोस्त का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। घटना के 36 घंटे के भीतर बोकारो पुलिस ने हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या की गुत्थी का खुलासा कर दिया है। बोकारो एसपी के द्वारा गठित एसआईटी टीम ने युवक को अपहरण के बाद हत्या की गुत्थी को सुलझाया है। इस मामले में मृतक देवाशीष कुमार के दोस्त अमन कुमार वत्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर गैमन कॉलोनी के एक घर से जमीन के अंदर गाड़े गए युवक के शव को बरामद कर लिया है। मौके से मृतक का मोबाइल कपड़ा चप्पल शराब की बोतल और जमीन में गाड़ने के लिए इस्तेमाल किया गया लोहे का सब्बल को भी बरामद किया गया है।बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि कल सुबह अपहृत युवक की मां ने बोकारो स्टील सिटी थाने में बेटे के अपहरण का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर और शव बरामद किया। एसपी ने बताया कि दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे और दोस्त भी थे। आरोपी अमन कुमार वत्स ऑनलाइन साइबर फ्रॉड करता था। साइबर फ्रॉड से उसके अकाउंट में कुछ पैसे आए थे। साइबर पुलिस ने उसके एकाउंट को फ्रिज कर दिया था। उसने अपने दोस्त देवाशीष को घर से फोन कर बुलाया। उसके बाद उसे गेमन कॉलोनी स्थित अपने आवास में ले जाकर शराब पिलाई। जब वह नशे में हो गया तो उसका गला दबाकर हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि मृतक को इतना अधिक शराब पिला दिया था कि वह अपना बचाव भी नहीं कर पाया। उसके शव को जमीन में गाड़ दिया। उसके बाद 25 लाख की फिरौती के लिए उसने मृतक का वीडियो भी बनाया और परिजनों से पैसे की मांग की। लेकिन वह उसमें कामयाब नहीं हो सका। अमन चाहता था कि फिरौती की रकम लेकर वह फ्रिज अकाउंट को खुलवा लेगा। एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि यह एक अफसोस जनक घटना है। युवा आसानी से पैसा कमाने के चक्कर में और नशे के लत के कारण इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे हैं।



## उपायुक्त ने की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज 15 जून से शुरू होने वाले धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि इस दौरान धनबाद के विभिन्न प्रखंडों में चिन्हित गांवों में आदिवासी समुदायों को अभियानों के माध्यम से योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेंगे। शिविर के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार को आधार कार्ड, बैंक खाता, स्वास्थ्य कार्ड, गैस कनेक्शन आदि प्रदान करेंगे। आदिवासी युवाओं को स्थाई वकालत और नेतृत्व विकास के लिए प्रशिक्षित करेंगे। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति का भी गठन किया गया। जिसमें उप विकास आयुक्त, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, सिविल सर्जन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालिका अभियंता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला कौशल विकास पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी तथा जिला मत्स्य पदाधिकारी सदस्य रहेंगे। जबकि जिला कल्याण पदाधिकारी इसके संयोजक रहेंगे। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आगामी 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न गांवों में चलेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बाल श्रम मुक्त बोकारो जिला बनाने का लिया संकल्प

**विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित पीएम श्री उच्च विद्यालय बहादुरपुर में सहयोगिनी द्वारा विश्व बाल मजदूरी निषेध दिवस मनाया गया। एक्सेस टू जस्टिस, जिला बाल संरक्षण इकाई, बोकारो के सहयोग से सहयोगिनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक सन्नी कुमार ने बताया कि बाल श्रम निषेध दिवस हमें याद दिलाता है , कि बच्चों का सही स्थान स्कूल है, न कि कामकाजी स्थल। हमें बाल श्रम की गंभीर समस्या को उजागर कर इसे खत्म करने के लिए प्रयास करने के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने 2002 में इस दिवस की शुरूआत की और तब से यह हर साल 12 जून को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि गरीबी और अन्य सामाजिक-आर्थिक कारक बच्चों को बाल श्रम में धकेलने का कारण बनते हैं। बाल श्रम बच्चों के विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि बाल श्रम को खत्म करने के लिए जागरूकता फैलाना, कानूनी उपाय करना, और बच्चों के लिए शिक्षा और अन्य सामाजिक सेवाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। सहयोगिनी के समन्वयक रवि कुमार रायबने बताया कि बच्चे को हानिकारक कारखाना, खान, तंबाकू फैक्ट्री, माइंस, गैरेज आदि में काम नहीं कराया जा सकता है । सहयोगिनी द्वारा बोकारो जिले में बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह तथा बाल यौन हिंसा के खिलाफ सघन रूप से कार्य किया जा रहा है। नीति आयोग भारत सरकार के अमर कुमार ने बाल मजदूरी अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अगर कोई बच्चे से बाल श्रम का कार्य कराया जाता है, तो जिला टास्क फोर्स तथा चाइल्ड लाइन 1098 में कॉल कर-के बच्चे को बाल मजदूरी से बचा सकते हैं। बाल संरक्षण इकाई से अजीत कुमार राणा ने बाल मजदूरी से रेस्क्यू हुए बच्चे का पुनर्वास तथा सरकार की विशेष लालन पालन योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा बच्चे को सरकार की योजना से जोड़ने का कार्य जिला बाल कल्याण समिति तथा जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया जा रहा है। यूनिसेफ के बप्पा मंडल ने फोस्टर केयर के बारे में विशेष जानकारी देते हुए कहा कि वैसे लोग जिसके बच्चे नहीं हैं, वह बाल कल्याण समिति में आवेदन देकर एक साल साल के लिए गोद ले सकते हैं। पालन पोषण के लिए यह योजना 2021 में लागू हुई है। कार्यक्रम समन्वयक कुमारी किरण ने कानूनी प्रावधान का विस्तार पूर्वक जानकारी दिया । कार्यक्रम में सहयोगिनी के अनिल कुमार, सूर्यमणि देवी, सोनी कुमारी, विकास कुमार, सूर्यमणि देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशीष रंजन, सहायक शिक्षक रंजू देवी आदि उपस्थिति थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com

CMYK